@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
सोमवार, 16 सितंबर 2024

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 311 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

# दो दिन बाद दूंगा दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा: सीएम केजरीवाल

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 15 सितंबर। सुप्रीम कोर्ट से आबकारी नीति घोटाले मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल गई। शुक्रवार को केजरीवाल तिहाड़ जेल से बाहर आ गए। शनिवार को केजरीवाल ने पत्नी संग हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की और बजरंगबली का आशीर्वाद लिया। जिसके बाद आज केजरीवाल आप कार्यालय पहुंचे हैं। यहां सीएम आप कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान केजरीवाल ने बड़ा एलान करते हुए कहा कि वे दो दिन बाद सीएम पद से इस्तीफा देंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भगवान का हम सभी के ऊपर बहुत आशीर्वाद रहता है। इसी वजह से हम लोग बड़ी-बड़ी मुसीबतों से लड़कर और जीतकर आते हैं। इसके साथ मैं उन लाखों लोगों का शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने हमारे साथियों के लिए दुआएं की। भाजपा पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि ये लोग जेल भेजकर आम आदमी पार्टी को तोड़ना चाहते थे। जेल में रहकर मेरा हौसला बढ़ा है। जेल से एलजी को पत्र लिखा। एलजी को पत्र लिखने पर मुझे धमकी दी गई। परिवार की मुलाकात रोकने की धमकी दी गई। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा, मैं दो दिन बाद सीएम पद से इस्तीफा देने जा रहा हूं। जब तक जनता अपना फैसला नहीं सुना देती, मैं सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा। उन्होंने कहा कि मैं और मनीष सिसोदिया जनता के बीच जाएंगे। दिल्ली विधानसभा भंग नहीं होगी। मेरी जगह कोई और सीएम होगा। अरविंद केजरीवाल ने कहा, इन्होंने(भाजपा) एक और नया फॉर्मूला बनाया है




जहां जहां ये चुनाव हारे वहां-वहां के मुख्यमंत्री पर फर्जी केस करके गिरफ्तार कर लो और उसकी सरकार गिरा दो। इन्होंने सिद्धारमैया, पिनाराई विजयन, ममता दीदी पर केस कर रखें हैं। ये एक विपक्ष के मुख्यमंत्री को नहीं छोड़ते सभी पर फर्जी केस करके जेल में डालते हैं और सरकार गिरा देते हैं। सीएम ने कहा कि मैं देश के सारे गैर भाजपा मुख्यमंत्रियों से हाथ जोड़ कर विनती करना चाहता हूं अब अगर प्रधानमंत्री फर्जी केस करके आपको जेल में डालें तो इस्तीफा मत देना। किसी हालत में इस्तीफा मत देना, जेल से सरकार चलाना। ऐसा नहीं है कि हम पद के लालची हैं इसलिए क्योंकि हमारे लिए हमारा संविधान जरूरी है जनतंत्र को बचाना जरूरी है। इतनी भारी बहुमत से चुनी सरकार को आप जेल में डालकर कहोगे इस्तीफा दे। अरविंद केजरीवाल ने कहा, कुछ लोग कहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई पाबंदियों के कारण हम काम नहीं कर पाएंगे। यहां तक कि उन्होंने भी हम पर पाबंदियां लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अगर आपको लगता है कि मैं ईमानदार हूं, तो मुझे बड़ी संख्या में वोट दें। मैं चुने जाने के बाद ही मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठूंगा। चुनाव फरवरी में होने हैं। मैं मांग करता हूं कि नवंबर में महाराष्ट्र चुनावों के साथ चुनाव कराए जाएं। चुनाव होने तक पार्टी से कोई और मुख्यमंत्री होगा। अगले 2-3 दिनों में विधायकों की बैठक होगी, जिसमें अगले मुख्यमंत्री पर फैसला होगा। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा, भाजपा देश का सबसे बड़ा राजनीतिक कुचक्र रच रही थी कि एक चुने हुए मुख्यमंत्री और उसकी टीम को जेल में डालो और उसकी पूरी पार्टी को खत्म कर दो। अगर आप सच्चाई के रास्ते पर चल रहे हो तो आप ईश्वर के रास्ते पर चल रहे हो।


## दोषियों की सजा माफ कराने के लिए झूठे बयान दे रहे अधिवक्ता: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, 15 सितंबर। दोषियों की सजा माफी और समय से पहले रिहाई कराने के लिए अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट में झूठे बयान दे रहे हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने कहा कि लगातार इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं। इससे हमारा विश्वास हिल गया है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि पिछले तीन हफ्तों में उसके सामने ऐसे कई मामले आए हैं जहां दलीलों में गलत बयान दिए गए। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि अदालत में सजा में छूट न दिए जाने की शिकायत को लेकर बड़ी संख्या में याचिकाएं दायर की जा रही हैं। पिछले तीन सप्ताह में यह छठा-सातवां मामला हमारे सामने आया है, जिसमें दलीलों में गलत बयान दिए गए हैं। शीर्ष अदालत में पीठ के सामने रोज 60-80 मामले दर्ज होते हैं। जजों के लिए हर मामले के प्रत्येक पेज को पढ़ना संभव नहीं है। फिर भी हर मामले को करीब से देखा जाता है। पीठ ने कहा कि हमारा सिस्टम विश्वास पर काम करता है। जब हम मामलों की सुनवाई करते हैं तो हम बार के सदस्यों पर भरोसा करते हैं। लेकिन जब हमारे सामने इस तरह के मामले आते हैं, तो हमारा विश्वास हिल जाता है। कोर्ट ने कहा कि एक मामले में छूट की मांग के लिए दायर रिट याचिका में न केवल गलत बयान दिए गए हैं, बल्कि अदालत के समक्ष एक गलत बयान दिया गया। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ताओं के तत्कालीन एडवोकेट ने जेल अधिकारियों को संबोधित 15 जुलाई, 2024 के ईमेल में झूठे बयान दोहराए। वकील इस स्थिति से अवगत थे, लेकिन 19 जुलाई, 2024 को एक गलत बयान दिया गया कि सभी याचिकाकर्ताओं सजा की अवधि समाप्त नहीं हुई है। पीठ ने कहा इस मामले में जुर्माना लगाया जाना चाहिए। लेकिन हम याचिकाकर्ताओं को उनके वकीलों द्वारा की गई गलतियों के लिए दंडित नहीं कर सकते। कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया था कि चार याचिकाकर्ताओं ने एक मामले में 14 साल की सजा बिना छूट के काट ली है। जबकि मामले में दिल्ली सरकार ने हलफनामा दायर किया था कि चार में से दो कैदियों ने सजा में छूट पाने के लिए 14 साल की सजा पूरी नहीं की है।

# पीएम मोदी ने वंदे भारत ट्रेनों की दी सौगात

**सौरभ शर्मा**

पटना, 15 सितंबर। आज पीएम नरेंद्र मोदी ने बिहार, झारखंड और यूपी वासियों के तीन नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सौगात दी है। इसको लेकर रेलवे ने सारी तैयारी पूरी कर ली है। यह ट्रेनें गया से हावड़ा, पटना से टाटा और बनारस-देवघर के बीच चलेंगी। प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव समेत कई दिग्गज नेता और रेलवे के वरीय अधिकारी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। पटना, वाराणसी, दीन दयाल उपाध्याय नगर, धनबाद, टाटानगर, देवघर और हावड़ा स्थित रेलवे जंक्शन पर समारोह का आयोजन किया गया है। रेलवे की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल से हावड़ा गया वंदे भारत का संचालन आसनसोल, धनबाद, कोडरमा रूट से होगा। इसी तरह पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर मंडल में नई टाटानगर और पटना के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस मूरी, बोकारा, गया रूट से होगा। वहीं वाराणसी देवघर वंदे भारत एक्सप्रेस पं. दीनदयाल उपाध्याय, गया, नवादा के रास्ते चलाई जाएगी। देवघर वाराणसी और गया से हावड़ा के बीच वंदे भारत रविवार को स्पेशल ट्रेन के रूप में चलाई जाएंगी। इसके बाद 16 सितंबर से दोनों ट्रेनें नियमित रूप से चलेंगी। देवघर-वाराणसी वंदे भारत शाम सात बजे पीडीडीयू जंक्शन पहुंचेगी, जहां स्वागत के बाद हरी झंडी दिखाकर





वाराणसी के लिए रवाना की जाएगी। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए गया, नवादा, किउल के रास्ते वाराणसी और देवघर के बीच अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन का परिचालन शुरू किया जा रहा है। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छह वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई। देवघर-वाराणसी वंदे भारत और गया-हावड़ा वंदे भारत पहले दिन स्पेशल ट्रेन के रूप में चलेंगी। वाराणसी-देवघर वंदे भारत अप और डाउन में मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलेगी। गाड़ी संख्या 22500 वाराणसी से 6:20 बजे खुलकर 7:00 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पहुचेगी। यहां से खुलकर 8:15 बजे सासाराम, 9:25 बजे गया, 10:20 बजे नवादा, 11:30 बजे किउल, 13:15 बजे जसीडीह रुकते हुए 13:40 बजे देवघर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 22499 देवघर से 15:15 बजे खुलकर 15:22 बजे जसीडीह, 16:40 बजे किउल, 17:48 बजे नवादा, 19:10 बजे गया, 20:18 बजे सासाराम और 21:30 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन आएगी। इसके बाद 22:30 बजे यह ट्रेन वाराणसी पहुंचेगी। गया-हावड़ा वंदे भारत 18 सितंबर से नियमित रूप से चलेगी। यह ट्रेन दोनों तरफ से बृहस्पतिवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलेगी। गाड़ी संख्या 22303 हावड़ा से 6:50 बजे खुलकर 8:28 बजे दुर्गापुर, 8:53 बजे आसनसोल, 9:43 बजे धनबाद, 10:13 बजे पारसनाथ एवं 10:58 बजे कोडरमा रुकते हुए

## छत्तीसगढ़ में होगी अब हिंदी में मेडिकल की पढ़ाई

नई दिल्ली, 15 सितंबर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साई ने शनिवार को कहा कि छत्तीसगढ़ में एमबीबीएस पाठ्यक्रम चालू शैक्षणिक सत्र से हिंदी में पेश किया जाएगा। हिंदी दिवस के अवसर पर अपने आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए, साई ने कहा कि उनकी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हिंदी में चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने के दृष्टिकोण को लागू करने में खुश है, जिसे उन्होंने 2022 में उत्तर प्रदेश में एक रैली के दौरान व्यक्त किया था। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने हिंदी दिवस पर एक बड़ा फैसला लिया है। एमबीबीएस पाठ्यक्रम अब हिंदी में भी पढ़ाया जाएगा। इस सत्र (2024-25) से पहले वर्ष में हिंदी में किताबें शुरू की जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग को व्यवस्था करने के लिए कहा गया है। किताबें और अध्ययन सामग्री। उन्होंने कहा, यह कदम पुरानी मैकाले साम्राज्यवादी शिक्षा नीति से हर स्तर पर हमारी शिक्षा नीति को बदलने के प्रयासों का हिस्सा था, उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को छत्तीसगढ़ में पूरी तरह से लागू किया गया है। साई ने जोर देकर कहा, इस कदम से ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को लाभ होगा क्योंकि वे ज्यादातर हिंदी माध्यम के स्कूलों से आते हैं और अंग्रेजी भाषा के उपयोग के कारण प्रतिभाशाली होने के बावजूद मेडिकल पाठ्यक्रमों में कठिनाई का सामना करते हैं। हिंदी में अध्ययन करने से उनकी बुनियादी बातें मजबूत होंगी, उन्हें इसकी गहरी समझ विकसित करने में मदद मिलेगी। विषय बनाएं और उन्हें अच्छे डॉक्टर बनाएं। हिंदी दिवस 14 सितंबर, 1949 को संविधान सभा द्वारा देवनागरी लिपि में लिखी हिंदी को भारत संघ की आधिकारिक भाषा के रूप में नामित करने के ऐतिहासिक निर्णय की याद दिलाता है।

## राहुल गांधी देश का सबसे बड़ा आतंकवादी: रवनीत सिंह बिट्टू

**कौमी संवाददाता**

पटना, 15 सितंबर। कुछ घंटे पहले केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को विभीषण कहा था और अब रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने उन्हें देश का सबसे बड़ा आतंकवादी करार दिया है। बिट्टू बिहार दौरे पर हैं और यह बातें उन्होंने भागलपुर में कही। रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि जो देश के सबसे बड़े वांटेड हैं, जो राहुल गांधी ने बयान दिया है वही बयान पहले वह वांटेड देते थे, जो अभी राहुल गांधी दे रहे हैं। जो गोला बारूद बंदूक बनाने माहिर हैं उन लोगों ने राहुल गांधी के बातों को सराहा है और उनकी बातें राहुल गांधी ने कही है। जो देश के दुश्मन हैं, जो देश को उड़ा देने की कोशिश करते हैं, जहाज को और ट्रेन को उड़ाने की कोशिश करते हैं, जब वह लोग राहुल गांधी के स्कॉट में आ गए तब आप अंदाजा लगा लीजिए कि देश के नंबर वन आतंकवादी का इनाम अगर होना चाहिए,




यह देश की एजेंसी को जो सबसे बड़े आतंकवादी को पकड़ के लाना चाहिए वह आज राहुल गांधी हैं। अमेरिका में राहुल गांधी ने आरक्षण, संविधान और बेरोजगारी सहित कई मुद्दों को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्र सरकार की जमकर आलोचना की। अमेरिका में उनके बयानों पर भारत में जमकर प्रतिक्रियाएं हुई। इस मसले पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा कि कोई भी देशभक्त विदेशी धरती पर जाकर जनता की चुनी गई सरकार पर अभद्र टिप्पणी नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का बयान एक देशद्रोही बयान है। इसलिए उनके ऊपर मुकदमा दर्ज होना चाहिए। फिर उन्होंने राहुल गाँधी को ललकारते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी के रहते किसी राहुल गांधी की हैसियत नहीं कि देश से आरक्षण खत्म कर दे। रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि मेरे ख्याल से राहुल गांधी पहले तो हिंदुस्तानी नहीं हैं। उन्होंने ज्यादा समय भारत से बाहर बिताया है, उनके दोस्त वहां के हैं, उनका परिवार वहां का है। इस तरह से मेरे ख्याल से कहीं ना कहीं इस देश से ज्यादा प्यार नहीं है। क्योंकि बाहर जाकर हर चीज उल्टा पुल्टा बोलना और खास तौर पर अब तो पहले बातें होती थी 2त्र घोटाला आ गया। अब कभी ओबीसी की बात, कभी किसी जाति की बात करते हैं। रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि उनको समझ नहीं है। आज तक वह सीख नहीं सके। आज वह रिक्शा वाले के पास जाते हैं कि हम सीखेंगे कैसे। उनको आज तक पता ही नहीं चला कि मजदूर का दर्द क्या है, मोची का दर्द क्या है, एक बढ़ई का दर्द क्या है, एक मैकेनिक का दर्द क्या है। रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि राहुल गाँधी पहले मुसलामानों को यूज किया और अब सिखों को यूज करना चाहते हैं।

## जब वे जेल में मुख्यमंत्री रह सकते हैं, तो बाहर...: अधीर रंजन चौधरी

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 15 सितंबर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे के एलान पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अगर किसी को लगता है कि इस धोखे से समस्या का समाधान होगा, तो यह समाधान नहीं बल्कि समाधान का एक विकल्प है और उससे ज्यादा यह मुश्किलें पैदा करेगा। हम अच्छी तरह से जानते हैं कि (पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री) ममता बनर्जी कल जिस तरह के हथकंडे चल रहीं थी, उसे बखूबी जानते हैं। केजरीवाल ने हाल ही में एलान किया था कि वे दो दिनों के भीतर मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे देंगे। इस चौधरी ने कहा, यह उनकी इच्छा है। अगर वे जेल में भी मुख्यमंत्री रह सकते हैं, तो बाहर भी रह सकते हैं। और भी मुद्दे हैं, जिन ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि राजनीति में आने वाले समय में गंभीर मुद्दों पर ध्यान देना जरूरी है। मुख्यमंत्री केजरीवाल को आबकारी नीति मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली। कोर्ट ने उन्हें कुछ जरूरी शर्तों के साथ जमानत दी है। जमानत मिलने के बाद कल केजरीवाल



तिहाड़ जेल से बाहर आए। जिसके बाद वह पंत्नी सुनीता केजरीवाल संग कनॉट प्लेस स्थित प्रसिद्ध हनुमान दोपहर पहुंचे और वहां दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आप सांसद संजय सिंह भी सीएम के साथ थे। अरविंद केजरीवाल को सिविल लाइंस स्थित उनके आवास से 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था। 10 दिन की पूछताछ के बाद एक अप्रैल को उनको तिहाड़ जेल भेज दिया गया। बाद में जेल में ही 26 जून को सीबीआई ने इसी मामले में पूछताछ के लिए गिरफ्तार कर लिया। करीब 51 दिन बाद 10 मई को सुप्रीम कोर्ट ने 21 दिन के लिए अंतरिम बेल दी थी। मकसद लोकसभा चुनावों में अपनी पार्टी के लिए प्रचार करने का था। दो जून को केजरीवाल ने सरेंडर कर दिया था। ईडी की गिरफ्तारी के बाद से सीधे अगर शुक्रवार 13 सितंबर को केजरीवाल की रिहाई हो रही होती तो उनको 177 दिन में काटने पड़ते, लेकिन 21 दिन की रिहाई को कम करने से जेल में रहने वाले दिनों की संख्या 156 दिन बैठती है।

## भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा

नई दिल्ली, 15 सितंबर। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले कुछ महीनों से लगातार बढ़ रहा है। इस साल अब तक भारतीय विदेशी मुद्रा भंडार में 66 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है और अभी यह 689.235 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। यह विदेशी मुद्रा भंडार देश की अर्थव्यवस्था को वैश्विक आर्थिक संकटों से बचाने में अहम भूमिका निभाता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से जारी हालिया आंकड़ों के मुताबिक, भारत की विदेशी मुद्रा संपत्ति (एफसीए) अब 604.144 अरब डॉलर के स्तर पर है। यह विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा हिस्सा है। इसके साथ ही, सोने के भंडार की कीमत वर्तमान में 61.988 अरब डॉलर है। अनुमानों के मुताबिक, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अब करीब एक वर्ष की अनुमानित आयात लागत को कवर करने के लिए पर्याप्त है। कैलेंडर वर्ष 2023 में भारत ने अपने विदेशी मुद्रा भंडार में करीब 58 अरब डॉलर की वृद्धि की थी। इसके विपरीत 2022 में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में कुल 71 अरब डॉलर की कमी आई थी। विदेशी मुद्रा भंडार को फॉरेक्स रिजर्व भी कहा जाता है। यह हर देश के केंद्रीय बैंक या मौद्रिक प्रधिकरण द्वारा रखी गईं संपत्तियां होती हैं। ये आमतौर रिजर्व मुद्राओं में रखी जाती हैं, जैसे अमेरिकी डॉलर, यूरो, जापानी येन, पाउंड आदि। आरबीआई विदेशी मुद्रा बाजारों की निगरानी करता है और बाजार की स्थिति व्यवस्थित रखने के लिए दखल देता है। यह बाजार में अस्थिरता को नियंत्रित करने की भी कोशिश करता है। आरबीआई आमतौर पर डॉलर की बिक्री के जरिए लिक्विडिटी प्रबंधन में भी हस्तक्षेप करता है, ताकि रुपये की भारी गिरावट को रोका जा सके।

# मंगेश के बहाने पीडीए को गोलबंद करेगी पार्टी: अखिलेश यादव

**नरेश मल्होत्रा**

लखनऊ, 15 सितंबर। समाजवादी पार्टी सुल्तानपुर डकैती मामले में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए मंगेश यादव के बहाने पीडीए को गोलबंद करेगी। विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर इसे पार्टी की खास रणनीति माना जा रहा है। सपा एनकाउंटर में मारे गए आरोपियों के जातिगत आंकड़े भी गांव-गांव पहुंचाएगी। मंगेश यादव एनकाउंटर पर सपा लगातार सवाल उठा रही है। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव मंगेश यादव के परिजनों से मिलने जौनपुर गए थे। वहीं, शुक्रवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी उनके परिजनों से लखनऊ में मिलकर संदेश देने का काम किया कि इस मामले को अंजाम तक पहुंचाएंगे। इसके साथ ही अखिलेश ने एनकाउंटर में मारे गए आरोपियों के आकड़े भी रखे हैं। सपा अध्यक्षा कहना कहना है कि ये फर्जी एनकाउंटर हैं। इनमें मारे गए 60 फीसदी लोग पिछड़े, अल्पसंख्यक और दलित हैं, जबकि 19 फीसदी में अन्य जातियों के लोग हैं। 21 प्रतिशत का डाटा उपलब्ध नहीं है। सपा सूत्रों का कहना है कि संविधान और आरक्षण के मुद्दों के साथ ही एनकाउंटरों के मुद्दे पर भी सपा आक्रामक ढंग से प्रचार करेगी। इसके लिए सभी जिला व महानगर कमेटियों को निर्देश दे दिए गए हैं। जिले व क्षेत्रवार कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की समीक्षा में भी इस पर जोर दिया जा रहा है सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दिया जवाब, क्यों मिले थे मंगेश यादव के परिवार से इससे पहले, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा था कि यूपी पुलिस फर्जी एनकाउंटर कर रही है। मंगेश यादव को घर से उठाकर मारा गया था। मैं सच्चाई जानने के लिए उनके परिवार से मिला था। उन्होंने आरोप लगाया कि यूपी पुलिस साजिश करने और एनकाउंटर करने का काम कर रही है। पुलिस को दिए गए मंगेश के परिवार के बयान पर उन्होंने कहा कि पुलिस के डर से कोई भी कुछ भी बयान दे सकता है। अखिलेश यादव शनिवार को मीडिया को संबोधित कर रहे थे। सपा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने हिंदी दिवस के अवसर पर साहित्यकारों, कवियों और पत्रकारों को सम्मानित को सम्मानित किया। मालूम हो कि मंगेश सुल्तानपुर लूट का आरोपी था जिसकी पुलिस एनकाउंटर में मौत हो गई थी। अखिलेश यादव लगातार ही इस एनकाउंटर को हत्या बता रहे हैं। उनका आरोप रहा है कि कि मंगेश को उसके घर से उठाकर



उसकी हत्या करी गई है। दूसरी तरफ गुरुवार को यूपी डीजपी ने पत्रकार वार्ता करके मंगेश के एनकाउंटर में शामिल होने के तथ्य दिए। साथ ही बताया कि उसका कैसे एनकाउंटर हुआ। इधर अखिलेश यादव का कहना है कि मंगेश यादव को पुलिस ने घर से उठाकर फर्जी एनकाउंटर में हत्या कर दी। शुक्रवार को मंगेश के शोकाकुल पिता, मां और बहन ने अखिलेश यादव को पुलिस द्वारा उत्पीड़न किए जाने की भी जानकारी दी। अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिया। जौनपुर के गांव अगरौरा थाना बक्सा से आए मंगेश यादव के पिता राकेश यादव, मां शीला देवी और बहन प्रिंसी यादव के ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। सुल्तानपुर के सर्राफ की दुकान पर 28 अगस्त 2024 को लूट हुई थी। 2 सितम्बर 2024 की रात दो बजे पुलिस मंगेश को घर से उठाकर ले गई। 3-4 सितम्बर 2024 को दिन में पुलिस घर आई और कहा कि पूछताछ हो रही है। तुम्हारा लड़का छोड़ दिया जाएगा। 5 सितंबर 2024 को उसकी पुलिस अभिरक्षा में फर्जी एनकाउंटर में हत्या कर दी गई। पुलिस वालों ने कहा जाओ सुल्तानपुर के पोस्टमार्टम हाउस में लाश ले आओ। पीड़ित परिवारीजनों ने बताया कि पुलिस ने जबर्दस्ती दबाव डालकर वीडियों बनाया है जिसमें झूठ के सिवा कुछ नहीं है। जो वीडियो पुलिस प्रसारित कर रही है उसमें दबाव में उनसे मनमाफिक बयान दिलवाया गया है। पूरा गांव सच्चाई बता रहा है। मंगेश को जबरदस्ती अपराधी बताकर पुलिस एनकाउंटर कर वाहवाही लूट रही है।

## मुख्यमंत्री बनने का सपना नहीं: उद्धव ठाकरे

मुंबई, 15 सितंबर। महाराष्ट्र की राजनीति में विपक्षी दलों का गठबंधन- महाविकास अघाड़ी (स्व्क्ष्) भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का दावा कर रहा है। हाल ही में एमवीए सहयोगियों ने मुख्यमंत्री पद के प्रत्याशी को लेकर बयान दिए हैं। कई नेताओं का मानना है कि बिना चेहरे के चुनाव लड़ना चाहिए। ताजा घटनाक्रम में महाविकास अघाड़ी की सरकार में सीएम रहे उद्धव ठाकरे ने कहा, उन्हें मुख्यमंत्री बनने की आकांक्षा नहीं है। उन्होंने पिता बालासाहेब ठाकरे के दौर का जिक्र करते हुए कहा कि उनके पिता ने कभी सत्ता की बागडोर नहीं सभाली, लेकिन उन्हें लोगों का समर्थन हासिल था। उद्धव ने कहा कि अपार जनसमर्थन के कारण उनसे शक्तियां छीन ली गईं। अहमदनगर में पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की मांग कर रहे राज्य सरकार के कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उद्धव ने कहा महाराष्ट्र की जनता उनकी ताकत है। उन्होंने कहा, जब तक आप मेरा समर्थन नहीं करेंगे, तब तक कोई मुझे रिटायर नहीं कर सकता। पूर्व सहयोगी और वर्तमान में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर निशाना साधते हुए उद्धव ने कहा कि जिन लोगों ने अपनी मूल पार्टी और जनता को धोखा दिया, उनका भरोसा नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि वे महायुति (भाजपा+शिवसेना+एनसीपी) की सरकार को उखाड़ फेंकना चाहते हैं। 2019 में पहली बार सीएम बनने की घटना याद कर उद्धव ने कहा, उस समय भी वे मुख्यमंत्री बनना नहीं चाहते थे। जून, 2022 में एकनाथ शिंदे की बगावत के बाद




उद्धव को इस्तीफा देना पड़ा था। गौरतलब है कि उद्धव ठाकरे ने पिछले महीने एमवीए के घटक दलों- राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) और कांग्रेस से कहा था कि एमवीए को सीएम पद का चेहरा चुन लेना चाहिए। हालांकि, दोनों दलों की तरफ से सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली। एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने कहा था कि आगामी विधानसभा चुनावों में एमवीए को अपने सीएम पद प्रत्याशी का नाम घोषित नहीं करना चाहिए।

## बांग्लादेश के पूर्व गृहमंत्री कमाल का बेटा ज्योति गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के पूर्व गृहमंत्री असदुज्जमां खान कमाल के बेटे सफी मुद्दस्सिर खान ज्योति को देररात को ढाका के उत्तरा इलाके से गिरफ्तार किया गया। उनकी गिरफ्तारी आशुलिया थाने में दर्ज एक मामले में की गई है। देश के प्रमुख अखबार ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, ढाका जिला पुलिस अधीक्षक अहमद मुईद ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि कमाल के बेटे ज्योति को रात साढ़े तीन बजे गिरफ्तार किया गया। उसे आज ही अदालत में पेश किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के गठन के बाद अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के करीबी नेताओं और उनके परिजनों की धरपकड़ तेज हो गई है।हालात ऐसे हो गए कि हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर देश छोड़कर भारत आना पड़ा।

## बलूचिस्तान में आदिवासियों की गोलीबारी में दो जवान मारे गए

**क्वेटा।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के मस्तुंग जिले के दरिनगढ़ इलाके में लेवी स्टेशन के पास आदिवासियों के एक समूह की गोलीबारी में लेवी फोर्स के दो जवान मारे गए। इस गोलीबारी में एक वरिष्ठ अधिकारी सहित तीन अन्य घायल हो गए। एक अन्य घटना में, कलात में सड़क किनारे हुए विस्फोट में आठ सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। डॉन समाचार पत्र की खबर के अनुसार, गोलीबारी का कारण एक आदिवासी बुजुर्ग के भाई की गिरफ्तारी बताई जा रही है। इस गिरफ्तारी के विरोध में क्वेटा-नोशकी राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया गया था। इस दौरान लेवी फोर्स के जवानों को निशाना बनाया गया। मस्तुंग के डिप्टी कमिश्नर ने बताया है कि गोलीबारी में दो लेवी कर्मचारियों की जान चली गई। लेवी स्टेशन के एसएचओ सहित तीन अन्य घायल हो गए। घायलों को तुरंत नवाब गौस बख्श रायसानी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया। उल्लेखनीय है बलूचिस्तान पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा से सटा है। बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा शहर बोलन दर्रे के मार्ग पर स्थित है।

## सीरिया के राष्ट्रपति ने नये प्रधानमंत्री की नियुक्ति की

**दमिश्क।** सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद ने मोहम्मद गाजी जलाली को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति के आदेश के अनुसार पेशे से सिविल इंजीनियर और अर्थशास्त्री जलाली (55) को एक नया मंत्रिमंडल बनाने का काम सौंपा गया है। उन्होंने हुसैन अर्नस का स्थान लिया, जो जून 2020 से प्रधान मंत्री थे। श्री अर्नस की सरकार जुलाई में संसदीय चुनावों के बाद अपना कार्यकाल समाप्त होने के बाद से कार्यवाहक भूमिका में कार्य कर रही थी। श्री जलाली इससे पहले 2014 से 2016 तक संचार मंत्री के रूप में कार्य कर चुके हैं। उन्होंने मिस्र में ऐन शम्स विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट और दमिश्क विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में उपाधि प्राप्त की है। श्री जलाली का चयन नई सरकार के गठन पर चर्चा के लिए श्री असद और सीरिया की सत्तारूढ़ बाथ पार्टी के नेताओं के बीच एक बैठक के बाद किया गया है। आने वाले दिनों में पूर्ण कैबिनेट की आधिकारिक घोषणा होने की उम्मीद है। नया प्रशासन 25 सितंबर को सीरियाई पीपुल्स असेंबली में अपना नीति वक्तव्य पेश करने वाला है।

## जयंत चौधरी ने फ्रांस में विश्व कौशल सम्मेलन में भारतीय दल का उत्साह बढ़ाया

**ल्योन।** केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री जयंत चौधरी ने फ्रांस के ल्योन में आयोजित विश्व कौशल 2024 में शामिल भारतीय टीम के प्रदर्शन की सराहना की है। इस बारे में यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस कार्यक्रम में भारतीय टीम में 60 प्रतिस्पर्धी शामिल हुये हैं। श्री चौधरी ने उनमें से हर एक प्रतिभागी के साथ व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने जिम्बाब्वे, केन्या जर्मनी, फ्रांस, स्विट्ज़रलैण्ड, चीन और कोरिया जैसे देशों तथा अन्य देशों और संगठनों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। उन्होंने प्रतियोगियों के भारतीय प्रतिभागियों के प्रदर्शन को देखा और विश्वस्तरीय मंच पर उनके प्रभावशाली प्रदर्शन पर गर्व व्यक्त किया। विज्ञप्ति के अनुसार श्री चौधरी ने कहा, ''भारतीय टीम के प्रतिभागियों के समर्पण और मनोबल से मैं बेहद प्रभावित हुआ हूं। वे कड़ी मेहनत और उत्साह के साथ अच्छे से अच्छा प्रदर्शन करने में लगे हैं। एक देश के रूप में हमें अपनी युवा प्रतिभा पर गर्व है। मुझे विश्वास है कि अपने शानदार प्रदर्शन के साथ वे जीत हासिल करेंगे और इस प्रतिष्ठित मंच पर भारत का गौरव बढ़ाएंगे।'' कौशल विकास मंत्री के साथ विभाग के सचिव अतुल कुमार तिवारी भी वहां गए हैं। गौरतलब है कि इस टीम के सदस्य वहां रोबोटिक्स, वेब डेवलपमेन्ट, जॉइनरी, हॉस्पिटेलिटी, 3डी डिजिटल गेम आर्ट, एडिटिव मैनुफैक्चरिंग, ऑटोबॉडी रिपेयर, कैमिकल लैब टेक्नोलॉजी, क्लाउड कम्प्युटिंग, साइबर सिक्योरिटी, डिजिटल कन्स्ट्रक्शन और क्यूलीनरी आर्ट्स सहित 52 प्रकार के कौशल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। विज्ञप्ति के अनसुार श्री चौधरी ने कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय ने अन्य सदस्य देशों के मंत्रियों और प्रतिनिधियों के साथ बातचीत भी की। उन्होंने जिम्बाब्वे के कौशल विकास मंत्री प्रोफेसर पॉल माविमा के साथ विशेष बैठक में कौशल विकास, व्यवसायिक प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण में द्विपक्षीय सहयोग के संभावी क्षेत्रों पर विचार-विमर्श किया।

## नेपाल में डिप्टी स्पीकर के खिलाफ महाभियोग को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन के घटक दलों में विवाद

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल की संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के डिप्टी स्पीकर के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाए जाने को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन के घटक दलों में विवाद हो गया है। घटक दलों के विरोध के कारण महाभियोग प्रस्ताव औपचारिक रूप से पेश करने से सरकार अब तक बच रही है।

मानव तस्करी के आरोपों का सामना कर रहीं डिप्टी स्पीकर इंदिरा राणा मगर को पद से हटाने के लिए सीपीएन (यूएमएल) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन ने विगत मंगलवार को ही महाभियोग प्रस्ताव लाने का फैसला किया था। सीपीएन (यूएमएल) और नेपाली कांग्रेस सहित कुछ अन्य दलों के सांसदों ने महाभियोग प्रस्ताव लाने से जुड़े प्रस्ताव पर हस्ताक्षर भी कर दिए थे। मंगलवार को घटक दलों की हुई बैठक में यह फैसला लिया गया था कि उस दिन शाम तक यदि राणा अपने पद से इस्तीफा नहीं देती हैं तो अगले दिन यानी बुधवार सुबह महाभियोग प्रस्ताव सदन में पेश किया जाएगा लेकिन इस फैसले के चार दिन बाद शनिवार को भी महाभियोग प्रस्ताव पेश नहीं किया जा सका है। सत्तारूढ़ गठबंधन के घटक दल जनमत पार्टी और जनता समाजवादी पार्टी ने डिप्टी स्पीकर के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाये



जाने के फैसले का विरोध किया गया है। जनमत पार्टी के अध्यक्ष डॉ. सीके राउत ने कहा कि बिना संसदीय प्रक्रिया को पूरा किए और बिना डिप्टी स्पीकर का पक्ष सुने उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाना दुखद है। इसी तरह से जनता समाजवादी पार्टी (जेएसपी) के उपाध्यक्ष राज किशोर यादव ने कहा कि देश की दोनों बड़ी पार्टियां नेपाल को द्वि दलीय व्यवस्था में ले जाने की कोशिश कर रही हैं और डिप्टी स्पीकर को हटाने का निर्णय इसी का ही एक हिस्सा है।

नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में महाभियोग प्रस्ताव पास कराने के लिए दो तिहाई सदस्यों का समर्थन चाहिए। सत्तारूढ़ गठबंधन के पास कुल 193 सांसदों का समर्थन है। महाभियोग प्रस्ताव का विरोध करने वाली 6 सदस्यों वाली जनमत पार्टी और 5 सदस्यों वाली जेएसपी ने सत्ता गठबंधन का साथ नहीं दिया तो महाभियोग प्रस्ताव पारित कराने के लिए बहुमत का जुगाड़ तो हो जाएगा लेकिन करीब डेढ़ महीने पहले बने गठबंधन में दरार आना निश्चित है। सीपीएन (यूएमएल) के प्रमुख सचेतक महेश बरतौला ने बताया कि प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली इन दोनों दलों के नेताओं से बातचीत कर मनाने के लिए प्रयासरत हैं।

नेपाल के पूर्व कानून मंत्री एवं नेपाली कांग्रेस के नेता अजय चौरसिया का दावा है कि डिप्टी स्पीकर को हटाने के लिए उनके पास पर्याप्त बहुमत है। अगर इन दोनों दलों ने साथ नहीं भी दिया तो भी दो तिहाई सदस्यों का समर्थन मिल जाएगा लेकिन हम सभी घटक दलों को साथ लेकर ही आगे बढ़ना चाहते हैं।

## पोप फ्रांसिस ने ट्रम्प और हैरिस को बताया 'जीवन के खिलाफ', कैथोलिकों से छोटी बुराई को चुनने का आह्वान

एजेंसी

**वाशिंगटन।** ईसाईयों के सर्वोच्च धर्मगुरु पोप फ्रांसिस ने अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव पर बड़ी टिप्पणी की है। उन्होंने नाम लिए बिना कहा कि दोनों ही उम्मीदवार 'जीवन के खिलाफ' हैं। एक (डोनाल्ड ट्र्म्प) अप्रवासियों के प्रति क्रूरता करता है तो दूसरा (कमला हैरिस) गर्भपात अधिकारों का समर्थक है। ऐसे में अमेरिकी कैथोलिक मतदाताओं को 'कम शैतानी उम्मीदवार' को चुनना पड़ेगा।

अमेरिका के प्रमुख समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, 87 वर्षीय पोप फ्रांसिस ने यह अहम टिप्पणी दक्षिण पूर्व एशिया और ओशिनिया की लंबी यात्रा के बाद रोम लौटते समय विमान में संवाददाताओं से बातचीत में यह बात कही। पोप फ्रांसिस एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 11 दिवसीय लंबे दौरे पर थे। इस यात्रा में जकार्ता, पूर्वी तिमोर और सिंगापुर के पड़ाव शामिल रहे। विमान में बातचीत के दौरान एक संवाददाता ने उनसे सवाल किया गया कि क्या गर्भपात के अधिकार का समर्थन करने वाले किसी व्यक्ति को वोट देना नैतिक रूप से स्वीकार्य होगा? इस पर फ्रांसिस ने कहा कि हर किसी को वोट देना चाहिए। मतदाता को कम बुरे को चुनना होगा। कौन



सा कम बुरा है? वह महिला या वह सज्जन? मुझे नहीं पता। प्रत्येक व्यक्ति को अपने विवेक के अनुसार सोचना और निर्णय लेना चाहिए। पोप फ्रांसिस ने संवाददाता सम्मेलन में मतदाताओं को दी गई सलाह में किसी भी उम्मीदवार का नाम नहीं सुझाया। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में कैथोलिक मतदाताओं को दो बुराइयों में से जो कम हो, उसे चुनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रवासियों को जीवन नहीं जीने देना क्रूरता है और बच्चे की मां के गर्भ में हत्या भी क्रूरता है। पोप फ्रांसिस से गाजा की स्थिति के बारे में भी पूछा गया। उन्होंने कहा, जब आप मारे गए बच्चों के शव देखते हैं। जब आप सुनते हैं कि स्कूलों पर बमबारी की गई। यह सुनना भयानक होता है। कभी-कभी यह कहा जाता है कि यह एक रक्षात्मक युद्ध है। मैं मानता हूं कि यह मात्र युद्ध है। मैं यह कहने के लिए माफी चाहता हूं कि मुझे शांति की दिशा में कोई कदम बढ़ता नहीं दिख रहा है।

## अमेरिकी अधिकारी ब्रेंट नीमन ढाका पहुंचे, होगी अंतरिम सरकार के प्रमुख से भेंट

लाहौर।

**ढाका।** अमेरिका के सरकारी अधिकारी ब्रेंट नीमन सुबह बांग्लादेश की राजधानी ढाका पहुंचे। उनके साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है। ढाका में हवाई अड्डे पर ब्रेंट नीमन का स्वागत बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के महानिदेशक (उत्तरी अमेरिका) खंडकेर मसूदुल आलम ने किया। ढाका से छपने वाले बांग्ला अखबार (अंग्रेजी संस्करण) प्रोथोम अलो की खबर के अनुसार, अर्थशास्त्री ब्रेंट नीमन राज्य अमेरिका के ट्रेजरी विभाग में अंतरराष्ट्रीय वित्त और विकास के लिए ट्रेजरी के कार्यवाहक सहायक सचिव के रूप में कार्य करते हैं। इस यात्रा के उद्देश्य पर बांग्लादेश के विदेश सचिव मोहम्मद जशीमुद्दीन ने कहा कि बांग्लादेश बहुआयामी चर्चा के लिए उत्सुक है। आठ अगस्त को मुख्य सलाहकार प्रो. मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के गठन के बाद यह किसी अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की पहली यात्रा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल रविवार सुबह मुख्य सलाहकार प्रो. मुहम्मद यूनुस से मुलाकात करेगा। प्रतिनिधिमंडल की विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन और वित्त सलाहकार डॉ. सालेहुद्दीन अहमद से भी मुलाकात



होगी। प्रोथोम अलो की खबर के अनुसार, अमेरिकी विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा, अमेरिका और बांग्लादेशी अधिकारी इस बात पर चर्चा करेंगे कि संयुक्त राज्य अमेरिका बांग्लादेश की आर्थिक वृद्धि, वित्तीय स्थिरता और विकास आवश्यकताओं का समर्थन कैसे कर सकता है।

## पाकिस्तान में नेशनल अंसेबली के 20 सदस्य संसदीय सचिव नियुक्त

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संसदीय कार्यवाही की प्रभावशीलत बढ़ाने के लिए नेशनल असेंबली के 20 सदस्यों को संसदीय सचिव नियुक्त किया है। एआरवाई न्यूज की खबर में कहा गया है कि प्रधानमंत्री शरीफ ने नवनियुक्त सचिवों की क्षमता पर विश्वास व्यक्त करते उम्मीद जताई है कि इससे विधायी कामकाज सुचारू होगा। एआरवाई न्यूज के अनुसार, साजिद मेहदी, अहमद अतीक, अनवर उसामा, सरवर, मियां खान बुगती, आमिर तलाल खान, फराह नाज अकबर, शिजा मंसब, अली खान, सबा सादिक, डेनियल चौधरी, किरण इमरान डार, डॉ. दानिश , वजीहा कमर, मुहम्मद उस्मान ओवेसी, शाहिद उस्मान और अनवारुल हक चौधरी को संसदीय सचिव बनाया गया है। इस कदम को शासन को मजबूत करने और सार्वजनिक सेवा वितरण में सुधार करने की सरकार की व्यापक रणनीति के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है।

इससे पहले 12 सितंबर को



नेशनल असेंबली में पारित एक प्रस्ताव के जवाब में स्पीकर अयाज सादिक ने सदन के भीतर मुद्दों के समाधान के लिए 18 सदस्यीय विशेष समिति की स्थापना की। विशेष समिति में उप प्रधानमंत्री सीनेटर इशाक डार, रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ, खुर्शीद अहमद शाह, नवीद कमर और खालिद मकबूल सिद्दीकी को शामिल किया गया।

## इजरायली हवाई हमले से लेबनान में 13 लोग घायल

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान के कफ़र रुम्मान शहर में हुए इजरायली हवाई हमले में कम से कम 13 लोग घायल हो गए हैं। अल जज़ीरा प्रसारक ने लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से यह जानकारी दी। प्रसारक ने कहा कि यह हमला कथित रूप से उस इमारत के पास हुआ जहां घायल लोग मौजूद थे। लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय के आपातकालीन संचालन केंद्र ने कहा कि एक इजरायली ड्रोन ने दक्षिणी लेबनान के अहमदीह बस्ती में एक इमारत पर हमला किया, जिसके कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। अक्टूबर 2023 में इजरायल और हमास के बीच गाजा पट्टी में संघर्ष शुरू होने के बाद इजरायल-लेबनानी सीमा पर तनाव बढ़ गया।

## अल्जीरियाई राष्ट्रपति 84.30 प्रतिशत मतों के साथ पुन: निर्वाचित

एजेंसी

**अल्जीयर्स।** अल्जीरिया के निवर्तमान राष्ट्रपति अब्देलमदजीद तेब्बौने ने 84.30 प्रतिशत वोट प्राप्त कर देश का आकस्मिक राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है। यह जानकारी अल्जीरियाई संवैधानिक न्यायालय के अध्यक्ष उमर बेलहादज ने दी।

श्री बेलहदज ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री तेब्बौने ने 84.30 प्रतिशत वोट प्राप्त करके पूर्ण बहुमत से चुनाव जीता है। अदालत प्रमुख ने शनिवार को कहा कि प्रारंभिक परिणामों को चुनौती देने के



लिए इस सप्ताह की शुरुआत में दो अन्य उम्मीदवारों द्वारा दायर की गई अपीलों को स्वीकार किया गया और उनकी समीक्षा की गई।अल्जीरिया में 07 सितंबर को आकस्मिक राष्ट्रपति चुनाव हुए थे। चुनाव प्राधिकरण ने पिछले सप्ताह कहा था कि श्री तेब्बौने ने चुनाव के पहले दौर में 94 प्रतिशत से ज्यादा वोट प्राप्त करके जीत हासिल की है, जिसके बाद श्री तेब्बौने के प्रतिद्वंद्वियों सोसाइटी फॉर पीस पार्टी आंदोलन के नेता, अब्देलअली हसनी चेरीफ और सोशलिस्ट फोर्सेज फ्रंट के उम्मीदवार, यूसेफ औचिचे ने प्रारंभिक परिणामों को चुनौती देते हुए मंगलवार को संवैधानिक न्यायालय में अपील दायर की थी।

## अमेरिकी एयरलाइन बोइंग कंपनी के 30 हजार से अधिक कर्मचारी हड़ताल पर

लाहौर।

**वाशिंगटन।** अमेरिकी एयरलाइन बोइंग कंपनी के 30 हजार से अधिक कर्मचारी वेतन बढ़ोत्तरी संबंधी और अन्य मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गये। इस वर्ष बोइंग कंपनी को आठ अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। कंपनी पहले से ही 60 अरब डॉलर के कर्ज और कई सुरक्षा मुद्दों से जूझ रही है। अब कर्मचारियों के जाने पर शेयर में भी भारी गिरावट देखी गयी। बोइंग का स्टॉक उस दिन करीब चार प्रतिशत और वर्ष पर 40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 157 डॉलर प्रति शेयर से कम पर बंद हुआ जबकि शुक्रवार को, यह गिरकर 155.60 डॉलर पर पहुंच गया था। नवंबर 2022 के 141.54 डॉलर के बाद से यह सबसे निचला स्तर है।फिच रेटिंग्स ने श्रमिकों लंबी हड़ताल पर जाने को लेकर कंपनी की क्रेडिट स्थिति में संभावित गिरावट की चेतावनी दी। बोइंग के सीएफओ ( चीफ फ़ाइनेंशियल ऑफ़िसर) ब्रायन वेस्ट ने स्वीकार किया कि लंबे समय तक हड़ताल से कंपनी की रिकवरी खतरे में पड़ सकती है। उत्पादन और डिलीवरी प्रभावित हो सकती है। इससे पहले, इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ मशीनिस्ट्स एंड एयरोस्पेस वर्कर्स (आईएएम) यूनियन से जुड़े बोइंग के 95 प्रतिशत कर्मचारियों ने हड़ताल करने और 40 प्रतिशत वेतन वृद्धि की मांग करने के लिए मतदान किया था।

## नेपाल में डेटिंग ऐप के जरिए ठगी करने वाले चीनी नागरिक के कॉल सेंटर पर छापा, 50 गिरफ्तार

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल पुलिस की केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने डेटिंग ऐप के जरिए ठगी का धंधा चलाने वाले चीनी नागरिक के कॉल सेंटर पर छापेमारी कर वहां काम कर रहे 50 लोगों को गिरफ्तार किया। ठगी करने के लिए चीनी नागरिकों ने क्रिप्टो करेंसी को माध्यम बनाया था। कॉल सेंटर चलाने के लिए काठमांडू में एक पूरा घर ही किराए पर लिया गया था।

सीआईबी के प्रवक्ता एसपी हविंद्र बोगटी ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि बीते बुधवार को काठमांडू के एकता बस्ती के एक मकान में अवैध गतिविधियों की सूचना पर छापेमारी की गई थी। नेपाल में पहले ही पुलिस की निगरानी में रहे दो चीनी नागरिकों के द्वारा मकान किराए पर लेकर वहां से कॉल सेंटर संचालित किए जाने की जानकारी मिली थी। बुधवार रातभर छापेमारी की गयी और अगले तीन दिनों में पुलिस ने पूरे मामला का खुलासा किया। जिन दो चीनी



नागरिकों के द्वारा यह कॉल सेंटर संचालित किया जा रहा था वे पहले से ही नेपाल में अवैध गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं। इसके पहले नेपाल से भाग कर वे दुबई पहुंचे थे। दुबई में भी अवैध गतिविधियां संचालित करने के कारण वहां से उन्हें डिपोर्ट कर दिया गया था। दोबारा नेपाल आकार ये लोग फिर से पुराने धंधे में सक्रिय हो गए थे।

बोगटी ने बताया कि पकड़े गए लोगों से पूछताछ के बाद यह पता लगा कि यहां अलग-अलग नामों से डेटिंग ऐप के जरिए अमेरिका, यूरोप, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में रह रहे लोगों को फंसाया जाता था। उसके बाद उनसे अलग-अलग ई-वालेट के जरिए डॉलर, पाउंड और यूरो जमा कराया जाता था। इस तरह से जमा रकम को क्रिप्टो के जरिए विभिन्न कारोबार में लगाए जाने का खुलासा हुआ है। जांच में यह भी पता चला है कि बंबल, मुस्लिमा, इंशाहा, सालेम, मुज, एकुपेड, अलखताबाज जैसे डेटिंग ऐप के जरिए पुरुषों को फंसाया जाता था। इसके लिए नेपाल में 40 से अधिक युवतियों को नौकरी पर रखा गया था। इनका टारगेट अधिकतर मुस्लिम युवक हुआ करते थे। इनको डेटिंग ऐप के जरिए फंसा कर इनसे बिनांस और ट्रस्ट जैसे ई-वॉलेट पर विदेशी मुद्रा जमा कराया जाता था। नेपाल में संचालित कॉल सेंटर रात के 9 बजे से सुबह 5 बजे तक चलाया जाता था और दिन भर बंद रखा जाता था। जिस समय सीआईबी ने वहां छापा मारा था उस समय करीब 40 युवतियां वहां काम कर थीं। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया था। उनके बयान के आधार पर अगले दो दिनों में दो चीनी नागरिक और एक फिलिपींस की महिला सहित कुल 10 लोगों को पुलिस ने काठमांडू के अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया था।

सीआईबी प्रवक्ता बोगटी ने बताया कि पकड़े गए चीनी नागरिक की पहचान थिंग छियोंग और ली किंगिंग के रूप में हुई है। इसी तरह इनके अनुवादक का काम करने वाली फिलिपींस की नागरिक हानीपा सिंसुअत को भी गिरफ्तार किया गया है। इनको नेपाल में सहयोग करने वाले 7 अन्य नेपाली नागरिक को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की जा रही है।

## गाजा में स्कूल पर इजरायली हमले में 5 फिलिस्तीनियों की मौत

एजेंसी

**गाजा।** गाजा शहर के दक्षिण-पूर्व में विस्थापित लोगों के स्कूल पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम पांच फिलिस्तीनी मारे गए। यह जानकारी फिलिस्तीनी और इजरायली सूत्रों ने दी। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने सिन्हुआ से कहा कि इजरायली युद्धक विमानों ने अल-जायतुन के पड़ोस में शुहादा अल-जायतुन स्कूल पर हमला किया।

चिकित्सा सूत्रों ने कहा कि हवाई हमले में बच्चों और महिलाओं सहित पांच फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए, जिन्हें बाद में अस्पताल में भर्ती किया गया। इजरायली सेना ने पुष्टि किया कि उसकी वायु सेना ने 'कमांड एंड कंट्रोल कॉम्प्लेक्स' में काम करने वाले एक समूह पर एक सटीक और खुफिया हमला किया, जिसे पहले गाजा सिटी में शुहादा अल-ज़ायतुन स्कूल के रूप में उपयोग किया जाता था। इजरायली सेना के बयान में कहा




कौमी पत्रिका
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
Corporate Office: 5, Bahadurshah Zafar Marg ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
E - mail address : qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in
R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472
Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## रूस ने यूक्रेन में पश्चिमी कार्रवाई के बीच संभावित परमाणु प्रतिक्रिया की दी चेतावनी

एजेंसी

**मॉस्को।** रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने अपने टेलीग्राम चैनल पर एक पोस्ट में चेतावनी दिया कि यूक्रेन में पश्चिमी कार्रवाई के जवाब में परमाणु प्रतिक्रिया के संबंध में रूस का धैर्य कमजोर हो रहा है।

मेदवेदेव ने कहा किपरमाणु संघर्ष किसी के हित में नहीं है। रूस ने अब तक पश्चिमी भागीदारी के जवाब में अपनी परमाणु क्षमताओं का उपयोग करने में संयम बरता है, विशेष रूप से रूसी क्षेत्र में किए गए उच्च-सटीक हमलों के संबंध में लेकिन बड़े से बड़े धैर्य की भी सीमाएं होती हैं। यह चेतावनी यूक्रेन को सेना सामरिक मिसाइल प्रणाली के प्रावधान के संबंध में हाल ही में अमेरिकी चर्चा के बाद आई है, जो यूक्रेन को रूसी क्षेत्र में ज्यादा दूरी तक हमले करने में सक्षम बना सकता



है। क्रेमलिन ने बढ़ते खतरे के बारे में अपनी सजगता का भी संकेत दिया है और क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि रूस जवाबी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

## यूएई फिलिस्तीनी राज्य के निर्माण के बिना गाजा को समर्थन देने के लिए तैयार नहीं

एजेंसी

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद बिन सुल्तान अल नाहयान ने कहा कि जबतक एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य नहीं बन जाता यूएई संघर्ष की समाप्ति के बाद गाजा पट्टी का समर्थन करने के लिए तैयार नहीं है।उन्होंने एक्स पर कहा, यूएई फिलिस्तीनी राज्य के निर्माण के बिना गाजा युद्ध की समाप्ति के बाद समर्थन करने के लिए तैयार नहीं है।उल्लेखनीय है कि 07 अक्टूबर, 2023 को इजरायल पर गाजा पट्टी की ओर से अभूतपूर्व रॉकेट हमला किया गया। इसके अलावा, हमास के लड़ाकों ने सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठ की, सेना और नागरिकों पर गोलीबारी की और कुछ लोगों को बंधक बना लिया। इज़रायली अधिकारियों का के अनुसार इस दौरान लगभग 1,200 लोग मारे गए। इसके पश्चात, आईडीएफ ने गाजा पट्टी में ऑपरेशन आयरन स्वॉर्ड्स शुरू किया और एन्क्लेव की पूर्ण नाकाबंदी की घोषणा की। एन्क्लेव के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 07 अक्टूबर से गाजा पट्टी पर इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या 41,180 से ज्यादा हो चुकी है।संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1947 में ब्रिटेन द्वारा शासित फिलिस्तीन को अरब और यहूदी राज्यों में विभाजित करने के लिए मतदान किया, साथ ही यरूशलेम को एक विशेष अंतरराष्ट्रीय शासन के अंतर्गत रखा गया। इस विभाजन को मई 1948 में पूरा करना था, जब ब्रिटिश शासनादेश समाप्त होने वाला था, लेकिन केवल इज़रायल राज्य की स्थापना की गई। फ़िलिस्तीनी वेस्ट बैंक के क्षेत्रों में अपने स्वतंत्र राज्य की राजनयिक मान्यता चाहते हैं, जिसमें पूर्वी येरुशलम, जिस पर आंशिक रूप से इज़रायल का कब्ज़ा है।

## अंतरराष्ट्रीय फिल्मोत्सव में सर्वश्रेष्ठ नवोदित निर्देशक का पुरस्कार भी जुड़ा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली**। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने भारत के अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में अब भारतीय युवा फिल्म निर्माताओं/ निर्देशकों को प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत करने के लिये 'सर्वश्रेष्ठ नवोदित भारतीय फिल्म खंड 2024' के नाम से एक नया खंड स्थापित किया है। यह जानकारी मंत्रालय की आज यहां जारी एक विज्ञप्ति में दी गयी। भारत का 55वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) 2024 गोवा में 20 से 28 नवंबर 2024 तक आयोजित किया जायेगा। इस समारोह के साथ 'सर्वश्रेष्ठ नवोदित भारतीय फिल्म खंड 2024' शुरू किया जा रहा है और इसमें 'भारतीय फीचर फिल्म के सर्वश्रेष्ठ नवोदित निर्देशक' का पांच लाख रुपये का पुरस्कार और प्रमाण-पत्र प्रदान किया जायेगा। इस खंड के लिये प्रविष्टियां अब 23 सितंबर तक फिल्मोत्सव के पोर्टल पर ऑनलाइन जमा करायी जा सकती हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है, 'आईएफएफआई इस खंड के माध्यम से भारतीय नवोदित फिल्मों पर भी ध्यान केंद्रित करेगा जो देश भर से विविध प्रकार की कथा और चलचित्र संबंधी शैलियों को प्रदर्शित करेगा। इसका उद्देश्य नये निर्देशकों के काम को प्रदर्शित करते हुये युवा प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करना है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इन नवागंतुकों पर ध्यान केंद्रित करके, यह प्रभाग सिनेमा कहानीकारों की अगली पीढ़ी को प्रोत्साहित करने के लिये आईएफएफआई की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## फार्मेसी के विद्यार्थियों की कॉउन्सिलिंग अतिशीघ्र प्रारम्भ हो: शुक्ल



**नयी दिल्ली**। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भेषजी परिषद ( फार्मेसी कॉउन्सिल ऑफ़ इंडिया) से फॉर्मेसी कॉलेजों की मान्यता देने की प्रक्रिया को त्वरित करने और अतिशीघ्र फॉर्मेसी के विद्यार्थियों की कॉउन्सिलिंग प्रारम्भ करने की गुजारिश की है। परिषद ने इस संबंध में भेषजी परिषद को ज्ञापन सौंपा। अभाविप ने कहा कि किसी भी प्रकार से फॉर्मेसी के विद्यार्थियों के शैक्षिक वर्ष का नुकसान नहीं होना चाहिए और इस विषय पर अतिशीघ्र उचित निर्णय लिया जाना चाहिए। इस सम्बन्ध में अभाविप ने चार प्रभावी सुझाव भी ज्ञापन में दिए हैं।

## गहलोत, माकन और बाजवा हरियाणा विस चुनाव के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त



**नयी दिल्ली**। कांग्रेस ने राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा को हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया। पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने श्री गहलोत, श्री माकन और श्री बाजवा को तत्काल प्रभाव से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) का वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया। हरियाणा की 90 विधानसभा सीट पर एक चरण में पांच अक्टूबर को मतदान होगा और मतगणना आठ अक्टूबर को होगी तथा चुनाव प्रक्रिया 10 अक्टूबर को पूरी होगी।

## पिछले कुछ वर्षों में संसद और संसदीय समितियों के कामकाज में बढ़ा है हिंदी का प्रयोग : लोकसभा अध्यक्ष

**नई दिल्ली**। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद में हिंदी भाषा में संवाद और कामकाज बढ़ने का दावा करते हुए कहा है कि अनेक प्रयासों के कारण पिछले कुछ वर्षों में संसद और संसदीय समितियों ( स्थायी समितियों) के कामकाज में हिंदी का प्रयोग करने की प्रवृत्ति बढ़ी है। हिंदी दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने यह दावा भी किया कि आज लोकसभा की कार्यवाही में हिंदी न केवल अनुवाद की भाषा है बल्कि सांसदों द्वारा सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा भी है। लोकसभा अध्यक्ष ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट लिखा, राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर सभी देशवासियों और हिंदी प्रेमियों को शुभकामनाएं। 14 सितंबर 1949 को भारत की संविधान सभा ने हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में अंगीकार किया था। इस वर्ष उस ऐतिहासिक संकल्प के 75 साल पूरे हो रहे हैं, और हम राजभाषा के रूप में हिन्दी की 'हीरक जयंती' मनाने जा रहे हैं। हम सभी के लिए यह गौरव का विषय है। उन्होंने आगे कहा, विविधताओं में एकता का स्वरूप लिए भारत में अलग-अलग प्रदेशों, क्षेत्रों की मातृभाषाओं के बीच हिंदी ने सदा से ही सेतु का कार्य किया है। इन पचहतर वर्षों में हिंदी जनसाधारण में संवाद और संवेदना की भाषा बन गई है।

# किसान हितैषी मोदी सरकार: शिवराज

**एजेंसी**

**नई दिल्ली**। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसान हितैषी हैं? और कृषि तथा किसान कल्याण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

श्री चौहान ने यहां कहा कि मोदी सरकार ने किसानों के हित में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।उन्होंने कहा कि किसान हितैषी मोदी सरकार ने किसानों के हित में निर्णय लेते हुए खाद्य तेलों के आयात शुल्क को शून्य से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया है। अन्य मदों को जोड़ने पर कुल प्रभावी शुल्क 27.5 प्रतिशत हो जाएगा। इस कदम से सभी तिलहन किसानों ख़ासतौर से सोयाबीन और मूँगफली के किसानों को अच्छे भाव मिलेंगे जिनकी फसल अभी बाज़ार में आने वाली है। साथ ही रबी में तिलहन की बुवाई में बढ़ोतरी होगी और सरसों की फसल के भी अच्छे दाम मिल पायेंगे।

श्री चौहान ने कहा कि इस निर्णय से सोया खली का उत्पादन बढ़ेगा और उसका निर्यात हो सकेगा। साथ ही, सोया से जुड़े अन्य क्षेत्रों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि किसान कल्याण के प्रति संवेदनशील मोदी सरकार ने बासमती चावल से न्यूनतम



निर्यात शुल्क को हटाने का निर्णय भी लिया है। निर्यात शुल्क के हट जाने से बासमती उत्पादक किसानों को अपनी उपज के उचित दाम मिलेंगे और बासमती चावल की मांग बढ़ने के साथ ही निर्यात में भी वृद्धि होगी। किसानों के विकास के लिए प्रतिबद्ध मोदी सरकार ने रिफाइन ऑयल के लिए मूल शुल्क को 32.5 प्रतिशत तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से रिफाइनरी तेल के लिए सरसों, सूरजमुखी और मूंगफली की फसलों की मांग बढेगी।श्री चौहान ने कहा कि किसानों को इन फसलों के बेहतर दाम मिल सकेंगे। साथ ही, छोटे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रिफाइनरी बढ़ने से वहां रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने प्याज के निर्यात शुल्क को 40 प्रतिशत से कम कर 20 प्रतिशत कर दिया है। निर्यात शुल्क के कम हो जाने से प्याज उत्पादक किसानों को प्याज के अच्छे दाम मिलेंगे और प्याज का निर्यात भी बढ़ेगा।

## किसानों को फसल का उचित दाम दिलाने के लिए निर्यात बढा रही है सरकार : शाह



**एजेंसी**

**नई दिल्ली**। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार किसानों को उनकी फसल का उचित दाम दिलाने के लिए निर्यात बढ़ा रही है। श्री शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा , किसान हित सर्वोपरि रखते हुए मोदी सरकार ने तीन महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं – पहला प्याज पर न्यूनतम निर्यात मूल्य हटाना और निर्यात शुल्क को 40 प्रतिशत से 20 प्रतिशत करना। इससे प्याज का निर्यात बढ़ेगा, जिससे प्याज उत्पादक किसानों की आय में वृद्धि होगी। दूसरा सरकार ने बासमती चावल पर भी निर्यात मूल्य समाप्त करने का निर्णय लिया है, जिससे बासमती चावल के उत्पादक किसान इनका निर्यात करके अधिक मुनाफा प्राप्त कर पाएंगे। तीसरा सरकार ने कच्चे पाम, सोया और सूरजमुखी तेलों के आयात में ड्यूटी को 12.5 प्रतिशत से 32.5 प्रतिशत बढ़ाने व इनके रिफाइंड तेलों पर ड्यूटी को 13.75 प्रतिशत से 35.75 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। इससे भारत के सोयाबीन के किसानों को उनकी फसल का बेहतर दाम मिलेगा और उनकी आय बढ़ेगी।

## ज्ञानवापी मामले पर हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा, नमाज पढ़ने से कोई जगह मस्जिद नहीं हो जाती

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** । वाराणसी के ज्ञानवापी विवाद मामले के हिंदू पक्षकार के वकील विष्णु शंकर जैन ने आईएएनएस से खास बातचीत की। उन्होंने सीएम योगी के उस बयान का समर्थन किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि कुछ लोग ज्ञानवापी को मस्जिद कहते हैं, जो गलत है। ज्ञानवापी साक्षात 'विश्वनाथ' है। वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा, मुख्यमंत्री का बयान बिल्कुल सही है। ज्ञानवापी परिसर चीख-चीख कर कह रहा है कि ये एक हिंदू परिसर है। 16 मई 2022 को वहां शिवलिंग की प्राप्ति हुई थी, जो अभी शील्ड है। इसकी जांच अभी बाकी है। उन्होंने कहा, ज्ञानवापी में जिस तरीके से जबरदस्ती घुसकर नमाज पढ़ी जा रही थी, वो बिल्कुल गलत था। नमाज पढ़ने से कोई जगह मस्जिद नहीं हो जाती, ज्ञानवापी हमारे आराध्य भगवान महादेव के 12 ज्योतिर्लिंग में से एक है। इस पर सीएम योगी के बयान का मैं स्वागत करता हूं और न्यायपालिका में विश्वास रखता हूं कि जल्द से जल्द ज्ञानवापी का केस सॉल्व कर लिया जाएगा।

# उच्चतम न्यायालय के फ़ैसले के बाद शाह को देना चाहिये इस्तीफ़ा : संजय सिंह

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली**। आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के लिए केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को जिम्मेदार ठहराते हुए उनसे तत्काल इस्तीफे की मांग की है।

आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ÷शुक्रवार को श्री केजरीवाल को उच्चतम न्यायालय ने जमानत देते वक्त जो बातें लिखी, उसे यह साबित होता है कि उनकी गिरफ्तारी के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्री शाह का कुचक्र था। शीर्ष अदालत के फैसले से यह साबित हो चुका है। हम लोग जो बातें पहले दिन से कहते आ रहे हैं, न्यायालय ने भी उन्हीं बातों का उल्लेख किया। भाजपा और श्री शाह का उद्देश्य श्री केजरीवाल की राजनीति और आप को खत्म करना, विधायकों की तोड़फोड़ और सरकार को गिराना है। श्री सिंह ने कहा कि यह लोग हमें दिल्ली, पंजाब और दिल्ली



नगर निगम में नहीं तोड़ पाए और लाख कोशिशों के बाद भी हमारी सरकार नहीं गिरा पाए, जबकि हमारे सारे नेताओं को जेल में डाल दिया गया। हमारे नेताओं को जेल में डालने के पीछे सिर्फ एक मकसद हमारे नेताओं को झुकाना था, लेकिन श्री केजरीवाल ने पूरे हौसले के साथ जेल के अंदर रहकर लड़ना स्वीकार किया, झुकना मंजूर नहीं किया। उन्होंने कहा, ÷प्रधानमंत्री मोदी को झुकाने वाला कोई नेता है तो वह केवल अरविंद केजरीवाल हैं। केजरीवाल पर तमाम अत्याचार किए गए, यातनाएं और प्रताड़ना दी गई, लेकिन वह झुके नहीं, लड़ते रहे। उन्होंने कहा कि आखिरकार तथाकथित शराब घोटाला क्या है, जिसका तमाशा तीन साल से चल रहा है, जबकि श्री केजरीवाल, श्री मनीष सिसोदिया या मेरे घर से एक पैसे की बरामदगी नहीं हुई है। आज तक कोई भी भ्रष्टाचार साबित नहीं हुआ है। इसके बाद भी गिरफ्तारी पर गिरफ्तारी की जा रही है।

आप नेता ने कहा कि श्री केजरीवाल की अवैध गिरफ्तारी के लिए असली गुनहगार श्री शाह हैं। श्री शाह के पिंजरे में केन्द्रीय जांच ब्यूरो कैद है और उनके इशारे पर श्री केजरीवाल की गिरफ्तारी की। शीर्ष अदालत के फैसले के बाद अब श्री शाह को अपने पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है और उनको तो तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस देश का गृह मंत्री सरकारों और पार्टियों को तोड़ने, मुख्यमंत्रियों को गिरफ्तार और विधायक की खरीद-फरोख्त करने का काम करें, उसे एक मिनट भी अपने पद पर रहने का अधिकार नहीं है।

## मोदी ने प्रधानमंत्री आवास में बछड़े के जन्म पर जताई खुशी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली**। नयी दिल्ली के लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवास परिसर में एक गाय ने एक बछड़े को जन्म दिया।प्रधानमंत्री मोदी ने बछड़े के जन्म पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने सोशल नेटवर्किंग साइट पर बछड़े का एक वीडियो साझा दिया। श्री मोदी ने कहा कि हमारे शास्त्रों में कहा गया है - गावः सर्वसुख प्रदाः'। लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री आवास परिवार में एक नए सदस्य का शुभ आगमन हुआ है।

प्रधानमंत्री आवास में प्रिय गौ माता ने एक नव वत्सा को जन्म दिया है, जिसके मस्तक पर ज्योति का चिह्न है। इसलिए, मैंने इसका नाम 'दीपज्योति' रखा है।

## वित्त मंत्री ने पुस्तक 'जीवन, मृत्यु और अष्टावक्र गीता' का विमोचन किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** । केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में अर्थशास्त्री बिबेक देबरॉय और प्रोसेसर हिंडोल सेनगुप्ता द्वारा लिखित पुस्तक 'जीवन, मृत्यु और अष्टावक्र गीता' का विमोचन किया।

वित्त मंत्रालय कार्यालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने बतौर मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष अर्थशास्त्री बिबेक देबरॉय और प्रोसेसर हिंडोल सेनगुप्ता के द्वारा लिखित पुस्तक 'जीवन, मृत्यु और अष्टावक्र गीता' का विमोचन किया। सीतारमण ने पुस्तक के विमोचन के अवसर अपने संबोधन में कहा कि अष्टावक्र गीता बहुत खास है। ऐसा कहा जाता है कि जब सभी गुरु चुप हो जाते हैं, तब अष्टावक्र बोलना शुरू करते हैं। दरअसल अष्टावक्र गीता को उपनिषदों के पाठों का सबसे शुद्धतम रूप माना जाता है। इसे हिंदू दर्शन के अद्वैत वेदांत स्कूल के अंतिम शब्द या उत्कृष्ट कृति के रूप में विभिन्न रूप से वर्णित किया गया है। ऐसा कहा जाता है कि जब सभी आध्यात्मिक ग्रंथ मौन हो जाते हैं, तो अष्टावक्र बोलना शुरू करते हैं।

उल्लेखनीय है कि बिबेक देबरॉय एक भारतीय अर्थशास्त्री हैं, जो भारत के प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। वहीं, हिंडोल सेनगुप्ता एक भारतीय इतिहासकार, शिक्षाविद और पत्रकार हैं। सेनगुप्ता राजधानी दिल्ली में रहते हैं। वे ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रोफेसर हैं।

## सफदरजंग अस्पताल में नई 3 टेस्ला अत्याधुनिक एमआरआई मशीन की शुरुआत, मरीजों को होगा फायदा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** । मरीजों की बेहतर चिकित्सा जांच और देखभाल के मकसद से सफदरजंग अस्पताल में 3 टेस्ला अत्याधुनिक एमआरआई मशीन की शुरुआत की गई। रेडियोडायग्नोसिस विभाग में स्थापित की गई नई एमआरआई मशीन, डायग्नोस्टिक तकनीक में आधुनिक मशीन है, जिससे जांच की सटीकता बेहतर होती है। इससे मरीजों को अधिक सटीक निदान प्रदान करने और निदान प्रक्रिया की समग्र दक्षता में सुधार करने में मदद मिलेगी।आज इसके उद्घाटन के मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वंदना तलवार, प्राचार्य डॉ. गीतिका खन्ना और एएमएस डॉ. पीएस भाटिया, डॉ.



आरपी अरोड़ा, डॉ. के. सूरी और डॉ. जे. मणि और डॉ. के. कुमार मौजूद रहे। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वंदना तलवार ने कहा कि नई एमआरआई मशीन से मरीज को फायदा होगा और इंतजार का समय काफी कम हो जाएगा। रोगी कल्याण और उन्नत चिकित्सा देखभाल के लिए अस्पताल की चल रही प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। रेडियोडायग्नोसिस विभाग की एचओडी डॉ. अमिता मलिक ने कहाकि इस उन्नत एमआरआई मशीन की शुरुआत से उन्नत इमेजिंग तकनीक के साथ, हम अधिक सटीक निदान प्रदान करने में सक्षम होंगे, जिससे अधिक प्रभावी उपचार योजनाएं बन सकेंगी और रोगी के परिणामों में सुधार होगा।

# मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने की असदुद्दीन ओवैसी की तारीफ

हैदराबाद, 15 सितंबर। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने हैदराबाद सांसद और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की सराहना की। उन्होंने ओवैसी को एक ऐसा सांसद बताया जो संसद में लगातार गरीबों के लिए बोलते हैं। हैदराबाद में प्रोफेट फॉर द वर्ल्ड पुस्तक के लॉन्च कार्यक्रम में कांग्रेस नेता ने एआईएमआईएम प्रमुख को गरीबों की आवाज कहा। तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी ने कहा, जब वह कांग्रेस के खिलाफ बोलते हैं तो मुझे अच्छा लगता है, क्योंकि हमारा अपना भाई आवाज उठा रहा है। अगर कोई हमारे खिलाफ बोलेगा तो वह हमारा दुश्मन नहीं है। सरकार चलाने में कुछ गलतियां हो सकती हैं। इन गलतियों को ठीक करने के लिए हमें राज्य और देश में मजबूत विपक्ष की आवश्यकता है। एक अन्य कार्यक्रम में असदुद्दीन ओवैसी ने कई मुद्दों पर कांग्रेस की आलोचना की। तेलंगाना के कहा, जब वह कांग्रेस के खिलाफ बोलते हैं तो मुझे अच्छा लगता है, क्योंकि हमारा अपना भाई आवाज उठा रहा है। अगर कोई हमारे खिलाफ बोलेगा तो वह हमारा दुश्मन नहीं है। सरकार चलाने में कुछ गलतियां हो सकती हैं। इन गलतियों को ठीक करने के लिए सीएम ने आगे कहा कि देश में नफरत फैलाने वालों का मुकाबला करने के लिए सामूहिक प्रयास किये जाने चाहिए। उन्होंने बताया कि पैगंबर मोहम्मद, गीता और बाइबल की शिक्षाएं देश में शांति सुनिश्चित करने के लिए हैं। रेड्डी ने कहा, जहर फैलाने वालों को रोकने के लिए हमें एक साथ खड़ा होना चाहिए। भारत हमारा देश है और इसकी रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। देश को बचाने कोई और नहीं आएगा। चुनाव जीतने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन हमें उन लोगों से सावधान रहना चाहिए जो चुनाव जीतने के लिए जहर फैलाते हैं। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि लोकसभा में जनता के पक्ष में बोलने वालों की संख्या कम हुई है जबकि नफरती भाषणों की संख्या में वृद्धि हो रही है।

**Name Change**
It is for general information that I, MANOJ KUMAR S/o PUJARI LAL residing at RZ-88, Sukhiram Park, Uttam Nagar, West Delhi - 110059 declare that the name of my minor Daughter BHOOMI RADI aged 17 Years has been wrongly written as BHOOMI in her 10th Class Educational Documents. The actual name of my minor Daughter is BHOOMI RADI which may be amended accordingly.

**Name Change**
It is for general information that I, SIDDHANT SINHA S/o H C SINHA R/o B-147, Subhash Park Extn. Gali No-3, Near Appni Bakery, Uttam Nagar, West Delhi-110059 declare that name of mine and my minor son have been wrongly written as SIDHANT SINHA and SAARANSH SINHA in my minor son namely SAARAANSH SINHA aged 14 in his school record. The actual name of mine and my minor son is SIDDHANT SINHA and SAARAANSH SINHA respectively which may be amended accordingly.

**Name Change**
It is for general information that I, SIDDHANT SINHA S/o H C SINHA R/o B-147, Subhash Park Extn. Gali No-3, Near Appni Bakery, Uttam Nagar, West Delhi-110059 declare that name of mine and my minor son have been wrongly written as SIDHANT SINHA and SAARANSH SINHA in my minor son namely SAARAANSH SINHA aged 14 in his school record. The actual name of mine and my minor son is SIDDHANT SINHA and SAARAANSH SINHA respectively which may be amended accordingly.

**Name Change**
It is for general information that I, VIJAY NATH S/o RATAN LAL, R/o 592/1, Gali Teliyan, Teliwara, Sadar Bazar, North Delhi, Delhi - 110006 declare that name of my Father has been wrongly written as RATAN NATH in my Cast Certificate No. 63269. The actual name of my Father is RATAN LAL, which may be amended accordingly.

**Name Change**
I, MANOJ KUMAR S/o PUJARI LAL Residing at RZ -88 , Sukhiram Park, Uttam Nagar, West Delhi - 110059 have changed the name of my minor Son SAMBHAV alias SAMBHAV RADI aged 15 Years and he shall hereafter be known as SAMBHAV RADI.

**Name Change**
It is for general information that I, NAVEEN S/o RAMPAL residing at Village Ram Nagar Post Office, Ghasola, District Charkhi Dadri, Ghasola (172), Haryana -127306 declare that the name of mine has been wrongly written as NAVEEN KUMAR in my minor Son MAHESH KUMAR YADAV aged 16th Years in his 10th Class Educational Documents. The actual name of mine is NAVEEN which may be amended accordingly.

**Name Change**
It is for general information that I, ANKIT SHARMA S/O BIJENDER KUMAR R/O Sisar Khas (123), Sisarkhas, Rohtak, Haryana- 124112 declare that name of my Father and my Mother have been wrongly written as BIJENDER SHARMA and LAKSHMI SHARMA in my 10th and 12th class educational documents. The actual name of my Father and my Mother are BIJENDER KUMAR and LAXMI DEVI respectively which may be amended accordingly.

**Name Change**
It is for general information that I, AJMER ALI S/o ROSHAN ALI, R/o House No. 57, Panwari, Sambhal, Uttar Pradesh - 202421 declare that name of my wife has been wrongly written as JAMELA BEGUM in my PPO No. 20157030282558. The actual name of my wife is JAMEELA BEGAM, which may be amended accordingly.

**Name Change**
I, hitherto known as NEERAJ KUMAR alias NEERAJ KUMAR PAHAL S/o MOHINDER SINGH Residing at House No. - 153, Police Colony, Ashok Vihar, Phase - I, North West Delhi, Delhi-110052 have changed my name and shall hereafter be known as NEERAJ PAHAL

**PUBLIC NOTICE**
"Be it known that my client RAJENDRA SINGH S/O RAMESH CHAND AGE ABOUT 70 YEARS, AADHAR CARD NO-(4085 8954 3171), R/O H No- M-69, GALI NO-1, PREM NAGAR-1, KIRARI SULEMAN NAGAR, PO: SULTAN PURI C BLOCK, DISTT: NORTH WEST DELHI, DELHI-110086., have disowned and debarred their son namely SHRI. NISHANT GUPTA and/along with his wife SMT. MANSI GUPTA and Grand Child Devansh Gupta from all their moveable and immoveable properties and have cancelled all their Relations with them in future as they are continuously harassing, torturing, abusing and quarreling with my clients and are completely out of their control. If anyone deals with them shall be doing at his/her own costs and risks and my clients shall not held any responsible of any of their acts and deeds.
**(Juber Ahmad) Advocate**
R-3/129, MOHAN GARDEN, NEW DELHI-110059.
Contact No:-9868573064

**Name Change**
I, hitherto known as KISHORE KANT alias KISHOR KANT S/o ANIL KUMAR residing at B-435, Sudershan Park, Ramesh Nagar, New Delhi 110015 have changed my name and shall hereafter be known as KISHOR KANT.

**Name Change**
I, PARAMJEET SINGH S/O RAGHBIR SINGH residing at 1/15-B, JANGPURA-A, HOSPITAL ROAD, DELHI-110014 have changed my name to PARMJEET SINGH for all future purposes.

**नाम परिवर्तन**
मैं सुनील सुपुत्र श्री मुन्ना निवासी साथी बबेरू बांदा उत्तर प्रदेश 210121 ने अपना नाम सुनील से बदलकर सुशील कुमार कर लिया है । भविष्य में मुझे सुशील कुमार के नाम से ही जाना जाए।

**Name Change**
I, PADMAVATI mother of NO-4589899N Rank-SEP Name-MALAPPA KAREPPA KADAKOL R/O VILL-CHIKKOPPA K S, PO-HIREKOPPA K S, TEH-RAMDURG, DIST-BELAGAVI, KARNATAKA-591114 have changed my name from PADMAVATI to PADDAVVA KAREPPA KADAKOL for all future purposes vide affidavit dated 14/09/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I, ARATI Wife of No-16117414A Rank-HAV Name-RAJESH GARDI Presently residing at VILL-MANGANOOR, PO-HATTARWAT, TEH-CHIKKODI, DISTT-BELGAUM, KARNATAKA-591226 have changed my name from ARATI to ARATI RAJESH GARDI for all future purposes vide Affidavit dated 14/09/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I, No-16117414A Rank-HAV Name-RAJESH GARDI S/o MAHADEV GARDI Presently residing at VILL-MANGANOOR, PO-HATTARWAT, TEH-CHIKKODI, DISTT-BELGAUM, KARNATAKA-591226 have changed my minor son's name from PRAJWAL to PRAJWAL RAJESH GARDI for all future purposes vide Affidavit dated 14/09/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I, SAVITHRI mother of No-16120135A Rank-NK Name-SANOOP V M residing at VILAKKUMADAM MEETHAL, VILL-CHEMANCHERI, PO-THUVVAKKODE, TEH-KOYILANDY, DIST-KOZHIKODE, KERALA-673304 have changed my name from SAVITHRI to SAVITHRI PARAKKAL for all future purposes, in my son's service record my date of birth wrongly mentioned as 15/03/1969 instead of my correct date of birth as 15/03/1968 vide affidavit dated 14/09/2024 before Notary Public Delhi.

**Name Change**
I, NO-16117414A Rank-HAV Name-RAJESH GARDI S/o MAHADEV GARDI Presently residing at VILL-MANGANOOR, PO-HATTARWAT, TEH-CHIKKODI, DISTT-BELGAUM, KARNATAKA-591226 have changed my minor daughter's name from AARADHYA to AARADHYA RAJESH GARDI for all future purposes vide Affidavit dated 14/09/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I Rajani D/o Chand Prakash W/o Rajeev R/o Near Shyam Vatika, IMT Manesar, Gurgaon Haryana-122052 have Changed my name Rajni for all future purposes.

**Name Change**
I, K ELAVARASI wife of NO-17000079M HMT KUMARESAN S residing at VILL-VIZHUNDAKKAL, PO-ANNANGUDI, TEHSIL-KATPADI, DISTT-VELLORE, TAMIL NADU-632202 have changed my name from K ELAVARASI to ELAVARASI J for all future purposes vide Affidavit dated 14/09/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I, NO-15424227M HAV/NA MUKESH PANDIT Presently residing at VILL-JAIRAMPUR(TELGHETOLA), PO-JAIRAMPUR , TEHSIL-NAUGACHIA, DISTT-BHAGALPUR, BIHAR-853201 have changed my wife's name from NUTAN DEVI to NUTAN KUMARI for all future purposes vide Affidavit dated 14/09/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I, No.15418285A Rank-HAV Name-ANSARI MOHMED SOEB Presently residing at VILL-CHAND NAGAR, PO+TEH-HIMMAT NAGAR, DIST-SABARKANTHA, GUJARAT-383001 have changed my wife's name from AFSANA PARVIN MOHMED SOEB ANSARI to ANSARI AFSANAPARVIN for all future purposes vide Affidavit dated 14/09/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I, RIMPY BHATIA W/O VARUN JETHANI residing at H.NO-38, 1ST FLOOR PKT-3, ROHINI-21, DELHI-110086 have changed my name to PAYAL JETHANI for all future purposes.

**Name Change**
I Tashreefullah S/O Mohd Hussain R/O E-137, Near Post Office, Karam Pura, West Delhi-110015 have Changed my name to Tashrif Ullah for all future purposes.

## ज्ञान की रोशनी से प्रकाशमान करती है पुस्तके : पुलिस आयुक्त सतेन्द्र गुप्ता

एजेंसी

**सोनीपत।** हरियाणा पुलिस की एक अनूठी पहल के तहत पंचकूला से सोनीपत पुलिस लाइन में पुस्तक प्रदर्शनी वाहन पहुंचा। पुलिस आयुक्त सतेन्द्र गुप्ता ने कहा कि यह वाहन विभिन्न शिक्षण संस्थानों और विभागों तक ज्ञान की रोशनी पहुंचाने के उद्देश्य से यात्रा कर रहा है। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर की प्रेरणा से 17 अगस्त से 16 सितंबर 2024 तक पुस्तक परिक्रमा का आयोजन किया गया है, जिसमें नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा संचालित प्रदर्शनी वाहन शामिल है। इस प्रदर्शनी में पर्यावरण, सड़क सुरक्षा, साहित्य, कला, कथाओं और कहानियों की पुस्तकें शामिल हैं, जो विशेष रूप से युवाओं को प्रेरित करने के लिए लाई गई हैं। पुलिस उपायुक्त मनबीर सिंह ने कहा कि यह पहल युवाओं को पुस्तकों से जोड़ने और उन्हें साहित्य एवं कला के प्रति जागरूक करने का प्रयास है। आज की पीढ़ी इंटरनेट के कारण पुस्तकों से दूर हो रही है, ऐसे में यह वाहन एक सेतु का काम करेगा। पुस्तकालय में बच्चों ने पुस्तकों का अवलोकन किया और कुछ ने अपनी पसंद की किताबें भी खरीदीं। यह वाहन सोनीपत जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में पहुंचा, जिससे विद्यार्थियों को साहित्य और पर्यावरण के प्रति जागृति आई है।

## चेकिंग के दौरान 26 लाख व दो किलो सोना-चांदी जब्त

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में चुनाव को लेकर पुलिस ने अलग-अलग इलाकों में नाकाबंदी की हुई है। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान सुबह से लेकर देर रात तक पुलिस ने थाना सराय इलाके में 26 लाख 6 हजार रुपए बरामद करे। वहीं 2 किलो 60 ग्राम सोना और 2 किलो 992 ग्राम चांदी भी पकड़ी गई। इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर पूरे फरीदाबाद में पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स ने अलग-अलग इलाकों में नाकेबंदी की हुई है। इसी के मद्देनजर बीते कल सराय नाके पर चेकिंग के दौरान कार नंबर एचआर 26 बीई 0090 जिसे शिवानंद गुप्ता फरीदाबाद निवासी 12/4 मैन मथुरा रोड चला रहा था, जिसकी गाड़ी से नकद 1,82,560 रुपए मिले। वहीं दूसरी कार क्क 16 श्व॥9986 जिसे शाहिद निवासी आलमपुर धौज, चला रहा था। कार से 3 लाख रुपए मिले। तीसरी कार डीएल3सीसीएस 6244 जिसे सचिन गोयल चला रहा था, जिसकी कार से 1,46,000 रुपए मिले। चौथी कार जिसे जय कथूरिया निवासी जवाहर कॉलोनी चला रहा था, जिससे 5,82,000 रुपए बरामद किए गए। पांचवीं कार हर्ष अजय निवासी फरीदाबाद चला रहा था, जिसकी कार से 7,00,000 लाख रुपए कैश बरामद किए गए। पांचवीं कार पी78 एन6983 जिसे नीरज निवासी बहा थाना जिला आगरा चला रहा था, जिससे 7,50,000 कैश 2 किलो 992 ग्राम चांदी और 2 किलो 60 ग्राम सोना बरामद किया गया है। चुनाव आयोग की गाइडलाइन के मुताबिक कोई भी व्यक्ति अपनी कार या अन्य किसी वाहन में 50,000 से ज्यादा कैश लेकर नहीं चल सकता । यदि वह 50,000 से ज्यादा कैश लेकर चलता पाया गया तो पुलिस उसे जब्त कर लेगी और चुनाव के बाद ही पूरा ब्यौरा देने के बाद उसे वापस लौटाया जाएगा।

## विद्यालय में हुआ हरियाणा उदय कार्यक्रम

**गुरुग्राम।** मानेसर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बाल) में हरियाणा कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हरियाणा उदय नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रंगोली, पोस्टर मेकिंग, रागनी व नृत्य प्रतियोगिताओं कराई गई। विद्यालय की इंचार्ज शिप्रा के नेतृत्व में विद्यालय में रसायन प्रवक्ता रितु कटारिया की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ। ड्राइंग अध्यापिका रेखा ने विद्यार्थियों को हरियाणा की संस्कृति से रूबरू कराया। छात्रों ने आकर्षक रंगोली तथा पोस्टर बनाकर अपनी प्रतिभा दिखाई। हरियाणा वेशभूषा में बच्चों ने नाटक प्रस्तुत किए गए। विद्यालय प्रांगण में चौपाल की तरह से सजावट की गई। चौपाल में बड़े-बुजुर्गों की भूमिका में बच्चों ने हरियाणा की पौराणिक संस्कृति को जीवंत रूप में दिखाया। इंचार्ज शिप्रा ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हरियाणा की संस्कृति और संस्कारों को बढ़ावा देना है। बच्चों को यह ज्ञान होना चाहिए कि हमारे प्रदेश की संस्कृति किस तरह की रही है। हमारा परस्पर भाईचारा, एकता, अखंडता मजबूत रही है। ऐसे शिक्षा से बच्चों में भविष्य के लिए अच्छे संस्कारों का बीजारोपण होगा, ऐसा उनका विश्वास है। उन्होंने कहा कि हरियाणा उदय कार्यक्रम में शिक्षा के संस्कृति को मजबूत बनाने का माध्यम बन रहा है।

## पर्यावरण की चुनौतियों से निपटने को ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा दें : नारायणन

**चंडीगढ़।** हरेडा के महानिदेशक एस नारायणन (आई एफ एस) ने पर्यावरण चुनौतियों से निपटने में सहयोग करने का आह्वान करते हुए कहा है कि हरित ऊर्जा परियोजना का लक्ष्य अगले दो वर्षों में अक्षय ऊर्जा स्रोतों को 30 प्रतिशत तक बढ़ाना है। नारायणन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित किये जा रहे दसवें इंस आउट के दौरान आयोजित रीजनल एनर्जी ट्रांजिशन एन्ड सस्टेनेबिलिटी (आर ई टी एस) के दौरान प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय मे वन क्षेत्र को बढ़ावा देना समय की मांग है। पर्यावरण के अनुकूल परिवहन विकल्पों की शुरूआत, इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है। नारायणन ने पीएम सूर्य घर योजना पर विस्तृत रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी दी जाती है। इस अवसर पर पीएचडीसीसीआई रीजनल पावर एंड रेनेबवल एनर्जी कमेटी के संयोजक पर्व अरोड़ा, चण्डीगढ़ चेप्टर के चेयर मधुसूदन विज, पंजाब चेप्टर के को चेयर संजीव सिंह सेठी समेत कई गण्यमान्य मौजूद थे।

## विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर पुलिस अधीक्षक ने लिया मतदान बूथों की सुरक्षा का जायजा

एजेंसी

**सिरसा।** पुलिस अधीक्षक डबवाली दीप्ति गर्ग द्वारा विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर तैयारियों में मतदान केंद्रों और मतदान बूथों की सुरक्षा का जायजा लिया गया। लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर डबवाली पुलिस द्वारा अर्धसैनिक बलों के साथ अलग अलग थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च भी किया जा रहा है । शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में फ्लैग मार्च कर लोगों को कानून का पालन करने का संदेश जा रहा है । एरिया डोमिनेशन के दौरान लोगों को निर्भीक रूप से मतदान करने की अपील की गई । साथ ही यह अपील की गई कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कानून संगत कार्य करें। गड़बड़ी करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने डबवाली क्षेत्र के गांव सकता खेड़ा, अबूबशहर , चौटाला , जंडवाला बिश्नोई व गंगा क्षेत्र के कई संवेदन और अति संवेदनशील बूथों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान मतदान प्रक्रिया को लेकर कई बिंदुओं पर स्कूलों के शिक्षक, गांवों के प्रधान और गणमान्य लोगों से वार्ता करते



हुए सुझाव और जानकारी ली। कई स्कूलों में बनने वाले पोलिंग बूथों का दौरा कर वहां पेयजल, बिजली, सुरक्षा के विषय में भी जांच पड़ताल की गई।

स्कूलों में कमरों की संख्या देखते हुए उनसे जुड़े मतदाताओं की संख्या को भी अंकित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्र तक आने वाले सभी मार्गों पर जाकर बारीकी से निरीक्षण करते हुए पुलिस एवं अन्य वाहनों की आवाजाही को लेकर उनकी चौड़ाई भी परखी गई। मतदान केंद्र तक आने वाले मार्गों एवं आस पड़ोस में स्थित घरों का नक्शा भी तैयार किया गया। मतदान केंद्रों पर शौचालय समेत भवन के बारे में भी जानकारी की गई। डबवाली पुलिस द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देश के अनुपालन में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने गांव चौटाला में पुलिस नाका को चेक किया और नाका पर तैनात सभी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए ।

## राज्य सभा सांसद सुभाष बराला ने किया रोहताशजांगड़ा के कार्यालय का शुभारंभ

एजेंसी

**सिरसा।** राज्य सभा सांसद सुभाष बराला ने सिरसा से भाजपा प्रत्याशी रोहताश जांगड़ा के कार्यालय का शुभारंभ किया। कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर सर्वप्रथम हवन यज्ञ किया गया। इस मौके पर सुभाष बराला ने कहा कि मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि सिरसा विधानसभा के कार्यकर्ता मिलकर, जिन्होंने सालों साल पार्टी को अपनी मेहनत से सींचने का काम किया है, वो तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने के लिए सिरसा विधानसभा की पांचों सीटें भाजपा की झोली में डालें।

उन्होंने कहा कि सामान्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की ओर से उम्मीदवार बनाया गया है, जोकि भाजपा ही कर सकती है। बराला ने कहा कि सरकार ने किसानों,मजदूरों के कल्याणार्थ अनेक लाभकारी योजनाएं बनाई। युवाओं को बिना पर्ची-खर्ची के रोजगार देकर उनके भविष्य को सुरक्षित किया गया। बराला ने कहा कि भले ही लोकसभा चनुावों में विरोधी दल के नेताओं ने भाजपा के प्रति दुष्प्रचार किया, लेकिन जागरूक जनता से विरोधी दलों को अपने वोट की ताकत से सबक सिखाने का काम किया। इस मौके पर उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल प्रो.




गणेशीलाल ने सम्मान सूचक पगड़ी पहनाकर रोहताश जांगड़ा कोआशीर्वाद दिया। इस मौके पर राष्ट्रीय परिषद के सदस्य जगदीश चोपड़ा, यतिंद्र सिंह एडवोकेट, बलवान जांगड़ा, सुरेंद्र आर्य, मनीष सिंगला, अमन चोपड़ा,मुकेश मेहता, कपिल सोनी, राकेश वत्स, राज कुमार सोनी, जसविंद्र पाल पिंकी, भोजराज गुज्जर, भावना शर्मा, अशोक शर्मा, ओमप्रकाश शीशेवाला, विजय सेठी, कर्ण दुग्गल, कर्ण बतरा, सनप्रीत सोढ़ी, वीरेंद्र गिरी, राजेश जलंधरा,वीरेंद्र तिन्ना,सुमन शर्मा, श्याम बजाज, भूपेश मेहता सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आपराधिक पृष्ठभूमि के उम्मीदवार को अपने मामलों की जानकारी करनी होगी सार्वजनिक

एजेंसी

**गुरुग्राम।** विधानसभा चुनाव के दौरान उम्मीदवारों को अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की जानकारी समाचार-पत्रों व टी.वी. चैनलों पर सार्वजनिक करनी होगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजनीतिक पार्टियों को भी अपने उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि की जानकारी सार्वजनिक करने के साथ पार्टी की आधिकारिक वेबसाइट पर इसकी सूचना देनी अनिवार्य है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों व ऐसे उम्मीदवारों के संबधित राजनीतिक दलों को चुनाव अभियान अवधि के दौरान तीन बार टेलीविजन चैनलों और समाचार पत्रों के माध्यम से इसकी जानकारी प्रकाशित करनी होती है। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों को एक स्थानीय व एक राष्ट्रीय समाचार पत्र, फेसबुक और ट्विटर सहित राजनीतिक पार्टी के आधिकारिक सोशल मीडिया




प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी देनी होगी। राजनीतिक दलों को अपनी वेबसाइट पर लंबित आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों की पूर्ण जानकारी अपलोड करनी होगी। साथ ही ऐसे उम्मीदवार के चयन के कारण भी बताने होगें। ऐसे कारण संबंधित उम्मीदवार की योग्यता और उपलब्धियों के संदर्भ में दिए जाएं, ना कि उसके चुनाव जीतने की क्षमता के बारे में हों। जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने कहा कि यह विवरण उम्मीदवार के चयन के 48 घंटे के भीतर प्रकाशित किए जाएं और संबंधित राजनीतिक दल को उम्मीदवार के चयन के 72 घंटे में निर्वाचन आयोग के समक्ष इन निर्देशों के अनुपालन की रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। कोई राजनीतिक दल निर्वाचन आयोग के समक्ष ऐसी अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने में विफल रहता है तो निर्वाचन आयोग द्वारा इसे सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना मान कर सुप्रीम कोर्ट के ध्यान में लाएगा। इसे सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना माना जाता है, जिसे भविष्य में गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आपराधिक पृष्ठभूमि की जानकारी नामांकन वापसी की तिथि से पहले 4 दिनों के भीतर, अगले 5वें से 8वें दिन के बीच और 9वें दिन से लेकर चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तक 3 बार टेलीविजन चैनलों और समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित करवानी होगी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 68763 मामलों 6.82 लाख रुपये से अधिक का हुआ सेटलमेंट

एजेंसी

**गुरुग्राम।** जिला में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें सिविल, बैंक रिकवरी, अपराधिक एवं वैवाहिक सहित अदालतों में लम्बित विभिन्न मामले रखे गए। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम रमेश चंद्र ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के



कार्यकारी अध्यक्ष के निर्देशानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन सुभाष महला के मार्गदर्शन में ज़िला में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। सचिव ने बताया कि लोक अदालत में विभिन्न मामलों को सरलता से निपटाने के लिए 24 बेंच जिला न्यायालय में तथा एक-एक बेंच पटौदी व सोहना स्थित उपमंडल स्तरीय न्यायालय में लगाई गयी थी। राष्ट्रीय लोक अदालत में गुरुग्राम ज़िला कोर्ट के कुल एक दिन में सभी श्रेणी के 80765 के करीब मामलों को लिया गया था। जिसमें 68763 मामलों का निबटारा किया गया और 6 करोड़ 82 लाख 47 हजार 281 रुपए का सेटलमेंट हुआ। लोक अदालत की सभी बेंच में एक एक पैनल अधिवक्ता को नियुक्त किया गया था, जो लोक अदालत के दौरान मौजूद रह कर समझौता तैयार करने में न्यायालयों और डीएलएसए की मदद कर रहे थे।

## नगर-निगम अधिकारी के मकान की गिरी छत, हादसा टला

एजेंसी

**फरीदाबाद।** एनआईटी एक नंबर के सी ब्लॉक में नगर निगम के अधिकारी के मकान की पहली मंजिल की छत भरभरा कर गिर गई। गनीमत रही कि समय रहते नगर निगम अधिकारी की मां और उनका एक भाई नीचे आ गया था, जिसके चलते उनकी जान बच गई। लेकिन इस हादसे में उनके छोटे भाई जोगिंद्र को चोट आई है। जिसे फरीदाबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। मामले में जानकारी देते हुए नगर निगम अधिकारी अभिजीत सिंह के भाई युवराज ने बताया कि उनके भाई अभिजीत उनके पिता अनिल सिंह जो कि नगर निगम में कार्यरत थे, उनकी कोरोना के दौरान मौत हो गई थी। उनकी नौकरी उनके भाई अभिजीत को मिली है और लगभग 3 साल से वह नौकरी पर हैं, तभी से वह लोग इस मकान में रह रहे हैं। मकान काफी जर्जर था, जिसकी शिकायत उनके भाई ने कई बार नगर नियम के अन्य बड़े अधिकारियों से की थी। इस काम मेंटेनेंस कराया जाए, लेकिन समय रहते इस काम को नहीं कराया गया और कल बरसात के चलते उनके साथ यह हादसा हुआ। युवराज ने बताया कि पूरे दिन कल बरसात हुई थी, जैसे ही कुछ बरसात खुली तो उनकी मां सरोज और वह पहली मंजिल से उतर कर नीचे आ गए, लेकिन उनका छोटा भाई जोगिंद्र ऊपर ही सो रहा था कि अचानक से छत गिरने की उन्हें आवाज आई। जब वह बाहर निकले, तो देखा कि जोगिंद्र भी बाहर निकला रहा है। तब तक उसको चोट लग चुकी थी। घटना के बाद जोगिंद्र को एक नीचे अस्पताल में इलाज नहीं भर्ती कराया गया है। जहां पर जोगिंद्र का इलाज चल रहा है। वहीं युवराज ने बताया कि उनकी और उनके परिवार के किस्मत ठीक थी कि समय रहते हुए उनकी माता निकल आई। अन्यथा किसी की जान भी जा सकती थी।

## मैं विकास व हिसार परिवार के साथ न्याय के संकल्प के साथ चुनाव मैदान में उतरी : सावित्री जिंदल

एजेंसी

**हिसार।** हिसार से आजाद उम्मीदवार सावित्री जिंदल कहा कि हिसार परिवार के साथ न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लोगों के आग्रह पर वे चुनाव मैदान में आई हैं। उन्होंने कहा कि पूरा हिसार उनका परिवार है और बाऊजी ओपी जिंदल के समय से ही जिंदल हाउस के दरवाजे सबके लिए खुले हैं। सावित्री जिदंल सेक्टर 13 सहित अन्य स्थानों पर जनसंपर्क अभियान चलाकर वोटों की अपील कर रही थी। उन्होंने कहा कि उन्होंने हिसार परिवार की सेवा का प्रण लिया है। अंतिम सांस तक वे हिसार के हितों के लिए समर्पित रहेंगी। उन्होंने कहा कि 1991 में विधायक बनने के बाद बाऊजी ओपी जिंदल अपने जीवन के अंतिम क्षण तक हिसार के विकास के लिए समर्पित रहे और किसान-मजदूर, दलित-पिछड़े, व्यापारी-कर्मचारी, युवाओं-महिलाओं, सभी के हितों की लड़ाई लड़ी। उनके ही सपने पूरे करने और हिसार में खुशहाली की गंगा बहाने के लिये हरियाणा के कैबिनेट मंत्री के रूप में उन्होंने शहरी विकास और संपत्ति कर सुधार के क्षेत्र में अनेक कार्य किये। पिछले 10 साल में हिसार में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, सुरक्षा समेत अनेक चुनौतियां उत्पन्न हुई हैं, जिन्हें दूर करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता



होगी। इस अवसर पर जसवंत सिंह, मास्टर जयपाल शर्मा, राजेश स्वामी, महेंद्र सिंह, कृष्ण लाल सतपाल पानू, जितेन्द्र श्योरान, रतन आर्य, धर्म सिंह लांबा, साधुराम बंसल, अनिल कुमार, मदन इंदौरा, रमेश कुमार बसेर, रोहताश मनोरिया, जगदीश गर्ग सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कांग्रेस विधायक को शहर के विकास को लेकर दी खुली चुनौती

एजेंसी

**रोहतक।** रोहतक विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनीष ग्रोवर ने कांग्रेस प्रत्याशी पर आरोप लगाया कि सता में रहते हुए उन्होंने शहर के विकास के लिए एक भी काम नहीं किया, सिर्फ एसी कमरे में बैठकर हवा खाने का काम किया है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी को शहर के विकास को लेकर खुले मंच पर बहस की चुनौती दी और कहा कि झूठ बोलने से कुछ नहीं होता है। भाजपा प्रत्याशी मनीष ग्रोवर ने शहर में विभिन्न स्थानों पर जनसम्पर्क अभियान चलाया और भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने दस साल में जनहित में अनेक काम किए है। शहर के विकास को लेकर जो भाजपा ने दस साल में काम किया है, वह आज तक कभी भी किसी सरकार ने नहीं किया है। शहर को जाम मुक्त किया, जोकि लोगों की सबसे बड़ी समस्या थी। इसके अलावा स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए जलघरों का निर्माण किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी केवल झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रहे है। पूर्व मंत्री ने कहा कि शहर के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं रहेगी। केन्द्र में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पास शहरी विकास मंत्रालय है। पहले



भी शहर के विकास के लिए भाजपा ने कोई कमी नहीं रहने दी और भविष्य में स्वच्छता के मामले में शहर इंदौर की तरह पहले नंबर पर होगा, इसके लिए बकायदा एक विजन तैयार किया गया है। पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कहा कि एक वह समय था जब दुकानदारों से खुलेआम धमकिया दी जाती थी और बाजारो में गुंडागर्दी होती थी, लेकिन भाजपा के सता में आने के बाद आज व्यापारी पूरी तरह से सुरक्षित है और बिना भय के अपना काम कर रहे है। उन्होंने पूर्व सीएम हुड्डा पर भी निशाना साधा और कहा कि 2016 की घटना सबको याद है और रोहतक की जनता शहर को जलाने वालो को कभी माफ नहीं करेगी। भाजपा प्रत्याशी मनीष ग्रोवर ने कहा कि कांग्रेस के समय खर्ची पर्ची का सिस्टम चलता था, लेकिन जब से भाजपा सरकार सत्ता में आई खर्ची पर्ची सिस्टम को बंद कर युवाओं को पारदर्शिता के आधार पर नौकरियां दी गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रही है, लेकिन इस बार कांग्रेस का झूठ नहीं चलेगा और पूर्ण बहुमत से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी। प्रधानमंत्री मोदी की रैली को लेकर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की नीतियों के चलते आज विश्व में भारत को अलग पहचान मिली है।

## कांग्रेस की सरकार में दलित व पिछड़ों पर होते थे अत्याचार : रणबीर गंगवा

एजेंसी

**हिसार।** बरवाला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रणबीर गंगवा ने कहा है कि 10 वर्षां में भाजपा सरकार ने लोगों के जीवन को सरल बनाया है। भाजपा ने अंत्योदय की भावना के साथ काम किया और सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया। रणबीर गंगवा बरवाला कुम्हार धर्मशाला व शहरी क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व कांग्रेस सरकार के समय क्षेत्रवाद, भाई भतीजावाद और परिवारवाद



का बोलबाला था। हमारी सरकार ने क्षेत्रवाद, भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार पर विराम लगाया है। उन्होंने कहा कि जनता कांग्रेस की सरकार के समय में दलित और पिछड़ों पर हुए अत्याचार को भूली नहीं है। भाजपा सरकार में दलित और पिछड़ों को उनके हक दिलवाए गए और उन्हें आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर दिए गए। दलित और पिछड़ा वर्ग के युवाओं को एचसीएस और अन्य कई तरह की उच्च श्रेणी की नौकरियां दी गई। इस अवसर पर कुम्हार धर्मशाला के प्रधान डॉ. देशराज, सचिव जगरूप व अन्य पदाधिकारियों की उपस्तिथि में बरवाला के विभिन्न गांव से कुम्हार समाज के प्रतिनिधियों ने भाजपा प्रत्याशी रणबीर गंगवा को एकजुट होकर अपना समर्थन देने की घोषणा की।

## नलवा हलके की तरक्की के लिए रणधीर पनिहार को विजयी बनाएं : कुलदीप बिश्नोई

एजेंसी

**हिसार।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने कहा है कि नलवा हलके की तरक्की के लिए रणधीर पनिहार को भारी मतों से विजयी जिताएं। उन्हें पूरा विश्वास है कि जीत के बाद रणधीर पनिहार नलवा हलके में विकास कार्यों की झड़ी लगा देंगे और आप लोगों की उम्मीदों पर वे एकदम खरा उतरेंगे।

कुलदीप बिश्नोई नलवा हलके से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रणधीर पनिहार के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चला रहे थे। उन्होंने हलके के लुदास, सरसाना, शाहपुर, बासड़ा, न्योली कलां, गोरछी, मात्रश्याम, रावलवास कलां, मिंगनी खेड़ा, धीरणवास, किरतान, रावलवास खुर्द, सीसवाला, नथवाना, हिन्दवान, भिवानी रोहिल्ला, आर्यनगर आदि गांवों का दौरा करके ग्रामीणों से वोटों की अपील की। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि नलवा विधानसभा की सीट भारतीय जनता पार्टी के खाते में डालकर आप सभी इसमें अपना योगदान दें। नलवा हलका रणधीर पनिहार का अपना हलका है और वे यहां के चप्पे-चप्पे से वाकिफ हैं। हलके के लोगों के साथ उनके पारिवारिक रिश्ते हैं। इसलिए आप इन चुनावों में सोच समझकर अपने मत का इस्तेमाल करें और जो उम्मीदवार आपके हकों की आवाज को मजबूती



से उठा सके और जिसकी छवि साफ सुथरी एवं ईमानदार हो उसी को अपना वोट दें और इस कसौटी पर रणधीर पनिहार एकदम खरे उतरते हैं। रणधीर पनिहार ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस ने अपने शासन काल में प्रदेश में भय, भ्रष्टाचार, लूट-खसोट, सीएलयू के नाम पर किसानों की जमीनों को लूटना तथा हर वर्ग के हितों पर कुठाराघात करने का काम किया। प्रदेश की जनता यह कभी नहीं चाहेगी कि प्रदेश में ऐसे हालात दोबारा हों। भाजपा सरकार ने प्रदेश के हर वर्ग का चहुंमुखी विकास किया है। आज प्रदेश का किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी, महिलाएं, बुजुर्ग, युवा सभी सरकार की नीतियों से खुश हैं।

इस मौके पर मुख्य रूप से हनुमान वर्मा, सरोज सिहाग, भूप सिंह खिचड़, अन्वेश यादव, बलजीत फोगाट, दलबीर धीरणवास, रविंद्र रॉकी, अनूप धनखड़, कृष्ण सरपंच, बलजीत सरपंच, प्रताप सहारण सरपंच, फकीरचंद आर्यनगर, भीम ज्याणी सहित काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## कपास फसल को सुंडी से बचाव व कीड़ों के एकीकृत प्रबंधन पर हुयी कार्यशाला

एजेंसी

**सिरसा।** कपास फसल में गुलाबी सुण्डी, सफेद मक्खी, कपास के कीड़ों का एकीकृत प्रबन्ध व अन्य रोगों के नियंत्रण बारे कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता संयुक्त निदेशक कपास रामप्रताप सिहाग ने की। कार्यशाला में बी.टी बीज कम्पनियों के प्रतिनिधि, बीज डीलरों सहित कृषि विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। संयुक्त निदेशक (कपास) ने उपस्थित प्रतिनिधयों व अधिकारियों को कहा कि उच्च गुणवत्ता के बीज व कीटनाशक समय पर किसानों को उपलब्ध करवाऐं ताकि किसान को गुलाबी सुण्डी, सफेद मक्खी. कपास के कीड़ों की पूर्ण रोकथाम में सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि वे जमीनी स्तर पर किसानों को आने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कार्य करें। डा. एस.के सैन ने बताया कि कपास फसल में उखेड़ा की सम्भावना रहती है, इसलिए किसान हल्की सिंचाई में 10 किलो यूरिया व कॉपर आक्सिकलॉराईड 500 ग्राम का इस्तेमाल करें। डा. अमरप्रीत द्वारा सलाह दी गई कि कपास फसल में फूल डोडी गिरने पर प्लेनोफिक्स का स्पैं करें। डा. एस.के वर्मा द्वारा सुझाव दिया गया कि इस समय कपास फसल में फुल व टिंडे बन रहे हैं, इस कारण कपास फसल को अधिक पोषक तत्तवों की आवश्यकता होती हैं, इसलिए किसान भाई एन.पी.के 13:0:45 के दो स्प्रे जरूर करें व 15 से 20 किलो यूरिया खाद जरूर डालें। कार्यशाला में वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. ऋ षि, डा. एस.के वर्मा, डा. एस.के. सैन व डा. अमरप्रीत द्वारा उपस्थित प्रतिनिधियों को गुलाबी सुण्डी की रोकथाम बारे विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत



**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में घटबढ़ के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.09 प्रतिशत बढ़कर 69.24 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया लेकिन लंदन ब्रेंट क्रूड 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72.18 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। देश के चार महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत इस प्रकार रही।

# श्रीराम फाइनेंस के ब्रॉड एंबेसडर बने लीजेंड पूर्व क्रिकेटर राहुल द्रविड़

**मुंबई।** श्रीराम ग्रुप की अग्रणी कंपनी श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और हेड कोच राहुल द्रविड़ को अपना ब्रांड एंबेसडर' बनाया है। कंपनी ने यह गौरव का विषय बताते हुए कहा है कि यह दो ऐसे ब्रांड के बीच साझेदारी है जिनकी पहचान भरोसा और विश्वसनीयता है। यह साझेदारी सामान मूल्यों पर आधारित है। राहुल द्रविड़, जो क्रिकेट के मैदान पर अपने अटूट समर्पण के लिए मशहूर रहे हैं, श्रीराम फाइनेंस द्वारा अपनाए गए मूल मूल्यों के प्रतीक हैं। जिस तरह राहुल भारतीय क्रिकेट की रीढ़ थे, उसी तरह श्रीराम फाइनेंस देश भर में अनगिनत व्यक्तियों और व्यवसायों की वित्तीय यात्रा में एक दृढ़ भागीदार रहा है। श्री. उमेश रेवणकर, कार्यकारी उपाध्यक्ष, श्रीराम फाइनेंस ने इस सांझेदारी के बारे में बात करते हुए कहा, श्रीराम फाइनेंस में हमारा उद्देश्य हमेशा से अपने ग्राहकों को सफल होने के लिए आवश्यक वित्तीय उपकरण और सहायता प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना रहा है। युवा प्रतिभाओं को निखारने में राहुल द्रविड़ की प्रतिबद्धता और बेदाग रिकॉर्ड हमारे विकास और सफलता को सक्षम बनाने के लक्ष्य के साथ पूरी तरह से मेल खाते हैं। हम उन्हें अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में पाकर हम बेहद खुश हैं।

# पहली छमाही में कार्यालय-स्थल के सौदों में 45 प्रतिशत बड़े आकार के सौदे: नाइट फ्रैंक

**नयी दिल्ली।** अग्रणी संपत्ति परामर्श फर्म नाइट फ्रैंक इंडिया के अनुसार कैलेंडर वर्ष 2024 की पहली छमाही में देश के आठ प्रमुख बाजारों में बड़े (एक लाख वर्ग फुट से अधिक के) कार्यालय स्थलों के पट्टों के सौदों में 54 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। नाइट फ्रैंक इंडिया की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार पिछले वर्ष की पहली छमाही में बड़ी श्रेणी के कार्यालय स्थलों के कुल 1.018 करोड़ वर्ग फुट के सौदे हुए थे। इस वर्ष पहली छमाही में बड़े कार्यालय-स्थलों के लिए कुल 1.6 करोड़ वर्ग फुट के सौदे हुए। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, ÷बेंगलुरु अपने भारतीय परिचालन का विस्तार करने की चाहत रखने वाले बड़े व्यवसायियों के लिए सबसे आकर्षक कार्यालय बाजार बना हुआ है। कार्यालय स्थान के लेन-देन में वृद्धि मुख्य रूप से उन कंपनियों द्वारा की गई है जो बाजार में अपने दीर्घकालिक परिचालन का विस्तार करने के लिए वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) स्थापित कर रहे हैं। लचीले कार्यस्थल महत्वपूर्ण बने हुए हैं, जो तीसरे पक्ष की आईटी सेवाओं और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों के लिए अनुकूलनशीलता और लागत बचत प्रदान करते हैं।

# हीरो मोटोकॉर्प ने 'द सेंटेनियल' की नीलामी से जुटाये 8.6 करोड़

**नयी दिल्ली।** दोपहिया वाहन बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने अपनी 'द सेंटिनियल' मोटरसाइकिल की नीलामी कर धार्मार्थ कार्यों के लिए 8.6 करोड़ रुपये जुटाये हैं।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस खास मॉडल की केवल 100 मोटरसाइकिलें बनाई गई हैं और हर मोटरसाइकिल में जुनून और इंजीनियग की मिसाल देखने को मिलती है। नीलामी में हिस्सा लेने वाले डीलर्स, सप्लायर्स, बिज़नेस पार्टनर्स और कंपनी के कर्मचारियों ने काफी उत्साह दिखाया। नीलामी का सबसे ऊंचा दाम 20.30 लाख रुपये था, जो सीई 100 नंबर की मोटरसाइकिल के लिए लगाया गया। कुल 75 मोटरसाइकिलों की नीलामी से 8.58 करोड़ रुपये की रकम जुटाई गई, जो इन मोटरसाइकिलों की बड़ी मांग और उनके खास आकर्षण को दर्शाता है। कंपनी के कार्यकारी अध्यक्ष पवन मुंजाल ने कहा द सेंटेनियल की बड़ी सफलता हमारे मानद अध्यक्ष डॉ. बृजमोहन लाल मुंजाल की लोकप्रियता और मेल खाती है। यह कृति उनके मूल्यों की पहचान है और उनके द्वारा छोड़ी गई महान विरासत के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। मेरे पिता हमेशा समाज की भलाई के लिए समर्पित थे।

# मालदीव के मंत्रियों ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना स्थल का दौरा किया

**एजेंसी**
**मुंबई/नई दिल्ली।** मालदीव गणराज्य के निर्माण और अवसंरचना मंत्री डॉ. अब्दुल्ला मुथथलिब के नेतृत्व में मालदीव के वरिष्ठ मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मुंबई में मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने मुंबई में निर्माणाधीन भारत की पहली अंडरसी टनल से जुड़ी हाई स्पीड रेल सी-2 पीकेजी का दौरा किया है। ये प्रतिनिधिमंडल भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के साथ विचार-विमर्श कर रहा है। एफकॉन्स ने जारी बयान में कहा कि मालदीव के मंत्रियों का प्रतिनिधिमंडल ने मुंबई में निर्माणाधीन मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के एक हिस्से का दौरा किया है। इस परियोजना का निर्माण इंजीनियरिंग कंपनी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के लिए किया जा रहा है। इस परियोजना में 21 किलोमीटर लंबी सुरंग शामिल है,




जिसमें भारत की पहली अंडरसी हाई स्पीड रेल सुरंग (7 किलोमीटर) भी है।कंपनी ने बताया कि इस प्रतिनिधिमंडल में मालदीव के निर्माण एवं अवसंरचना राज्य मंत्री इब्राहिम थोआम मोहम्मद, निर्माण एवं अवसंरचना राज्य मंत्री इस्माइल हमीद, रणनीतिक संचार निदेशक अब्दुल्ला मिउवन शरीफ और मोहम्मद जिनान सईद शामिल थे। वहीं, भारत की ओर से मालदीव में भारत के उच्चायुक्त मुनु महावर, राष्ट्रीय हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन के मुख्य परियोजना प्रबंधक उदय प्रकाश सिंह और परियोजना निदेशक सुनील त्यागी के नेतृत्व में एफकॉन्स टीम के साथ प्रतिनिधिमंडल में शामिल हुए, जिन्होंने निर्माण की बारीकियों के बारे में बताया।

उल्लेखनीय है कि एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड शापूरजी पल्लोनजी समूह की एक अग्रणी इंजीनियरिंग और निर्माण कंपनी है। ये कंपनी मुख्य तौर पर इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग और निर्माण का कार्य करती है।

इसकी छह दशकों से अधिक की विरासत है, जिसमें भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई तकनीकी रूप से जटिल ईपीसी परियोजनाओं को निष्पादित करने का मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड है। ईएनआर सर्वेक्षण 2023 के अनुसार एफकॉन्स भारत की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों में से एक है, जो मरीन और पोर्ट्स निर्माण में 10वें और ब्रिज में 12वें स्थान पर है।

# शक्कर में पूछपरख, खाद्य तेलों में तेजी, दलहन नरम, दालों में गिरावट, चावल सामान्य



**एजेंसी**
**इंदौर।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में पूछपरख सुधार लिए रही। खोपरा बूरा मजबूत बताया गया। खाद्य तेलों में तेजी दर्ज की गई। आज सोयाबीन रिफाइंड ऊंचा होकर बिका। तिलहन में मजबूती रही। दलहन भाव कमी लिए रहे, जबकि दाल में घट-बढ़ हुई। चावल में उठाव बना बताया गया।

**किराना बाजार**
सियागंज किराना बाजार में शक्कर में पूछपरख रही। आज शक्कर में चार गाड़ी की आवक हुई। खोपरा बूरा दिसावर के साथ मजबूत रहा। साबूदाना में कामकाज बढ़ा रहा। खोपरा गोला तथा हल्दी में खरीदी रही।

**तेल-तिलहन**
खाद्य तेलों में लिवाली से तेज़ी दर्ज की गई। आज सोयाबीन रिफाइंड में ऊंचा रहा। तिलहन में सरसों में खरीदी सुधार लिए रही।

**दाल-दलहन**
संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन जिन्सों में दाल मिलों की मांग कमी से नरमी रही।? दालों में भी मांग सुस्त बताई गई, इससे भाव घट-बढ़ लिए रहे। चावल में मांग बनी रही।

# आरबीआई ने कहा-16 की बजाय 18 सितंबर को होगी ईद-ए-मिलाद की छुट्टी

**एजेंसी**
**मुंबई/नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने 16 सितंबर को घोषित सार्वजनिक अवकाश निरस्त कर दिया है। अब मुंबई शहर और मुंबई उपनगरीय जिलों में स्थित आरबीआई के सभी कार्यालय ईद-ए-मिलाद पर्व के उपलक्ष्य में 18 सितंबर 2024 को बंद रहेंगे। इसके साथ ही इस दिन सरकारी प्रतिभूतियों, विदेशी मुद्रा और मुद्रा बाजारों में भी कोई लेन-देन और निपटान नहीं होगा।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने जारी एक बयान में बताया कि पैगम्बर मुहम्मद के जन्म के अवसर पर मनाई जाने वाली ईद-ए-मिलाद अब 18 सितंबर को मनाई जाएगी। आरबीआई के मुताबिक अब सरकारी प्रतिभूतियों, विदेशी मुद्रा और मुद्रा बाजारों में कोई लेन-देन और निपटान 18 सितंबर को नहीं होगा। इसके साथ ही मुंबई शहर और मुंबई उपनगरीय जिलों में स्थित आरबीआई के सभी कार्यालय भी




बंद रहेंगे। आरबीआई के मुताबिक महाराष्ट्र सरकार ने परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 25 के तहत 18 सितंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। पहले 16 सितंबर को घोषित सार्वजनिक अवकाश को रद्द कर दिया गया है। ऐसे में सरकारी प्रतिभूति बाजार, विदेशी मुद्रा बाजार, मुद्रा बाजार और रुपया ब्याज दर डेरिवेटिव बाजार अब 16 सितंबर को चालू रहेंगे। वहीं, 17 सितंबर को निर्धारित राज्य सरकार की प्रतिभूतियों की नीलामी का निपटान अब 18 सितंबर के बजाय 19 सितंबर को होगा।

# विजयवाड़ा-नई दिल्ली के बीच इंडिगो की विमान सेवा का शुभारंभ

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर आयोजित एक कार्यक्रम में विजयवाड़ा से नई दिल्ली के बीच इंडिगो की सीधी उड़ान सेवा का शुभारंभ किया। नायडू ने विजयवाड़ा एयरपोर्ट पर एक नए प्रवेश और निकास मार्ग का भी शुभारंभ किया। मंत्री के कार्यालय ने एक्स पोस्ट पर एक बयान में कहा कि केंद्रीय मंत्री नायडू ने विजयवाड़ा-नई दिल्ली के बीच इंडिगो की उड़ान का उद्घाटन किया है। इसके साथ ही उन्?होंने विजयवाड़ा एयरपोर्ट पर एक नए प्रवेश और निकास मार्ग का भी शुभारंभ किया। इससे एयरपोर्ट पर आने-जाने वाले यात्रियों के लिए दूरी 400 मीटर कम हो गई है। मंत्री नायडू ने कहा कि मुझे हवाई अड्डे के संचालन की समीक्षा करने का भी मौका मिला। नए



एकीकृत टर्मिनल को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। हम विजयवाड़ा एयरपोर्ट को और विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, यह उद्घाटन उसी दिशा में एक कदम मात्र है।

# साया पियाज़ा हाई स्ट्रीट मॉल पूरा होने के करीब

**एजेंसी**
**इंदौर।** रियल एस्टेट कंपनी साया ग्रुप ने आधिकारिक रूप से अपने बहुप्रतीक्षित वाणिज्यिक प्रोजेक्ट साया पियाज़ा की फिट-आउट अवधि की शुरुआत कर दी है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह परियोजना नोएडा एक्सप्रेसवे के सेक्टर 131 में जेपी विशटाउन में स्थित है। इस महत्वपूर्ण चरण को चिह्नित करने के लिए, साया ग्रुप ने एक यज्ञ का आयोजन किया, जो फिट-आउट अवधि की आध्यात्मिक और समृद्ध शुरुआत का प्रतीक है।

कंपनी ने कहा कि जेपी विशटाउन का एकमात्र हाई स्ट्रीट मॉल होने के नाते यह हाई-प्रोफाइल परियोजना 2.06 लाख वर्ग फीट का लीज़ेबल एरिया और 567 स्टोर्स प्रदान करती है, जो प्रीमियम रिटेल और लाइफस्टाइल अनुभवों के लिए एक अनोखा गंतव्य है। यह 50,000 से अधिक परिवारों के क्षेत्र से घिरा हुआ है, जिसमें अमीर व्यक्ति और आस-पास के आईटी हब के पेशेवर शामिल हैं। साया पियाज़ा प्रीमियम रिटेल और लाइफस्टाइल अनुभवों के लिए एक प्रमुख गंतव्य बनने के लिए तैयार है। मॉल में 70 प्रतिशत प्रीमियम ब्रांड्स होंगे। साया ग्रुप के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक विकास भसीन ने कहा, एक सफल परियोजना की शुरुआत करने का इससे बेहतर तरीका नहीं हो सकता कि इसे आध्यात्मिक ऊर्जा से घेर लिया जाए, जो सौभाग्य और समृद्धि लाती है। साया ग्रुप अपनी जड़ों में भारतीय है, और यह यज्ञ हमारे मूल्यों और शुभारंभ में हमारी आस्था का प्रतीक है। यह हमारे ग्राहकों, साझेदारों और हितधारकों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है, जो जयपी विशटाउन के केंद्र में हो रही वाणिज्यिक क्रांति का हिस्सा बनेंगे, जहां साया पियाज़ा व्यावसायिक और मनोरंजन के केंद्र के रूप में उभरेगा।

# सरकार के रियायती दरों पर प्याज की खुदरा बिक्री से कीमत में आई गिरावट

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्याज की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने के लिए उपभोक्ताओं को रियायती दरों पर 35 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर बेचने की शुरुआत की है। सरकार की सब्सिडी वाली प्याज की खुदरा बिक्री की पहल से कुछ ही दिनों में प्रमुख शहरों में कीमतों में गिरावट आई है। हालांकि, इसकी कीमतों में अभी तेजी बनी हुई है।

उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि पांच सितंबर को शुरू की गई सरकार की सब्सिडी वाली प्याज की बिक्री की पहल से कुछ ही दिनों में प्रमुख शहरों में कीमतों में गिरावट आई है। मंत्रालय ने कहा कि नई



दिल्ली में प्याज की खुदरा कीमत 60 रुपये से घटकर 55 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है, जबकि मुंबई में 61 रुपये से घटकर 56 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। चेन्नई में खुदरा कीमत 65 रुपये से घटकर 58 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मंत्रालय ने कहा कि बढ़ती हुई मांग को देखते हुए सरकार ने सब्सिडी वाली प्याज की मात्रा बढ़ाने और वितरण चैनलों का विस्तार करके ई-कॉमर्स मंच, केंद्रीय भंडार आउटलेट और मदर डेयरी के सफल स्टोर को शामिल करने का फैसला किया है। गौरतलब है कि सरकार ने मोबाइल वैन और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नैफेड) के आउटलेट के जरिए 35 रुपये प्रति किलोग्राम की सब्सिडी दर पर उपभोक्ताओं को प्याज की बिक्री शुरू की है। नई दिल्ली और मुंबई में शुरू हुआ यह कार्यक्रम अब चेन्नई, कोलकाता, पटना, रांची, भुवनेश्वर और गुवाहाटी सहित अन्य प्रमुख शहरों में भी फैल चुका है।

# एफसीआई का 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान की शुरुआत की है। एफसीआई के अभियान का मुख्य फोकस 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' पर आधारित है। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2024 तक देशभर में चलाया जाएगा। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि एफसीआई ने 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर, 2024 तक स्वच्छता अभियान चलाने की एक योजना बनाई है। इस अभियान को देशभर में 760 स्थानों पर जम्मू-कश्मीर से लेकर केरल (उत्तर से दक्षिण) और गुजरात से लेकर पूर्वोत्तर राज्यों (पश्चिम से पूर्व) तक के सभी एफसीआई कार्यालयों, जोनल, क्षेत्रीय एवं जिला और दूरदराज के क्षेत्रों को कवर करने वाले गोदामों में शुरू किया गया है।




मंत्रालय ने कहा कि भारतीय खाद्य निगम ने 17 सितंबर, 2024 से शुरू होने वाले इस अभियान के लिए एक व्यापक योजना तैयार की है, जिसमें 'संपूर्ण समाज' दृष्टिकोण पर जोर देते हुए तीन प्रमुख स्तंभों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस अभियान की प्रगति की नियमित रूप से SHS पोर्टल https://swachhatahiseva.gov.in पर निगरानी की जाएगी। मंत्रालय के मुताबिक चूंकि स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक चलेगा और स्वच्छ भारत दिवस पर समाप्त होगा, इसलिए यह सभी नागरिकों, भागीदारों और हितधारकों के लिए इस राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का अवसर प्रस्तुत करता है। उल्लेखनीय है कि भारतीय खाद्य निगम देशभर के किसानों से एमएसपी पर गेहूं और धान खरीदता है। ये विभिन्न परिवहन साधनों के माध्यम से प्रति वर्ष करीब 50 मिलियन टन खाद्यान्न का परिवहन करके यह भी सुनिश्चित करता है, ताकि देश के हर हिस्से में गेहूं और चावल उपलब्ध हो। इसके बाद इस गेहूं और चावल को 2000 से अधिक एफसीआई के गोदामों में संग्रहीत किया जाता है और 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में उचित मूल्य की दुकानों के देशव्यापी नेटवर्क के माध्यम से वितरित किया जाता है।

# डीजीजीआई की वार्षिक रिपोर्ट 2023-24: जीएसटी चोरी के रुझान जारी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट 2023-24ॅ जीएसटी चोरी के रुझान जारी किए। रिपोर्ट में चोरी के पैटर्न का व्यापक विश्लेषण किया गया है। इसके साथ ही जीएसटी चोरी और रणनीतिक प्रवर्तन के महत्वपूर्ण मामलों पर प्रकाश डाला गया है।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) की तरफ से 'एक्स' पोस्ट में बताया गया है कि जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट 2023-24ॅ जीएसटी चोरी के रुझान जारी किए हैं। इस रिपोर्ट को सीबीआईसी के अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने डीजीजीआई सदस्य अनुपालन प्रबंधन राजीव तलवार एवं अन्य की उपस्थिति में जारी किया। जीएसटी खुफिया महानिदेशालय




का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन आज सिलीगुड़ी में शुरू हुआ। इसका उद्घाटन अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने किया। इस दो दिवसीय सम्मेलन में कर प्रवर्तन, उभरते कर चोरी क्षेत्रों की पहचान और वित्तीय धोखाधड़ी से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग पर चर्चा की जाएगी। सम्मेलन में सीईएसटीएटी, डीजीएआरएम, प्रवर्तन निदेशालय, एनएफएसयू, आई4सी, डीओटी और जीएसटीएन के प्रतिष्ठित आमंत्रितों के सत्र होंगे, जिनमें उन्नत डिजिटल फोरेंसिक, एनसीआरपी, बीआईएफए और सफल जांच जैसे विषयों को शामिल किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि वस्तु एवं सेवा कर खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) वित्त मंत्रालय के अधीन एक कानून प्रवर्तन एजेंसी है। यह एजेंसी भारत में कर चोरी से लड़ने के लिए जिम्मेदार है।

इसकी स्थापना 1979 में कर चोरी विरोधी महानिदेशालय के रूप में की गई थी, जिसे बाद में नाम बदल कर केंद्रीय उत्पाद शुल्क खुफिया महानिदेशालय कर दिया गया है।

# सरकार ने खाद्य तेलों पर आयात शुल्क में 20 प्रतिशत की वृद्धि की

**नई दिल्ली।**सरकार ने विदेशों से मंगाये जाने वाले कच्चे और रिफाइंड खाद्य तेलों पर आयात शुल्क में 20 प्रतिशत तक वृद्धि कर दी है, जिससे सस्ते तेलों के आयात पर अंकुश लगने की उम्मीद है। भारत के राजपत्र में वित्त मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार कच्चे पाम ऑयल, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर मूल्य सीमा शुल्क (बीसीडी) की दर शून्य से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दी गयी है। इसी तरह रिफाइंड पाम ऑयल, रिफाइंड सोयाबीन तेल और रिफाइंड सूरजमुखी तेल पर आयात शुल्क की दर 12.5 प्रतिशत से बढ़कर 32.5 प्रतिशत हो गयी है।

शुल्क की दरों में इन संशोधन से इन कच्चे खाद्य तेलों पर प्रभावी आयात शुल्क 5.5 प्रतिशत से बढ़कर 27.5 प्रतिशत और इनके रिफाइंड माल पर शुल्क की प्रभावी दर 13.75 प्रतिशत से बढ़कर 35.75 प्रतिशत हो जायेगी। खाद्य तेलों पर बीसीडी की नयी दरें आज से प्रभावी हो गयी हैं।

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि सरकार ने बासमती और प्याज पर न्यूनतम निर्यात मूल्य की शर्त समाप्त की है ताकि इनका निर्यात बढ़े। इसी तरह खाद्य तेलों पर आयात शुल्क बढ़ाने से इनका आयात कम होगा और भारतीय किसानों को उत्पादन और बिक्री बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इन फैसलों से उपभोक्ताओं को भी फायदा होगा। तेल उद्योग का कहना है कि खाद्य तेलों पर आयात शुल्क बढ़ाने से तेल की खुदरा कीमतों में कोई विशेष वृद्धि होने की संभावना नहीं है। तेल प्रसंस्करण एवं थोक कारोबार करने वाले एक व्यापारी ने अपना नाम न उजागर करने की शर्त पर कहा, वास्तव में मूंगफली तेल के भाव दो-तीन रुपये टूटे हैं। राजकोट में मूंगफली की नयी फसल की आवक थोड़ा-थोड़ा शुरू हो गयी है। वहां पिछले हफ्ते मूंगफली तेल का भाव 15500 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया था जो 15000 रुपये पर आ गया है। तेल उद्योग के अनुसार भारत सालाना 1.63 लाख टन खाद्य तेल का आयात करता है, जिसमें 95 से 100 लाख टन पाम आयल, 30 से 35 लाख टन सोयाबीन और करीब इतनी ही मात्रा में सूरजमुखी तेल का आयात होता है। उद्योग के अनुसार सस्ते तेल के आयात के कारण थोक मंडियों में सोयाबीन और सूरजमुखी के भाव न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से भी नीचे चल रहे हैं।

# जियो ने लॉन्च किया किफायती दाम और दमदार फीचर्स वाला जियोफोन प्राइमा 2

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** जियो ने अपना नया जियोफोन प्राइमा 2 भारतीय बाजार में लॉन्च किया है। नया जियोफोन एक स्मार्ट फीचर फोन है जो ग्राहकों को पूरी तरह से नया और अलग प्रीमियम मोबाइल अनुभव देने जा रहा है। शानदार डिज़ाइन नए फ़ोन की स्लीक और एलीगेंट प्रोफ़ाइल को काफी खूबसूरती से बढ़ाता है। अपनी शानदार लेदर जैसी फिनिश के साथ मैजिक टच को जोड़ने वाला है। जियोफोन प्राइमा 2 न केवल देखने में आकर्षक है, बल्कि पकड़ने में भी एक अलग ही आनंद देता है। नया जियोफोन प्राइमा 2, फोन को लग्जरी स्टेटमेंट के तौर पर पेश करता है। नया जियोफोन प्राइमा 2 एक शानदार डिज़ाइन की खूबसूरती को उभारने में भी सफल रहा है जो कि मॉडर्न लाइफस्टाइल से मेल खाता है। जियोफोन प्राइमा 2 पारंपरिक फीचर फोन से पूरी तरह अलग और हटकर है। इसमें वीडियो कॉलिंग की सुविधा भी दी गई है, जो ग्राहकों को किसी अलग एप्लिकेशन के बिना फेस-टू-फेस यानि आमने-सामने जुड़ने की अनुमति देता है। यह इनोवेटिव टेक्नोलॉजी सुविधा बिना किसी बाधा के निरंतर कम्युनिकेशन बनाए रखना यकीनी बनाती है, जो आपके अपनों को पहले से कहीं अधिक करीब लाती है।

# त्वचा की रंगत सुधारे, झुर्रियों को करे गायब, कमाल का है केमिकल पील ट्रीटमेंट, एक्सपर्ट ने बताए फायदे, कीमत



**स्किन में बढ़ती उम्र के साथ कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं. इन समस्याओं को दूर करने के लिए कई तरह के स्किन ट्रीटमेंट उपलब्ध हैं. इन्हीं में से एक स्किन ट्रीटमेंट है केमिकल पील्स. क्या है केमिकल पील्स ट्रीटमेंट और ये स्किन पर कैसे करता है असर, क्या हैं इसके फायदे-नुकसान, विस्तार से बता रहे हैं कॉस्मेटोलॉजिस्ट और स्किन एक्सपर्ट डॉ. जतिन मित्तल...**

आजकल त्वचा (स्म्रह्वठ्ठ) की समस्याएं कम उम्र में होना बहुत कॉमन बात होती जा रही है. इसका कारण कई हो सकते हैं जैसे प्रॉपर स्किन केयर ना करना, प्रदूषण, अनहेल्दी खानपान आदि से स्किन कम उम्र में ही खराब नजर आने लगती है. आज के इस हाई-फाई टेक्नोलॉजी के जमाने में कई स्किन ट्रीटमेंट ऐसे आ गए हैं, जो आपकी स्किन की तमाम तरह की समस्याओं को दूर करने में काफी कारगर साबित हो रहे हैं. इसी में से एक है केमिकल पील्स (Chemical peels) स्किन ट्रीटमेंट. केमिकल पील्स क्या है, स्किन पर कैसे करता है असर, क्या हैं इसके फायदे-नुकसान, कीमत और प्रक्रिया, इसके बारे में बता रहे हैं विस्तार से नई दिल्ली स्थित अभिवृत एस्थेटिक्स के को-फाउंडर कॉस्मेटोलॉजिस्ट और स्किन एक्सपर्ट डॉ. जतिन मित्तलज

क्या है केमिकल पील्स?

केमिकल पील्स त्वचा को बेहतर बनाने की एक तरह की प्रक्रिया है, जिसमें त्वचा की ऊपरी परत को केमिकल्स का उपयोग करके हटाया जाता है. इसमें खराब हो चुकी त्वचा की ऊपरी सतह को फिर से नई जैसी बनाते हैं. इससे त्वचा की गुणवत्ता में सुधार होता है. केमिकल पील्स में उन केमिकल्स का उपयोग किया जाता है, जो त्वचा की ऊपरी परत (एपिडर्मिस) को हटा देते हैं. कभी-कभी नीचे की परत (डर्मिस) को भी प्रभावित करते हैं. इसके लिए विभिन्न प्रकार के एसिड का इस्तेमाल किया जाता है जैसे कि सैलिसिलिक एसिड, ग्लाइकोलिक एसिड, लैक्टिक एसिड और ट्राइक्लोरोएसीटिक एसिड. इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य त्वचा की परत को हटाकर नयी और ताजगी भरी त्वचा को उत्तेजित करना होता है. इस प्रक्रिया में त्वचा की खामियों जैसे दाग-धब्बे, झुर्रियों, असमान रंगत को सुधारने में मदद मिलती है. केमिकल पील्स की प्रक्रिया का चुनाव त्वचा की स्थिति, समस्या की गंभीरता और उपचार के उद्देश्य पर निर्भर करता है. यह प्रक्रिया त्वचा विशेषज्ञ या प्रसाधन विशेषज्ञ द्वारा ही की जाती है. एक्सपर्ट आपकी त्वचा की स्थिति का मूल्यांकन करके उपयुक्त पील का चयन करते हैं.

केमिकल पील्स के प्रकार

सुपरफिशियल पील- यह त्वचा की सबसे ऊपरी परत को प्रभावित करता है. आमतौर पर हल्के दाग-धब्बों और त्वचा के समग्र रंग में सुधार लाने के लिए उपयोग किया जाता है.

मीडियम पील- यह त्वचा की गहरी परतों को प्रभावित करता है. अधिक गंभीर त्वचा समस्याओं जैसे मध्यम झुर्रियां और गहरी रंगत असमानताओं के उपचार के लिए उपयोग किया जाता है.

डीप पील- यह त्वचा की सबसे गहरी परतों को प्रभावित करता है. गहरी झुर्रियों और गंभीर स्किन डैमेज के उपचार के लिए डीप पील का इस्तेमाल किया जाता है.

केमिकल पील्स की प्रक्रिया क्या है?

केमिकल पील्स की प्रक्रिया एक सटीक और नियंत्रित तरीके से त्वचा की ऊपरी परत को हटाने का एक तरीका है. इस प्रक्रिया को आमतौर पर विशेषज्ञ त्वचा चिकित्सक या डर्मेटोलॉजिस्ट द्वारा किया जाता है. इसमें विभिन्न चरण होते हैं.

प्रोटेक्टिव उपाय

आंखों, बालों और नाजुक क्षेत्रों को बचाने के लिए इन्हें कवर किया जाता है. डॉ. जतिन मित्तल बताते हैं कि चयनित केमिकल पील को त्वचा पर सावधानीपूर्वक लगाया जाता है. पील की प्रक्रिया के प्रकार और त्वचा की स्थिति के आधार पर, एसिड का घनत्व और समय की अवधि निर्धारित की जाती है. कुछ पील्स को कई मिनटों तक त्वचा पर रखा जाता है, जबकि अन्य का प्रभाव तात्कालिक हो सकता है. समय पूरा होने के बाद, पील को विशेष समाधान या पानी से हटा दिया जाता है. उपचार के बाद, त्वचा को शांत और सुरक्षित रखने के लिए मॉइश्चराइज़र और सनस्क्रीन जैसे टॉपिकल उत्पाद लगाए जाते हैं.

केमिकल पील्स के जोखिम

वैसे तो केमिकल पील्स एक प्रभावी स्किन ट्रीटमेंट है, लेकिन इनमें कुछ जोखिम और संभावित साइड इफेक्ट्स भी हो सकते हैं. इन जोखिमों को समझना और उपयुक्त देखभाल करना महत्वपूर्ण हैज

त्वचा की संवेदनशीलता- केमिकल पील्स के बाद त्वचा अधिक संवेदनशील हो जाती है. इससे धूप, जलन या अन्य बाहरी कारकों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ सकती है.लालिमा और सूजन- उपचार के तुरंत बाद, त्वचा में लालिमा और सूजन हो सकती है. यह आमतौर पर अस्थायी होता है, लेकिन कुछ मामलों में यह लंबे समय तक रह सकता है.

# राहुल गांधी से भयभीत मोदी



इस समय भाजपा राहुल गांधी की राजनीति से इतना भयभीत है कि उनके हर बयान पर प्रतिक्रिया देने के लिए मजबूर है। दरअसल, पिछले दो साल से लगातार राहुल गांधी दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के मुद्दों पर मुखर हैं। संविधान, आरक्षण और दलितों- आदिवासियों के सम्मान- स्वाभिमान के लिए राहुल गांधी लगातार संघर्ष कर रहे हैं। 2014 में नरेंद्र मोदी ओबीसी का मुखौटा लगाकर आए थे।

प्रनेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी की तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा संपन्न हो चुकी है। इस यात्रा में राहुल गांधी ने डलास और वॉशिंगटन डीसी में भारतवंशियों, पत्रकारों, बुद्धिजीवियों और विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से संवाद किया। जैसाकि पहले से ही अनुमान था कि राहुल गांधी के भाषणों और वक्तव्यों का भारतीय जनता पार्टी विरोध करेगी। राहुल गांधी के बयानों पर भाजपा की प्रतिक्रिया आक्रामक ही नहीं बल्कि विद्वेषपूर्ण भी रही। राहुल गांधी ने अमेरिका में कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर खुलकर बात की। राहुल गांधी के बारे में यह बात कही जाती है कि वह सिर्फ आचरण में ही नैतिक नहीं हैं बल्कि संवादों और भाषणों में भी बेहद ईमानदार हैं। कई बार राजनीतिक नफा-नुकसान को भूलकर वे बौद्धिक और तार्किक ढंग से सवालों का जवाब देते हैं। मसलन, आरक्षण और जाति जनगणना के सवाल पर वे बेहद स्पष्ट और मुखर हैं।अमेरिका में भी राहुल गांधी ने आरक्षण पर अपनी राय व्यक्त की। आरक्षण खत्म करने के बारे में एक सवाल के जवाब में राहुल गांधी ने कहा कि असमानता और सामाजिक भेदभाव खत्म होने के बाद आरक्षण को समाप्त करने पर विचार किया जा सकता है। लेकिन अभी भारत में ऐसी स्थिति नहीं है। भारतीय जनता पार्टी ने राहुल गांधी के इस बयान पर तूफान खड़ा कर किया। अमित शाह ने ट्वीट करके कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी आरक्षण विरोधी हैं। कांग्रेस दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का आरक्षण खत्म करना चाहती है। लेकिन जब तक भारतीय जनता पार्टी है तब तक कोई आरक्षण समाप्त नहीं कर सकता। यह बयान कितना खोखला है, यह भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस की विचारधारा और मंसूबों से समझा जा सकता है। आज़ादी के समय से ही हिंदुत्ववादी आरक्षण ही नहीं बल्कि संविधान विरोधी भी रहे हैं।डॉ. आंबेडकर से लंबे समय तक उनका बैर किसी से छिपा नहीं रहा। इस नफरत के दो सबसे बड़े कारण थे। एक तो अंबेडकर दलित थे और दूसरा उन्होंने दलितों, आदिवासियों के उत्थान एवं सम्मान, स्वाभिमान की रक्षा हेतु संविधान में आरक्षण जैसा विशेष प्रावधान किया था। इसलिए दशकों तक यह नफरत जुबान पर भी होती थी, जो अब केवल दिलों में है। आज भले ही मोहन भागवत और नरेंद्र मोदी डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माला चढ़ाते हों या उनके स्मारक बनवाते हों लेकिन सच यही है कि डॉ. अंबेडकर के प्रति ना तो उनके मन में कोई सम्मान का भाव है और ना ही वे दलित समाज को बराबरी का दर्जा देना चाहते हैं। आश्चर्य तो इस बात का है कि राहुल गांधी के इस बयान पर चिराग पासवान, जीतन राम मांझी से लेकर मायावती जैसे नेताओं ने भी तल्ख बयानी की। या तो इन दलित नेताओं ने राहुल गांधी के बयान को पूरी तरह से सुना ही नहीं या वे राहुल गांधी को अविश्वसनीय और आरक्षण विरोधी स्थापित करने के भाजपा के प्रोजेक्ट में साझीदार हैं। अपने बयान पर आने वाली प्रतिक्रियाओं के अगले दिन ही राहुल गांधी ने वाशिंगटन में इस मुद्दे को स्पष्ट करते हुए कहा कि वह कतई आरक्षण विरोधी नहीं हैं। बल्कि वे 50 फ़ीसदी की आरक्षण की सीमा को खत्म करना चाहते हैं और पिछड़ों- वंचितों के लिए आरक्षण बढ़ाना चाहते हैं। वंचना और वैभव की खाई की सही जांच हो सके इसके लिए वह लगातार जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं।इस समय भाजपा राहुल गांधी की राजनीति से इतना भयभीत है कि उनके हर बयान पर प्रतिक्रिया देने के लिए मजबूर है। दरअसल, पिछले दो साल से लगातार राहुल गांधी दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के मुद्दों पर मुखर हैं। संविधान, आरक्षण और दलितों- आदिवासियों के सम्मान- स्वाभिमान के लिए राहुल गांधी लगातार संघर्ष कर रहे हैं। 2014 में नरेंद्र मोदी ओबीसी का मुखौटा लगाकर आए थे। लंबे समय तक उन्होंने इसका फायदा उठाया। लेकिन राहुल गांधी ने जाति जनगणना और सरकारी संस्थानों में प्रतिनिधित्व का सवाल उठाकर मोदी का यह मुखौटा नौंच दिया। आज राहुल गांधी दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों की उम्मीद बनकर उभरे हैं। देश के बहुसंख्यक तबके यानी दलित, पिछड़े और आदिवासियों में राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता और विश्वास भाजपा के लिए सबसे बड़ा खतरा है। इसीलिए राहुल गांधी के खिलाफ आरक्षण विरोधी होने का भ्रम फैलाकर मोदी और शाह दरकती हुई अपनी जमीन और साख को बचाना चाहते हैं।

2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों से साफ है कि राम मंदिर, हिंदुत्व और दलितों- पिछड़ों के खिलाफ लागू की गई नीतियों से प्रभावित-प्रसन्न सवर्ण तबके ने 2019 के चुनाव की अपेक्षा भाजपा को ज्यादा वोट दिया।लेकिन दूसरी तरफ भाजपा को दलितों और पिछड़ों की नाराजगी का नुकसान उठाना पड़ा। इसका फायदा इंडिया एलाइंस को मिला। कांग्रेस पार्टी को दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों ने अपेक्षाकृत अधिक वोट किया। राहुल गांधी के इर्द-गिर्द या कांग्रेस पार्टी के प्रमुख चेहरे भले ही सवर्ण हों लेकिन वोटर तो दलित वंचित और अल्पसंख्यक ही हैं। ऐसे में न सिर्फ भाजपा को बल्कि बहुजन समाज की राजनीति करने वाली मायावती को भी राहुल गांधी खतरा नजर आ रहे हैं। इसीलिए मायावती लगातार राहुल गांधी पर हमलावर हैं।

2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के नतीजों और आंकड़ों से समझा जा सकता है कि मायावती की राजनीति को राहुल गांधी ने कितना कमजोर किया है। बसपा इस चुनाव में अपना खाता भी नहीं खोल सकी। यूपी की सभी 80 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली बसपा को केवल 9.39त्न वोट मिले जबकि केवल 17 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस ने 6 सीटों पर जीत हासिल करते हुए बसपा से अधिक 9.46त्न वोट प्राप्त किए। ये आंकड़े बताते हैं कि बसपा का गढ़ रहे उत्तर प्रदेश जैसे देश के सबसे बड़े सूबे में मायावती का जनाधार तेजी से घट रहा है। इसका सीधा फायदा कांग्रेस को मिल रहा है। जाहिर तौर पर इस कामयाबी में सबसे बड़ी भूमिका राहुल गांधी की है। यही कारण है कि राहुल गांधी की सामाजिक न्याय की राजनीति और जनप्रियता से मोदी और मायावती दोनों नेता भयभीत हैं।

## संपादकीय

# केजरीवाल को जमानत

कई महीने जेल में गुजारने के बाद आखिरकार आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल ही गई। लेकिन हरियाणा विधानसभा चुनाव से महज कुछ हफ्ते पहले हुई इस रिहाई की राजनीतिक चश्मे से अलग-अलग व्याख्या की जा रही है। भले ही फैसले से आप ने राहत की सांस ली हो, लेकिन जमानत के विरोध को लेकर सीबीआई की विश्वसनीयता पर भी प्रश्न उठे हैं। शीर्ष अदालत ने केजरीवाल को शराब घोटाले में ईडी द्वारा दर्ज मामले में यह जमानत दी है।

हालांकि, अब केजरीवाल हरियाणा में चुनाव लड़ रहे आप उम्मीदवारों के लिये प्रचार करने के लिये स्वतंत्र हैं, लेकिन वे इस मामले के गुण-दोष को लेकर कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं कर सकेंगे। साथ ही सामान्य रूप से वे मुख्यमंत्री के रूप में अपने दायित्वों का भी पालन नहीं कर सकेंगे। बहरहाल, इन सीमाओं और शर्तों के बावजूद उनकी पार्टी राहत की सांस ले सकती है। निस्संदेह, रिहाई से हरियाणा में पार्टी के उम्मीदवारों का मनोबल बढ़ेगा। रिहा होने के बाद केजरीवाल ने कहा भी है कि जेल से आने के बाद मैं सौ गुना ताकतवर महसूस कर रहा हूं। वहीं सीबीआई के लिये यह असहज करने वाली स्थिति है कि मामले की सुनवाई कर रही बेंच के एक न्यायाधीश ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत देने में सीबीआई द्वारा बाधा डालने की बात कही है। वैसे जमीनी हकीकत यह भी है कि इस मुकदमे के निकट भविष्य में निबटने की संभावना कम ही है। बहरहाल, शीर्ष अदालत ने केजरीवाल की रिहाई के आदेश देकर संवैधानिक और कानूनी रूप से सही कदम उठाया है। सार्वजनिक विमर्श में भी यह बात उठती रही है कि एक मुख्यमंत्री व एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के नेता को सामान्य अपराधी की तरह ज्यादा समय तक जेल में नहीं रखा जाना चाहिए। अदालत ने कुछ समय पहले इस मुद्दे को लेकर अपनी राय प्रकट की थी।


वहीं दूसरी ओर अदालत ने इस आशंका को भी खारिज किया कि रिहाई के बाद मुख्यमंत्री सबूतों से छेड़छाड़ कर सकते हैं। बहरहाल, इसके बावजूद केजरीवाल न्यायिक प्रक्रिया के दायरे में हैं। वहीं सवाल सीबीआई की कार्यशैली व विश्वसनीयता को लेकर भी उठे हैं। वैसे भी यदि सीबीआई के पास पुख्ता सबूत थे तो उसे जमानत को लेकर सवाल नहीं उठाने चाहिए थे। जिसके चलते विपक्ष को सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में कार्रवाई करने के आरोप लगाने का मौका मिला। बहरहाल, केजरीवाल की रिहाई के बाद दिल्ली कांग्रेस प्रमुख की तीखी प्रतिक्रिया से कयास लगाये जा सकते हैं कि इस फैसले का असर हरियाणा चुनाव पर पड़ सकता है। राजनीतिक पंडित मानते हैं कि राज्य की जनता में सत्ता विरोधी आक्रोश का जो पूरा लाभ अब तक कांग्रेस को मिलने के आसार थे, उसमें केजरीवाल की सक्रियता से असर पड़ सकता है। एक तो हरियाणा केजरीवाल का गृह राज्य है और दूसरी ओर राज्य में स्टार प्रचारक के रूप में केजरीवाल की सक्रियता आप का जनाधार बढ़ा सकती है। इससे कार्यकर्ताओं का उत्साह भी बढ़ेगा और वे पार्टी प्रत्याशियों को सफल बनाने की कवायद में भी जुट सकते हैं।

जिससे भाजपा विरोधी वोटों का बंटवारा हो सकता है। जाहिरा तौर पर हरियाणा में कांग्रेस जिस बड़ी कामयाबी की उम्मीद लगाए बैठी थी, उसके ताजा घटनाक्रम से प्रभावित होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय है कि हरियाणा में सीटों के बंटवारे पर कांग्रेस के साथ सहमति न बनने के कारण आप राज्य की सभी सीटों पर ताल ठोक रही है।

यह भी कि 21 मार्च को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद केजरीवाल को कोर्ट ने लोकसभा चुनाव के दौरान जमानत दी थी। उन्हें 26 जून को फिर से सीबीआई द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था। तब से वे जेल में ही थे। जमानत पर पांच सितंबर को सुनवाई के बाद शीर्ष अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। फिर शुक्रवार को उन्हें जमानत मिली। निश्चित रूप से दिल्ली आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह के बाद केजरीवाल की रिहाई से आप के नेताओं व कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है।

# झोले में पुस्तकालय

बच्चों में किताबों को पढ़ने की रूचि उनकी स्कूली किताबें पढ़ने तक सीमित हो गई है। किताबें समय मांगती हैं। लेकिन किताबों की दुनिया अलग है। जब बच्चे यहां रंग-बिरंगे चित्रों वाली किताबें पढ़ते हैं। कहानी और कविता पढ़ते हैं, उनके हाव-भाव देखते ही बनते हैं। दिल उछल जाता है। वे कहानी और कविताओं के माध्यम से एक अलग दुनिया की सैर करते दीखते हैं।किताबों से हमारे अनुभव संसार का विस्तार होता है। नए अवसरों का संसार भी खुलता है। मुझे कुछ पुस्तकालयों को देखने और ऐसे लेखकों से मिलने का मौका मिला है, जिनकी दुनिया किताबों से जुड़ी थी। आज इस कॉलम में इन सबकी चर्चा करना उचित होगा, जिससे उनके महत्व के बारे में समझा जा सके।हमारे गांव में एक स्वयंसेवी संस्था थी, जिसका एक पुस्तकालय था। सबसे पहले मेरा इसी पुस्तकालय में किताबों से साक्षात्कार हुआ। किताबों को उलटना-पलटना, चित्र देखना, पढ़ना और उनके बीच रहना, मुझे बहुत अच्छा भाता था। वहां किताबें वर्गीकृत करके कांच की अलमारी में व्यवस्थित रखी होती थी। अलमारी खुली होती थी, जिससे जो भी किताब चाहिए, वह निकाल कर देखी जा सकती है।पुस्तकालय का सदस्य बनने के लिए बहुत ही मामूली शुल्क जमा करना होता था। उसके बाद किताब को पढ़ने के लिए घर ले जाया सकता था और निर्धारित समय में पढ़कर वापस किया जा सकता था। जो लोग संस्था के पुस्तकालय में नहीं आ पाते थे, उनके लिए संस्था ने गांव तक पुस्तकें पहुंचाने के लिए चलता-फिरता पुस्तकालय (सचल पुस्तकालय) भी शुरू किया था।इसमें संस्था के कार्यकर्ता साइकिल से गांव जाते थे और वहां झोले में भरकर पुस्तकें ले जाते थे। वे गांव में एक चबूतरे या पेड़ के नीचे किताबें फैलाकर बैठ जाते थे। वहां किताबों को देखने, उलटने-पलटने बच्चों की भीड़ जमा हो जाती थी। इन बच्चों व वयस्कों के लिए 25 पैसे सदस्यता शुल्क रखा गया था। इसे जमा कर वे किताबें घर ले जा सकते थे। और अगले हफ्ते जमा कर फिर दूसरी किताब ले जा सकते थे। कई बार बच्चों से घर के बड़े सदस्य किताबें मंगवाते थे। यह सिलसिला लंबे समय तक चला।मुझे भी इस सचल पुस्तकालय को देखने का मौका मिला। यह बहुत अनूठा था। हमारे इलाके में किताबें पढ़ने का चलन कम है। उस समय बच्चों के पास भी स्कूली किताबों के अलावा कोई और किताबें पढ़ने के लिए नहीं होती थीं। शायद अब भी नहीं होती।पुस्तकालय की गतिविधियों का एक और कार्यक्रम होता था व्याख्यान करवाना। इसके तहत शिक्षा, समाज, साहित्य और पर्यावरण से जुड़े देश के जाने-माने लोगों को आमंत्रित किया जाता था, और उनका



व्याख्यान करवाया जाता था। जिससे अलग-अलग मुद्दों पर लोगों को विशेषज्ञों के विचार जानने को मिलते थे। संगोष्ठियों में विचारों का आदान-प्रदान भी होता था।इसके बाद मुझे इंदौर में नईदुनिया समाचार पत्र से जुड़ने का मौका मिला, वहां की लायब्रेरी काफी समृद्ध थीं। रायपुर में देशबन्धु का संदर्भ पुस्तकालय भी बहुत अच्छा था। कई बार देश-विदेश की खबरों के लिए संदर्भ सामग्री देखने की जरूरत पड़ती थी, या किसी विशेष अवसर की फोटो चाहिए होती थी, देशबन्धु के संदर्भ पुस्तकालय में सहज ही उपलब्ध हो जाती थी। बाद में मुझे कई और पुस्तकालय देखने का मौका मिला।मेरे एक मित्र हैं, अरविंद गुप्ता जी, जो पुणे रहते हैं। टॉयमेकर के नाम से प्रसिद्ध हैं, उन्होंने विज्ञान व गणित को सिखाने के लिए अनूठा तरीका अपनाया है। वे बेकार व मामूली चीजों से खिलौने व मॉडल बनाकर बच्चों को उसके पीछे के सिद्धांतों को समझाते हैं। इसके अलावा, उनका एक महत्वपूर्ण काम है, देश-दुनिया के बाल साहित्य का अनुवाद करना। उसे उनकी वेबसाइड पर देखा जा सकता है। उनकी वेबसाइड पर सैकड़ों किताबें उपलब्ध हैं, जिसे कोई भी डाउनलोड कर सकता है। अरविंद गुप्ता के यू ट्यूब पर कई वीडियो भी हैं, जिसमें उन्होंने कई किताबों का परिचय दिया है। वे कई बार इन किताबों के बारे में विस्तार से भी बताते हैं।उन्होंने मुझे 15 ऐसी कहानियों की किताबें भेजी हैं, जिनमें पुस्तकालय की पहल की गई है। ये देश-दुनिया की कहानियां हैं, जिनमें अलग-अलग तरीकों से जरूरतमंद बच्चों व बड़ों को किताबों को पहुंचाने का काम किया है। इसमें ऐसी भी कहानियां हैं, जिनमें लोग गधे व घोड़ों का इस्तेमाल दूरदराज के गांवों में ले जाने के लिए करते हैं। पहाड़ों के गांवों में किताबें ले जाने में इससे मदद मिलती है।इसी प्रकार की पहल मध्यप्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाली संस्था एकलव्य ने की है। उन्होंने पुस्तकालय भी संचालित किए हैं और बच्चों को लिए मोबाइल लाइब्रेरी भी चलाई हैं। सचल पुस्तकालय की एक पहल मध्यप्रदेश के हरदा शहर में चल रही है। कुछ साल पहले मुझे भी इस लाइब्रेरी को भी देखने का मौका मिला था।

यह पहल एक स्कूल शिक्षिका शोभा वाजपेयी ने शुरू की है, जिसे कुछ शिक्षकों व पुस्तकप्रेमी लोगों ने सहयोग दिया है। यह मुख्यतः गरीब बच्चों के लिए है। यहां लाइब्रेरी के लिए न कोई भवन है और न बड़ी-बड़ी कांच की आलमारियों में किताबें कैद हैं। खुले आसमान के नीचे, पेड़ की छांव में दरी बिछी होती हैं। किताबें होती हैं, रंगीन स्कैच पेन व पेंसिल होती हैं और खेलकूद का सामान और खिलौने भी।वर्ष 2013 में चहक की शुरूआत हुई। किताबें एकत्र करना शुरू किया। कुछ एकलव्य संस्था से, कुछ दोस्तों से, कुछ अपने घर से किताबें एकत्र कीं और कुछ किताबें खरीदी भी। किताबों की पहचान के लिए उन पर लगाने के लिए %चहक % की सील बनवाई गई, बच्चों के बैठने के लिए दरी खरीदी गई।शोभा वाजपेयी बताती हैं कि हम बहुत मामूली ढंग से पुस्तकालय चलाते हैं। कभी दरी पर बैठ कर तो कभी आसपास से कुर्सी मांग कर तो कभी खड़े खड़े बाइक से सहारा लेकर ही हम लोग किताबें बांटते हैं। खड़े रहने की स्थिति तब बनती जब उन घरों में कोई नहीं होता या कुछ खास कार्यक्रमों से गहमा-गहमी रहती है।वे आगे बताती हैं कि यहां सिर्फ स्कूल की तरह सब कुछ शब्दों से ही नहीं सिखाया जाता बल्कि चित्रकला, हाव-भाव के साथ कविता सुनाना, खेल-कूद करवाना और कहानी-कविता का नाट्य रूपांतरण आदि गतिविधियां भी होती हैं। यह लाइब्रेरी के साथ गतिविधि केन्द्र भी है।यह सही है कि बच्चों में किताबों को पढ़ने की रूचि उनकी स्कूली किताबें पढ़ने तक सीमित हो गई है। किताबें समय मांगती हैं। लेकिन किताबों की दुनिया अलग है। जब बच्चे यहां रंग-बिरंगे चित्रों वाली किताबें पढ़ते हैं। कहानी और कविता पढ़ते हैं, उनके हाव-भाव देखते ही बनते हैं। दिल उछल जाता है। वे कहानी और कविताओं के माध्यम से एक अलग दुनिया की सैर करते दीखते हैं।इस छोटे कस्बे में जहां बस्तियों में सार्वजनिक स्थान नहीं है, वहां मिलने-जुलने और विचारों के आदान-प्रदान का मंच है। यहां बैठकर विभिन्न विषयों पर बात करते हैं। देश-दुनिया व ज्ञान-विज्ञान की दुनिया से रू-ब-रू होते हैं। वे अपने सवालों के जवाब खोजते हैं।कुल मिलाकर, इस पूरी पहल से बच्चे एक-दूसरे से सीख रहे हैं, किताबों की दुनिया से परिचित हो रहे हैं, उनके अनुभव संसार फैल रहा है। नए-नए विचार व अनुभवों से हम जुड़ते हैं। रचनात्मकता बढ़ती है। नवाचार करते हैं। बच्चे सोचते हैं, चित्र बनाते हैं, कहानी लिखते हैं। कुछ जगह बाल अखबार बनाते हैं और आपस में एक-दूसरे से सीखते हैं। ऐसी पहल को बढ़ावा देने की जरूरत है।अगला सवाल है हम क्या कर सकते हैं? इसका एक जवाब तो यही हो सकता है कि हम बच्चों को किताबें उपहार में दें। उन्हें जब भी मौका मिले, पुस्तकालयों में जाने के लिए प्रोत्साहित करें, खुद भी ले जाएं। स्कूलों में पुस्तकालय होते हैं, पर उनका कई कारणों से इस्तेमाल नहीं होता है, वहां से किताबें लाने की आदत डालें।यह भी पाया गया है कि अगर पुस्तकालय में पुस्तकों के साथ एक गतिविधि केन्द्र भी हो तो वहां बच्चे अधिक आकर्षित होते हैं। उदाहरण के लिए बच्चे वहां पर कागज के छोटे-छोटे खिलौने बना सकते हैं या फिर कबाड़ से जुगाड़ यानी फेंकी हुई चीजों से कई मजेदार चीजें बना सकते हैं। इस तरह बच्चे किताबें तो पढ़ेंगे ही, साथ में कई हस्त कुशलताएं भी सीखेंगे और उनके चेहरे पर भी मुस्कान होगी। लेकिन क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं?

## खुश रहना है तो दौलत कमाने के लिए नहीं

# खुद के लिए निकालें ज्यादा समय



अगर आपको लगता है कि धन से अधिक खुशी मिलती है, तो आप सच्चाई से काफी दूर हैं। एक नए शोध से यह बात सामने आई है कि धन कमाने की बजाए अगर आप अपने समय की अहमियत को समझते हैं तो इससे आपको अधिक प्रसन्नता मिलती है।

कनाडा स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया में हुए इस शोध का नेतृत्व करने वाले एशले व्हीलान्स ने कहा, 'यह बात सामने आई है कि लोगों में अधिक धन कमाने के बजाए अपने समय के महत्व के प्रति स्थाई प्राथमिकता होती है और समय को प्राथमिकता देना बड़ी खुशी से जुड़ा हुआ है।' शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि युवा लोगों की तुलना में उम्रदराज लोग यह कहते हुए अधिक पाए जाते हैं कि उन्हें अपने समय का मूल्य पता है। व्हीलान्स ने कहा, 'बढ़ती उम्र के साथ लोग केवल धन कमाने के बजाए अपने समय को अधिक सार्थक रूप से बिताना पसंद करते हैं।'यह परिणाम 4,600 से भी अधिक प्रतिभागियों के साथ किए गए छह से भी अधिक अध्ययन पर आधारित है। कई अध्ययनों में असल जीवन के उदाहरणों का इस्तेमाल किया गया है, जिसमें प्रतिभागियों से कई तरह के सवाल पूछे गए।

इसमें प्रतिभागियों से एक सवाल में पूछा गया कि वह कम दूरी पर महंगे मकान लेना पसंद करेंगे या अधिक दूरी पर सस्ते मकान? यह सवाल भी प्रतिभागी से पूछा गया कि वह कौन से स्नातक कार्यक्रम को चुनेंगे-जो उन्हें अधिक वेतन के साथ अधिक घंटों तक काम करने वाली नौकरी की तरफ ले जाए या जिसमें कम वेतन के साथ कम घंटों तक काम करना पड़े? व्हीलान्स ने कहा, 'खुशी पाने के लिए अधिक धन की तुलना में स्वयं के साथ बिताने के लिए खाली समय अधिक मिलना अधिक महत्वपूर्ण होता है।' अगर लोग अपने जीवन में धन कमाने के बजाए समय पर अधिक ध्यान देना चाहते हैं, तो उन्हें अपने नजरिए में थोड़ा बदलाव करना होगा। इसके तहत वह दान कार्य कर सकते हैं या कम घंटे काम करके घर की सफाई में अपना योगदान दे सकते हैं। इस शोध के परिणामों को 'सोशल साइकोलॉजिकल एंड पर्सनालिटी साइंस' जरनल में ऑनलाइन प्रकाशित किया गया।

## जल्द मोबाइल में होगा पैनिक बटन, दबाते ही महिलाओं को मिलेगी पुलिस मदद

अब संकट के समय महिलाओं को पुलिस की मदद उनके मोबाइल फोन पर एक बटन दबाने से उपलब्ध होगी, क्योंकि केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी मोबाइल फोन कंपनियों को इसके लिए तैयार करने में सफल हो गई हैं कि अगले वर्ष मार्च तक हैंडसेट में एक 'पैनिक बटन' मुहैया कराया जाए जो आपात अलर्ट भेजेगा।

**मोबाइल फोन में मिलेगी सुविधा:** गांधी ने कहा कि इस संबंध में अनिवार्य नियमन जल्द ही दूरसंचार विभाग द्वारा जारी किए जाएंगे। योजना को मोबाइल फोन निर्माताओं की सहमति से अंतिम रूप दिया गया है। यह महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे के समाधान में मदद करेगा, क्योंकि नए एवं वर्तमान फोन दोनों में यह परिष्कृत सुविधा लगाई जा सकेगी।

**मेनका गांधी का बयान:** महिला एवं बाल विकास मंत्री गांधी ने कहा, हमें इस पहल को अंतिम रूप देने में एक वर्ष का समय लगा। हमने मोबाइल कंपनियों के साथ कई बैठकें कीं और वे अंततः मोबाइल फोन में 'पैनिक बटन' लगाने को तैयार हो गए हैं। उन्होंने समझाया, यदि कोई महिला महसूस करती है कि वह मुसीबत में है, उसे बस केवल यह करना है कि उस बटन को दबा देना है और यह तत्काल पुलिस को संदेश भेज देगा।

# कभी तेज व धीमी धड़कन महिलाओं के लिए ज्यादा खतरनाक

**डॉक्टरों ने एक अध्ययन में पाया है कि अगर किसी महिला के दिल की धड़कन सामान्य नहीं है तो उसे दिल की बीमारी होने का खतरा पुरु षों से ज्यादा है।** अध्ययन में देखा गया कि जिन महिलाओं को ''एट्रियल फाइबिर्लेशन' (एएफ) की बीमारी थी, उनमें पुरु षों की तुलना में दिल का दौरा पड़ने या दूसरे बीमारी की आशंका दोगुनी थी। यह भी पाया गया कि ''एट्रियल फाइबिर्लेशन' की दवा देने पर महिलाओं को ठीक होने में पुरु षों के मुकाबले ज्यादा समय लगा।''ऑर्क्सफड विविद्यालय' की कॉनर एमडिन और उनके सहयोगी डॉक्टरों की टीम ने इस पर काफी शोध किया है। कॉनर ने बताया, ''एक संभावना तो यह भी है कि ''एएफ' बीमारी से ग्रस्त महिलाएं उन पुरु षों की रिश्तेदार हैं, जिनका इलाज नहीं हुआ है।' ब्रिटेन में दस लाख से ज्यादा लोगों क ो ''एट्रियल फाइबिर्लेशन' का रोग है। इस रोग की जांच आप महज 30 सेकेंड में कर सकती हैं। कभी-कभी दिल की धड़कन थोड़ा कम या ज्यादा होना खास चिंता की बात नहीं है, ऐसा हो सकता है। पर यदि आपके दिल की धड़कन बार-बार अनियमित हो जाती है और वह भी बगैर किसी निश्चित पैटर्न के, तो चिंता की बात है। आपको डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। यह भी हो सकता है कि आप के दिल की धड़कन काफी तेज हो जाए, मसलन, एक मिनट में सौ से अधिक। ऐसा होने पर आपको चक्कर आ सकता है या दम फूल सकता है। ''एएफ' में होता यह है कि दिल का ऊपरी चैंबर यानी एट्रिया (अलिंद) अनियमत रूप से सिकुड़ता है। कभी-कभी तो वह इतनी तेजी से सिकुड़ता है कि दिल की मांसपेशियां उसके हिसाब से नहीं सिकुड़ पाती हैं और उनकी क्षमता कम हो जाती है। दवा लेने से ''एएफ' पर काबू पाया जा सकता है और दिल के दौरे से बचा जा सकता है। ''ब्रिटिश हार्ट फाउंडेशन' की जून डेवीसन का मानना है कि स्त्री और पुरु ष, दोनों मामलों में ही ''एएफ' का ठीक से पता नहीं चल पाता था। वे कहती हैं, ''यह महत्वपूर्ण है कि दिल के इलाज में लगे लोग ''एएफ' का पता लगाने, उसकी रोकथाम करने और उसके इलाज करने में स्त्री-पुरु ष के अंतर पर अध्ययन करें।'



## कमर दर्द से है परेशान, जानिये निजात पाने के आसान तरिके



क्या आपको कमर में दर्द है तो क्या आप जानते हैं इस पेनफुल और कमजोर बनाने इस स्थिति से कैसे निपटा जाय। कमर दर्द या आपके पैर में दर्द जो आपके पीठ की नसों के द्वारा आपको इरिटेट करता है। यह दर्द आपके पैर में अकड़ना और झुनझुनी पैदा कर सकता है। यह आपके बैठने, ड्राइव करने, टहलने, और काम पर जाने की क्षमता को कम कर सकता है। इस दर्द से निजात पाने के लिए हर किसी के लिए एक इलाज नहीं है लेकिन सेल्फ केयर ट्रीटमेंट से इसका इलाज संभव है।

**इससे निजात पाने के लिए इन टिप्स का उपयोग करें-**

*** बैठने के दौरान इस बात का ध्यान रखें कि आपके घुटने 90 डिग्री पर हों और कमर सीधी हो।**

*** बैठने के लिए आरामदायक कुर्सी का चयन करें।**

*** बैठने के दौरान अपनी मुद्राओं को बदलते रहें और बीच-बीच में जब थकान महसूस हो तो उठकर बॉडी को स्ट्रेच करें।**

*** पैर के ऊपर पैर रखकर बैठने से बचें। इससे कमर सीधी रखने में दिक्कत होती है और कमर दर्द होने लगता है।**

*** उठते वक्त अपने वजन को बैलेंस कर उठें।**

*** कम्प्युटर के सामने लंबे वक्त तक बैठने से बचें।**

*** हर एक घंटे में कम से कम पांच मिनट का ब्रेक लेकर टहलें।**

*** पेट के बल सोना चाहिए।**

*** केहुनी को फर्श पर सटा कर हाथ जमीन के बल रख कर सिर को ऊपर की ओर कर थोड़ी देर रखना चाहिये।**

## बढ़ते मोटापे से परेशान होने की आवश्यकता नही

# बस अपनाएं यह उपाय



मोटापा यानी वजन बढ़ने से सावधान रहने की जरूरत होती है। इस दौरान आप उचित खानपान के जरिए आप एक हफ्ते के अंदर वजन काबू में कर सकते है और फैट को बर्न कर सुडौल काया फिर से पा सकते है। आप एक हफ्ते के अंदर इन आसान उपायों से वजन को काबू में कर सकते है। इस दौरान आप खानपान का काफी ध्यान रखें। आप केक, कुकीज, मफिंस, ब्रेड आदि खाने से परहेज करे। यहीं नहीं आप इस दौरान बेक्ड चिप्स ,बेक्ड स्नैक आदि भी खाने से बचे। अगर आप कुछ मीठा खाना ही चाहते है तो सिर्फ ताजा फल खाए और मिठाई खाने से दूर रहें। वजन कम करने की कवायद करनेवालों को मछली, पॉल्टी फॉर्म प्रोडक्ट या कोई भी वैसा मीट नहीं खाना चाहिए जो तला हुआ हो। साथ ही फ्रेंच फ्राईज, पोटैटो चिप्स,ब्रेड पकौड़ा,समोसा, फ्राइड वेजिटेबल खाने से भी बचना चाहिए। फैट बर्न करने के लिहाज से एल्कोहल (शराब, बीयर और कॉकटेल), स्पोर्ट्स ड्रिंक, मीठी चाय ,फ्लेवर्ड कॉफी, सोडा, फ्लेवर्ड पानी ,विटामिन पानी आदि से आप तौबा कर लें तो बेहतर रहेगा। इसलिए आपको कोल्ड ड्रिंक्स से भी बचना चाहिए। इन सात दिनों तक आपको मेहनत करने के लिए कमर कस लेनी चाहिए। आपको टोटल वेट लॉस वर्कआउट प्रोग्राम पर जमकर काम करने की जरूरत है। इसलिए आपको सात दिनों तक रोजमर्रा की अपनी शारीरिक गतिविधियों को तेज करना होगा यानी बढ़ाना होगा। आपको मॉर्निंग वॉक और जॉगिंग पर भी ध्यान देना चाहिए। मॉर्निंग वॉक और जॉगिंग सेहतमंद रखने और मोटापा कम करने के रामबाण नुस्खों में शुमार होता है।

अगर आप कुछ मीठा खाना ही चाहते है तो सिर्फ ताजा फल खाए और मिठाई खाने से दूर रहें। वजन कम करने की कवायद करनेवालों को मछली, पॉल्टी फॉर्म प्रोडक्ट या कोई भी वैसा मीट नहीं खाना चाहिए जो तला हुआ हो। साथ ही फ्रेंच फ्राईज, पोटैटो चिप्स,ब्रेड पकौड़ा,समोसा, फ्राइड वेजिटेबल खाने से भी बचना चाहिए।

# आपकी रसोई में छिपा है लंबी उम्र और सुंदरता का राज



लंबा जीवन जीने का कोई भी शॉर्ट-कट नहीं होता है, इसके लिए स?वस?थ दिनचर्या के साथ पौष्टिक आहार का सेवन बहुत जरूरी है। यह सबकी चाहत होती है कि उसकी उम्र पर बुढ़ापा जल्दी हावी न हो साथ ही उसकी सुंदरता या फिर यौवन लंबे समय तक बरकरार रहे। बेहतर खानपान के जरिए ऑस्टियोपोरोसिस, पुराने ऑस्टियोआर्थराइटिस, जोड़ों में दर्द, कमजोर हड्डी में लाभ होता है। यह जरूरी है कि लंबी उम्र और सुंदरता के लिए ये सभी लंबे समय तक स्वस्थ बने रहे।

**1. बाल और ज्वाइंट्स:** एक रसायरण मेदीसुलफोनीलमीथेन (स्वस्न) कई तरह के फल, सब्जियों और अनाजों में पाया जाता है। यह सल्फर का ऑर्गेनिक कंपाउंड होता है। यह आपके शरीरके ज्वाइंट्स को सक्रिय रखता है। यह आपके बालों की सेहत के लिए भी फायदेमंद है।

**2. सोया फूड:** सोया फूड के सेवन से दोबारा ब्रेस्ट कैंसर होने का खतरा कम हो सकता है। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने सोयाबीन को गोल्डेनबीन की उपाधि दी, क्योंकि यह पौष्टिक तत्वों से परिपूर्ण है और स्वास्थ्य संबंधी लाभों के लिए उपयुक्त है। इसमें लगभग 40 प्रतिशत प्रोटीन होता है, जो कि दालों में सर्वाधिक है। सोयाबीन का सेवन आपके लिए आपकी दिल की बीमारियों की आशंका को कम करता है । यह आपकी सेहत के लिए बहुत गुणकारी होता है।

**3. पौधों का स्टेरॉल्स:** कद्दू यानी लौकी के बीज टी सेल्स (किलर सेल्स) को शरीर में बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते है। इसलिए स्वस्थ जीवन के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधों का स्टेरॉल्स लेना उपयोगी है। सुंदरता बढ़ाने और बुढ़ापे को लंबे समय तक दूर रखने के लिए यह रामबाण की तरह काम करता है।

**4. ऑलिव ऑयल:** ऑलिव ऑयल का प्रयोग शरीर के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है । यह बालों से डैंड्रफ समाप्त करता है। ऑलिव ऑयल का प्रयोग खाना और सलाद बनाने में किया जाता है। यह ना सिर्फ आपके सौंदर्य को लंबे समय तक बनाए रखता है बल्कि शरीर को स्वस्थ रखने में भी अहम भूमिका निभाता है।

**5. अंगूर:** फलों में अंगूर सर्वोत्तम माना जाता है। यह निर्बल-सबल, स्वस्थ-अस्वस्थ आदि सभी के लिए समान उपयोगी होता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट होता है। यह मस्तिष्क को लंबे समय तक उर्वर और स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाता है। साथ ही अंगूर का सेवन अल्जाइमर जैसी बीमारियों को भी दूर करने में अहम भूमिका निभाता है।

# घरेलू उपायों से करें कॉन्र्स का इलाज

कॉर्न्स को दूर करने के लिए घरेलू उपचार प्रभावी होते हैं। हालांकि कॉन्र्स के इलाज के लिए घरेलू उपचार में समय लगता है, लेकिन यह सर्जरी की तरह प्रभावी और कम खर्च में किए जा सकते हैं।



### कॉन्र्स के लिए घरेलू उपचार

कठोर त्वचा समय के साथ कॉर्न का रूप ले लेती है। कॉन्र्स मोटी त्वचा के धब्बे की तरह उभरता है और दबाव के माध्यम से बढ़ता है। कॉन्र्स अक्सर तेज दर्द का कारण बन सकता है। कॉन्र्स का जल्द से जल्द इलाज नहीं किए जाने पर इससे छुटकारा पाना थोड़ा कठिन हो सकता है। चिकित्सकीय रूप में कॉन्र्स केवल एक छोटी सी शल्य चिकित्सा द्वारा हटाया जा सकता है। साथ ही कॉन्र्स के इलाज के लिए ओवर-द-काउंटर क्रीम और औषधीय बैंड उपलब्ध हैं, लेकिन इनकी प्रकृति अधिकतर बनावटी होती हैं। इसलिए कॉन्र्स को दूर करने के लिए आप इन सिद्ध और प्रभावी घरेलू उपचार को अपना सकते हैं। हालांकि कॉन्र्स के इलाज के लिए घरेलू उपचार में समय लगता है, लेकिन यह सर्जरी की तरह प्रभावी और कम खर्च में किए जा सकते हैं।

### कैमोमाइल चाय

कैमोमाइल चाय में अपने पैरों को भिगोना सुखदायक होता है और यह अस्थायी रूप से त्वचा के पीएच को बदल कर पसीने से तर पैर को सूखने में मदद करता है। गुनगुने पानी में सेंधा नमक और कैमोमाइल चाय को मिलाकर उसमें पैर भिगोना,कॉन्र्स को नर्म करने की चिकित्सा के लिए फायदेमंद होता है। हालांकि चाय से पैर में दाग हो सकते हैं, लेकिन इसे आसानी से साबुन और पानी से हटाया जा सकता है।

### प्यूमिक स्टोन

सबसे पहले हार्ड त्वचा को नर्म करने के लिए अपने पैरों को गीला करें। फिर हल्के दबाव का उपयोग कर, गीले प्यूमिक स्टोन को कॉर्न के आगे पीछे रगड़ें। मृत त्वचा को धोने के लिए हर कुछ मिनट के लिए रुकें, और कॉन्र्स को थोड़ा नर्म होने तक दोहराएं।

### सफेद सिरका

सिरका सॉस सहित कई व्यंजन की तैयारी में प्रयोग किया जाती है। साथ ही यह पैर पर कॉन्र्स को दूर करने का एक शानदार और परखा हुआ उपाय है। सफेद सिरका आसानी से खरीदा जा सकता है। एक साफ औषधीय कॉटन बॉल लेकर उसे सफेद सिरका में डुबोकर इसे कॉर्न पर लगाएं। कॉन्र्स पर कॉटन को सुरक्षित रखने के लिए डक्ट टेप का उपयोग करें। तीन से चार घंटे तक इसे ऐसे ही छोड़ दें। निर्धारित समय के बाद डक्ट टेप और कॉटन निकाल लें।

### टी ट्री ऑयल

टी ट्री तेल में मौजूद एंटीफंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुण इसे कॉन्र्स के इलाज के लिए बेहतर बनाते है। एक साफ कॉटन बॉल लेकर, उसपर आवश्यक तेल की पांच बूंदों डालकर कॉन्र्स पर रगडें। फिर कॉन्र्स पर कॉटन को लगा रहने दें। रात भर लगा रहने के बाद सुबह इसे पानी से धो लें।

### पपीता

पैर से कॉन्र्स को दूर करने के लिए एक और बहुत ही आसान और कारगर उपाय है। पपीते में मौजूद कई एंजाइम कठिन और मृत त्वचा को दूर करने में मदद करते हैं। इसके अलावा, पपीता किसी भी दर्द या बेचैनी को कम करने और यहां तक कि कॉन्र्स को सूखने और तेजी से गिरने में मदद करता है। सर्वोत्तम परिणामों के लिए, कच्चे पपीता का उपयोग करें। कच्चे पपीते के रस में कॉटन को डूबोकर उसे कॉन्र्स पर लगाएं और इसपर पट्टी के साथ सुरक्षित करें। इसे रात भर के लिए छोड़ दें। अगली सुबह धीरे से त्वचा को प्यूमिक स्टोन से एक्सोफोलिएट करें।

### लहसुन

लहसुन प्रकृति से एंटीऑक्सीडेंट होने के कारण यह एंटी-बैक्टीरियल और फंगल संक्र मण से लड़ने में उपयोगी होती है। लहसुन के साथ कॉन्र्स के इलाज के लिए लहसुन की तीन कली को अच्छे से भूनकर कुचलकर पाउडर बना लें। फिर लहसुन के साथ लौंग पाउडर को मिलाकर इसे कॉन्र्स पर लगाएं। इसे पट्टी से कवर करके पूरी रात के लिए छोड़ दें। अगली सुबह पट्टी को खोलकर गुनगुने पानी से पैरों को धो लें। इस उपाय कॉन्र्स के गायब होने तक करें।

### तारपीन का तेल

तारपीन का तेल एक मजबूत एंटीसेप्टिक है, जो कॉन्र्स के इलाज में मदद करता है। तेल त्वचा में जल्दी प्रवेश कर जाता है जिससे उपचार तेजी से किया जा सकता है। एक पतले कपड़े में बर्फ लपेटकर प्रभावित क्षेत्र में दो मिनट के लिए मसाज करें। कॉन्र्स वाले हिस्से को अच्छे सुखाकर उसपर थोड़ा सा तारपीन का तेल लगाएं। फिर इस पर पट्टी बॉधकर रात भर के लिए छोड़ दें। रात को सोने से पहले इस उपाय को नियमित रूप से करें।

### नींबू का रस

यह इलाज धीमी गति से काम करता है, लेकिन कॉन्र्स के लिए किसी भी अन्य घरेलू उपचार की तरह प्रभावी है। ताजा नींबू का एक चम्मच रस लेकर उसमें लौंग के दो टुकड़े मिलाएं। 15 मिनट के लिए नींबू के रस में लौंग को छोड़ दें। फिर लौंग को हटाकर, नींबू के रस को कॉन्र्स पर अच्छी तरह से रगड़ें। कुछ देर सुखने के बाद पानी से इसे साफ कर लें।

### हल्दी

कॉन्र्स को दूर करने के लिए हल्दी भी बहुत अच्छा उपाय है। एंटी-इन्फ्लेमेंटरी प्रकृति के कारण, हल्दी परेशानी और दर्द को कम करने और उपचार को गति प्रदान करती है। एक चम्मच शहद में थोड़ी सी हल्दी मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को कॉन्र्स पर लगाकर इसे सुखने के लिए छोड़ दें। कॉन्र्स के निकलने तक इस उपाय को कम से कम एक सप्ताह में दिन में दो या तीन बार दोहराये।



### मुलेठी

अदभुत चिकित्सा और औषधीय गुणों के कारण आयुर्वेद में कॉन्र्स के इलाज के लिए मुलेठी की सिफारिश की जाती है। कॉन्र्स के उपचार के लिए एक चम्मच मुलेठी में पर्याप्त मात्रा में सरसों का तेल मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को सोने से पहले प्रभावित क्षेत्र पर लगा लें। इसपर पट्टी बांधकर रात भर के लिए छोड़ दें। अगली सुबह पट्टी को हटाकर गुनगुने पानी से उस क्षेत्र को धो लें। ऐसा तब तक करें जब तक कॉन्र्स नर्म और आकार में कम न हो जाये।

## रेसिपी



### हेल्दी कर्ड राइस

**सामग्री**

- राइस -एक कटोरी
- दही एक कटोरी
- उड़द दाल-एक छोटा चम्मच
- चने की दाल-एक छोटा चम्मच
- मूंगफली -आधी छोटी कटोरी
- दो हरी मिर्च
- एक सूखी लाल मिर्च
- एक सफेद प्याज
- चुटकीभर अदरक
- करी पत्ते 5-6
- आधा छोटा चम्मच राई
- चुटकीभर मेथी दाना
- चुटकीभर हींग
- तेल जरूरत के अनुसार
- नमक स्वादानुसार

**विधि**

सबसे पहले चावल को पानी में डालकर पका लें। इसके एक पैन में तेल डालें और राई, मेथी दाना, उड़द दाल, चने की दाल और सूखी लाल मिर्च डालकर भून लें। इसके बाद सफेद प्याज, अदरक, हरी मिर्च और करी पत्ते डालकर भूनें। इसी तेल में मूंगफली भी डालकर भून लें और इनमें नमक मिलाकर अलग रख लें। इसके बाद हींग डालें और सभी को अच्छे से मिक्स कर लें। अब साधारण पके हुए चावल में दही मिलाएं और दही के बाद भुनी मूंगफली डालकर अच्छे से मिक्स करें। इसके बाद ऊपर से तैयार तड़का डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। तैयार हैं आपके कर्ड राइस ।



### काले चने की कढ़ी

**सामग्री**

- भिगोए और उबले हुए काले चने
- दही
- बेसन
- एक छोटा चम्मच हल्दी
- एक बड़ा चम्मच गरम मसाला
- दो तेजपत्ता
- दो सूखी लाल मिर्च
- चूटकीभर हींग
- आधा चम्मच मेथी दाना
- आधा छोटा चम्मच जीरा
- दो हरी मिर्च
- आधा कप प्याज
- आधा कप टमाटर
- एक बड़ा चम्मच अदरक-लहसुन का पेस्ट
- दो बड़ा चम्मच तेल
- नमक

**विधि**

सबसे पहले एक कड़ाही में तेल डालें और हींग तेजपत्ता, सूखी लाल मिर्च और मेथी दाना और जीरा डालकर भूनें। इसके बाद अदरक-लहसुन का पेस्ट और प्याज डालकर सुनहरा होने तक भूनें। अब गरम मसाला, हल्दी, और काले चने डालकर तब तक पकाएं जब तक की मसाला तेल न छोड़ने लगे। दूसरी ओर एक कटोरी में दही में बेसन डालकर अच्छी तरह घोल लें। मसाले के तेल छोड़ते ही दही वाला मिश्रण डालकर धीमी आंच पर पकाएं। धनिया पत्तियों ऊपर से डालकर सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा शुभ रहेगी। काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-2-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। पारिवारिक विवाद टालें। अच्छे समय का इन्तजार करें। शुभांक-1-5-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय व प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। शुभांक-3-4-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। कर्ज लेने से बचें। शुभांक-3-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-1-5-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-3-5-7


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। --कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरुनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-3-5

## काकुरो पहेली - 2588




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



### काकुरो - 2587 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

चोर किसी घर में चोरी करने गया हुआ था. घर का कीमती सामान इकट्ठा करके जैसे ही वह वापस लौटने को हुआ, अचानक एक मेज से टकराकर फर्श पर गिर पड़ा. उसके गिरने की आवाज सुनकर घर की मालकिन जाग गई. बहुत मोटी होने के बावजूद उसने भागकर चोर को पकड़ लिया और उसे नीचे गिरा उसके ऊपर बैठ गई. अपने बेटे को आवाज लगाते हुए उसने कहा, 'पप्पू, बेटा जल्दी से पुलिस को बुला ला.'

पप्पू ने जवाब दिया, 'मम्मी, मेरी चप्पल नहीं मिल रही है.'

'भाई साहब, चप्पल मेरी ले जाओ, लेकिन प्लीज जल्दी से पुलिस को बुला लाओ. मेरा दम घुट रहा है.' मालकिन के नीचे दबे चोर की आवाज बहुत कठिनाई से निकल पाई.

☺ ☺ ☺

सेठ जी - तुम सफाई करते हुए अपने काम से काम रखा करो. आज फिर तुम मेरी अलमारी को घूर रहे थे.


नौकर - मैं अपने काम से काम रखाता हूं. आपने ही कहा था कि जहां भी सफाई करनी हो, वहां नजर रखा करो.

☺ ☺ ☺

पिता (अध्यापक से) - मेरा लड़का इतिहास में कैसा है? मैं इस विषय में बहुत कमजोर था.

अध्यापक - यही कि इतिहास अपने को दोहरा रहा है.

## फिल्म वर्ग पहेली- 2588



**बायें से दायें:-**

१. 'ये जीवन है इस जीवन का यही है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
४. राकेश रोशन, शत्रुघ्न सिन्हा, रीनाराय, रंजीता की फिल्म-४
६. फिल्म 'साया' में जॉन अब्राहम के साथ नायिका कौन थी-२
७. 'ऐसा कोई जिंदगी में' गीत वाली फिल्म-२
८. राजकिरण, जावेद खान की फिल्म-३
१०. 'है ना बोलो' गीत वाली फिल्म-३
१२. सुनीलदत्त, निम्मी की फिल्म-३
१४. 'देख सकता हूँ मैं कुछ' गीत वाली फिल्म-४
१७. अश्मित पटेल, मीरा की फिल्म-३
१९. 'आई जो तेरी याद' गीत वाली फिल्म-२
२०. फिल्म 'तक्षक' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन थी-२
२१. शाहरुख, प्रियंका की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीतवाली फिल्म-२
२२. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, जैकी, शत्रुघ्न, रवीना, लारा की फिल्म-२
२३. धर्मेन्द्र, जीतेंद्र, हेमा की फिल्म-३
२५. 'मैं नये जमाने की' गीत वाली अजय देवगन, रवीना की फिल्म-२
२६. फिरोज, संजय, मुमताज की 'गोरी के हाथ में' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'झोंपडी में चारपाई' गीत वाली जीतेंद्र, श्रीदेवी की फिल्म-३
२९. राजकपूर (डबल रोल), नर्गिस की 'आ जाने बहार' गीतवाली फिल्म-२
३०. 'फूल मांगूं ना बहार मांगूं' गीत वाली फिल्म-२
३१. कमल हासन, सनी, डिम्पल की फिल्म-३
३२. फिल्म 'तपस्या' की नायिका ?-२
३३. अभिनेत्री 'मनीषा कोइराला' किस देश की रहने वाली है-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'नदिया किनारे आओ' गीत वाली संजय दत्त, आफताभ, नंदिता दास की फिल्म-२
२. अमिताभ, अमजद, नीतूसिंह की 'सारा जमाना हसीनों का' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दो दिवाने शहर में' गीत वाली अमोल पालेकर, जरीना वहाब की फिल्म-३
४. नसीरुद्दीनशाह, जैकी श्रॉफ, नगमा की 'मैं प्यासी नदिया' गीत वाली फिल्म-२
५. 'लिखे जो खत तुझे वो तेरी' गीत वाली शशिकपूर, आशा पारेख की फिल्म-४
७. मनोजकुमार, आशा पारेख की 'लो आ गई उन की याद' गीत वाली फिल्म-१,३
९. 'दो नैनों में आँसू भरे हैं' गीत वाली जीतेंद्र, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
११. जॉय मुखर्जी, माला, शर्मिलाकी 'वो हसीन दर्द देदो' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'इस से पहले कि याद तू आए' गीत वाली राजेश खन्ना, श्रीदेवी की फिल्म-४
१५. 'परिचय' में जीतेंद्र की नायिका ?-२
१६. करण दीवान, स्वर्णलता की 'जब तुम ही चले परदेस' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'तन मन धन सब है' गीत वाली संजीवकुमार, लीना की फिल्म-४
२२. गुरुदत्त, शकीला, श्यामा की 'बाबू जी धीरे चलना' गीत वाली फिल्म-२,२
२३. रेखा, दिलीपकुमार, ममता की फिल्म-२
२४. शाहरुख, विवेक मुशरान, जूही की 'अपुन की लाइफ' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'तेरे प्यार का' गीत वाली आफताब शिवदासनी, युक्ता मुखी की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 2587



## सूडोकु -2588

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | 1 | 4 | | | 2 |
| 1 | 2 | | 6 | | 3 | | 5 | |
| | | 5 | | 8 | 7 | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | 9 | | | 8 |
| 2 | 1 | | | 5 | | | 4 | 6 |
| 4 | | | 3 | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 8 | 4 | | 5 | | |
| | 6 | | 9 | | 5 | | 2 | 4 |
| 8 | | | 1 | 7 | | | 6 | 3 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -2587 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |

## शब्द पहेली -2588




**बाएँ से दाएँ**

1.राजा का पुत्र-5
4.मन को हरने वाला-4
7.काल,समय,पीरियड-2
8.खोदना-3
9.मोटा आटा-2
10.पशु,मवेशी-4
11.जलापूर्ति का साधन-2
13.पुत्र,बेटा-3
14.क्षार,खारा-2
15.दर,मूल्य-3
17.नौका-2
19.नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22.लालन-पालन-5
25.अच्छा,भला-2
26.पूर्ण करना-3
28.गोष्ठी,सम्मेलन-2
29.हुनरमंद-3
30.पिता का भाई -2
32.कुरुपता-4
34.इसाई साध्वी -2
36.टेंशन,परेशानी-3
37.खुजली -2
38.अशक्त,निर्बल-4
39.नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.झगड़ा, बैर,द्वेष-2
2.सद्पुरुष,अच्छे कुल का-3
3.सार-संभाल-2,3
4.विचार करना-3
5.प्रत्येक-2
6.परंपरा,धर्मविधी-4
7.आवास, गरीबखाना-5
10.संपत्ति-4
12.भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16.भालू-बंदर नचाने वाला-3
17.मां की मां-2
18.भय,खौफ-2
20.वेग,गति-3
21.मुंह,चेहरा-2
22.पैर,ओहदा-2
23.वर्धनशील,बढ़नेवाला-4
24.शकरगंजी,कंद-5
25.सभागार,सभाकक्ष-5
26.भयंकर,खतरनाक-4
27.मोड़-2
31.कायर,डरपोक-3
33.तीन घंटे का समय,प्रहर-3
35.भीगा हुआ-2
37.नौकरानी-2

### शब्द पहेली -2587 का हल



## गोबर से बनाए गए पेंट को मिले मान्यता, 50 हजार पशुओं पर हो एक मोबाइल उपचार यूनिट : मंत्री पटेल

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पशुपालन मंत्री लखन पटेल ने कहा कि गोबर से बनाए गए पेन्ट को मान्यता देकर उसके विपणन में सहयोग किया जाए, जिससे गौशालाएं आय अर्जित कर सकें। पशुओं के उपचार के लिए 50 हजार पशुओं पर एक मोबाइल यूनिट हो और पशु चिकित्सालय एवं ओषधालयों का सुद्रणीकरण किया जाए। इस माह से प्रारंभ होने वाली 21वीं पशु संगणना के लिए कर्मचारियों को टैबलेट भी प्रदाय किए जाए।मंत्री पटेल ने यह सुझाव उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित देश के पशुपालन एवं डेयरी मंत्रियों की बैठक में रखे। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने की। बैठक में मध्य प्रदेश पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम द्वारा संचालित सेंट्रल सीमन स्टेशन को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया। संस्था की ओर से ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रबंध संचालक डॉ. राजू रावत एवं प्रभारी डॉक्टर दीपाली देशपांडे ने प्राप्त किया।

## मुख्यमंत्री ने शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय में नवनिर्मित ब्लॉक का किया लोकार्पण

**इन्दौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय में 600.84 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित (त्न+2) ब्लॉक का लोकार्पण किया। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, सांसद शंकर लालवानी, विधायक गोलू शुक्ला, पद्मश्री जनक पलटा, प्राचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी दंत चिकित्सा महाविद्यालय डॉ. संध्या जैन, डॉ. विलास नेवासकर, डॉ. कुलदीप राणा, डॉ. मनीष वर्मा, डॉ. योजना आतरम, डॉ. दिव्य मेनन, महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। दंत चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में नवनिर्मित (G+2) ब्लॉक का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू.इंदौर के माध्यक से पूर्ण किया गया है। नवीन ब्लॉकों के निर्माण कार्य होने से महाविद्यालय में संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में भारतीय दंत परिषद नई दिल्ली द्वारा निरीक्षण उपरांत दर्शायी गई स्पेस की कमी की पूर्ति पूर्ण हो सकेगी। मध्यप्रदेश शासन द्वारा दंत चिकित्सा महाविद्यालय इंदौर में ओ.पी.जी. मशीन एवं 75 डेंटल चेयर यूनिट मध्य प्रदेश पब्लिक हैल्थ कारपोरेशन के माध्यम से स्थापित की जा रही है। उपरोक्त मशीनरी /उपकरणों की स्थापना का लाभ स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं बाह्य रोगी विभाग में आने वाले दंत रोगियों को होगा।

## सपा और कांग्रेस की सरकार में लूट का अड्डा बन गयी थी सहकारी समितियां : जेपीएस राठौर

**अयोध्या।** सहकार भारती के प्रदेश अधिवेशन का शुभारंभ प्रदेश के सहकारिता मंत्री जीपीएस राठौर, सहकार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनानाथ ठाकुर व राष्ट्रीय महामंत्री डा.उदय जोशी ने भारत माता व श्रद्धेय लक्ष्मणराव इनामदार के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर सहकार भारती यूपी के स्मारिका का विमोजन भी किया गया। सहकार भारती के प्रदेश अधिवेशन प्रदेश को संबोधित करते प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की सरकार के समय इन सहकारी संस्थाओं को लूट और भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया गया था। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारिता के आंदोलन को आगे बढ़ने का काम किया। साथ ही सहकारिता विभाग का अलग से गठन करते हुए अलग मंत्रालय बनाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सोच को स्पष्ट किया। आगे उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सहकारिता आंदोलन की मुख्य वजह यह थी कि हमारे किसानों को सूदखोरों और साहूकारों से मुक्ति दिलाने के लिए आंदोलन शुरू किया गया था और तमाम सहकारी समितियां की स्थापना की गई और इन सभी समितियां ने अपनी भूमिका का अच्छे से निर्वहन भी किया। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में जिस तरीके से सहकारिता आंदोलन लड़ाई लड़ रहा है मुझे लगता है कि आने वाले कुछ समय में इस क्षेत्र में यूपी देश के अग्रणी राज्य के रूप में होगा।

## भारत के विकास में पारसी समुदाय का बहुत बड़ा योगदान : किरेन रिजिजू

**मुंबई।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मुंबई में कहा कि भारत के विकास में पारसी समुदाय का बहुत बड़ा योगदान है। जियो पारसी योजना के माध्यम से इस समुदाय की सांस्कृतिक विरासत, शिक्षा, जनसंख्या वृद्धि और रोजगार के अवसरों पर जोर दिया जाएगा। किरेन रिजिजू केंद्र सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की ओर से यशवंतराव चव्हाण प्रतिष्ठान में आयोजित जियो पारसी कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे । किरेन रिजिजू ने कहा कि जियो पारसी कार्यशाला पारसी समुदाय की सामाजिक समस्याओं पर चर्चा और उनके समाधान के लिए उपयोगी होगी। इस कार्यशाला के माध्यम से केंद्र सरकार चिकित्सा सहायता, प्रजनन समस्याओं वाले जोड़ों की काउंसलिंग, सामुदायिक स्वास्थ्य आदि जैसे उपायों पर जोर दे रही है। कार्यशालाओं, शिविरों और प्रिंट के साथ-साथ सोशल मीडिया के माध्यम से जियो पारिश्रमिक योजना को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। राज्य के अल्पसंख्यक विकास मंत्री अब्दुल सत्तार ने कहा कि जियो पारसी योजना पारसी समुदाय के विकास के लिए केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है।


# भाजपा जम्मू-कश्मीर को आतंक मुक्त बनायेगी : नरेंद्र मोदी

एजेंसी

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जम्मू-कश्मीर को आतंक मुक्त बनायेगी और आगामी विधानसभा चुनाव यहां का भविष्य तय करेंगे।

श्री मोदी ने डोडा जिले में आज जनसभा को संबोधित करते हुए नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, अपनी दुकानें चलाने के लिए नेशनल कांफ्रेंस , पीडीपी और कांग्रेस ने पिछले सात दशकों से जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद और आतंकवाद को बढ़ावा दिया। विदेशी ताकतों के लिए आजादी के बाद जम्मू-कश्मीर एक आंख की किरकिरी बन गया, जिसके कारण साजिशें रची गयी।

उन्होंने कहा, परिवार के वंश ने शासन किया और जम्मू-कश्मीर को बर्बाद कर दिया। कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी जैसी पार्टियां कभी भी जम्मू-कश्मीर के लोगों को सशक्त नहीं बनाना चाहती थीं, लेकिन भाजपा ने चुनावों के जरिए



पंचायतों को मजबूत करके जमीनी स्तर पर लोकतंत्र सुनिश्चित किया।

प्रधानमंत्री ने कहा, अट्ठारह सितंबर से शुरू होने वाला आगामी विधानसभा चुनाव जम्मू-कश्मीर के युवाओं और तीन पार्टियों के बीच सीधा मुकाबला है। किश्तवाड़ से भाजपा उम्मीदवार शगुन परिहार ने अपने माता-पिता दोनों को खो दिया क्योंकि उन्हें आतंकवादियों ने मार डाला था। हमने उन्हें चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिया और वह आतंकवाद के खिलाफ हमारा हथियार हैं। उन्होंने दोहराया कि भाजपा जम्मू-कश्मीर को आतंक मुक्त बनायेगी तथा भाजपा ही इसे राज्य का दर्जा बहाल करेगी।

# जेपी नड्डा ने कार्यकर्ताओं से महाराष्ट्र में फिर से एनडीए सरकार लाने का किया आह्वान

एजेंसी

**मुंबई।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से महाराष्ट्र में फिर से एनडीए की सरकार लाने का आह्वान किया है। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा को बड़े भाई के रूप में सहयोगी दलों को संभालने की भी सलाह दी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मुंबई के लालबाग जाकर भगवान गणेश का दर्शन किया। नड्डा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार के साथ बांद्रा स्थित सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल भी गए और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की। नड्डा ने फडणवीस के सरकारी आवास पर राज्य के पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विधानसभा चुनाव की समीक्षा भी की। उन्होंने प्रदेश के भाजपा नेताओं से कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की राकांपा के साथ मिलकर लड़ना है। साथ ही अगर इनमें कोई कहीं कमजोर पड़ रहा है तो



प्रदेश नेताओं को उनकी मदद करनी चाहिए, जिससे चुनाव में एनडीए के अधिक से अधिक प्रत्याशी जीत सकें। इस बैठक में उप मुख्यमंत्री फडणवीस, प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले, रावसाहेब दानवे, भाजपा के महाराष्ट्र प्रभारी भूपेन्द्र यादव, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश, केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल और पंकजा मुंडे समेत कई प्रमुख नेता मौजूद थे।

## गया पितृपक्ष मेला क्षेत्र को 17 सुपर जोन और 324 सेक्टर में बांटा गया, सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम

एजेंसी

**गया।** मोक्ष स्थली के रूप में चर्चित बिहार के गया में पितृपक्ष के दौरान देश -विदेश के लाखों लोग अपने पूर्वजों की आत्मा की मुक्ति के लिए पिंडदान करने आते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए इस साल पूरे मेला क्षेत्र को 17 सुपर ज़ोन, 43 जोन एव 324 सेक्टर में बांटा गया है। सभी सेक्टर में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, महिला दंडाधिकारी, महिला पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए हैं।गया के जिला अधिकारी त्यागराजन एसएम ने बताया कि इस वर्ष पितृपक्ष मेला 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर तक चलेगा। तीर्थयात्री गया जिले में आकर विष्णुपद, देवघाट सहित अन्य वेदी स्थलों में तर्पण करते हैं। पितृपक्ष मेला अवधि में तीर्थ यात्रियों को विधि व्यवस्था, यातायात व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। जिला अधिकारी ने कहा कि 17 सितंबर को गोदावरी तालाब में तर्पण किया जाएगा, इसके पश्चात उक्त तिथि से लेकर दो अक्टूबर तक विभिन्न सरोवरों एवं पिंडवेदियों में तर्पण अनुष्ठान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी सरोवरों एवं देवघाट में एसडीआरएफ, गोताखोर एवं लाइव जैकेट की उपलब्धता रखी गई है, साथ ही नाव की भी पूरी व्यवस्था की गई है। सरोवरों में बैरिकेडिंग के साथ-साथ साइन बोर्ड भी लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि विष्णु पद मंदिर के इर्द-गिर्द देव घाट के जाने वाले रास्ते काफी संकीर्ण हैं। इन्हें चोक प्वाइंट के रूप में चिन्हित किया गया है। भीड़ नियंत्रण के लिए अधिकारियों की टीम गठित की गई है। उन्होंने कहा कि श्मशान घाट से लेकर गया जी डैम तक एक समय में एक साथ 40 से 50 हजार तीर्थयात्री एक साथ बैठकर तर्पण कर सकते हैं। जिला अधिकारी ने कहा कि सेफ्टी एवं सिक्योरिटी का पूरा ख्याल रखा गया है। जिलाधिकारी ने बताया किअधिकारियों के साथ बैठक की गई और उन्हें आवश?यक निर्देश दिया गया।

# सीबीआई ने आरजी कर के पूर्व प्राचार्य घोष, पुलिस अधिकारी मंडल को किया गिरफ्तार

एजेंसी

**कोलकाता।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रात आर जी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष को प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या के मामले में गिरफ्तार कर लिया। साथ ही सीबीाई ने ताला थाना के प्रभारी अभिजीत मंडल को भी प्राथमिकी (एफआईआर)दर्ज करने में कथित देरी और नौ अगस्त को अस्पताल में हत्या के दृश्य से सबूत गायब करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

सूत्रों ने बताया कि 14 अगस्त को कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर 31 वर्षीय रेजिडेंट डॉक्टर की हत्या के मामले की जांच कर रही सीबीआई ने अपराह्न में मंडल और दो अन्य को सीजीओ कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था। यहां घंटों पूछताछ के बाद, सीबीआई ने




एफआईआर दर्ज करने में कथित देरी और हत्या के दृश्य पर गायब लिंक या सबूतों के साथ कथित छेड़छाड़ के आरोप में ताला मंडल को गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि घोष को इससे पहले सीबीआई की अपराध-विरोधी शाखा ने 2021 से आर जी कर अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले में गिरफ्तार किया गया था। अब उन्हें इस हत्याकांड के मामले में गिरफ्तार किया है। घोष अब अदालत के आदेश के तहत 23 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में हैं। गिरफ्तार ताला थाना के प्रभारी मंडल एक अस्पताल में भर्ती था और सीबीआई के सम्मन से बच रहा था। हाल ही में अस्पताल से घर गया था और आज अपराह्न सीबीआई के सामने पेश हुआ था। इन दोनों की गिरफ्तारी के साथ, सरकारी अस्पताल में हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले में अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

सूत्रों ने बताया कि सीबीआई केंद्रीय बलों के साथ घोष और मंडल को आज रात एक अस्पताल में चिकित्सकीय परीक्षण के लिए ले जाएगी और उन्हें रविवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

# सुकमा में आठ नक्सली किए गए गिरफ्तार



एजेंसी

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षा बलों ने तलाश अभियान के दौरान एक लाख के इनामी समेत आठ नक्सलियों को गिरफ़्तार किया तथा उनके पास से विस्फोटक सामग्री भी बरामद की। पुलिस अधीक्षक किरण चौहान ने बताया कि जिला बल डीआरजी, बस्तर फ़ाइटर व केन्द्रीय सुरक्षा बल की संयुक्त टीम के सर्चिंग कार्रवाई के दौरान नक्सलियों को गिरफतार किया गया। सभी नक्सली जगरगुंडा क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं। गिरफ्तारी के बाद इलाके में गश्त तेज कर दी गई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों में से एक पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ली राइजिंग राजस्थान समिट की समीक्षा बैठक, राजस्थान बन रहा निवेशकों की पहली पसंद

एजेंसी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 9 से 11 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान समिट के लिए समस्त अधिकारीगण टीम भावना के साथ मिलकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि डोमेस्टिक एवं इंटरनेशनल इन्वेस्टर्स मीट के आयोजन से राजस्थान निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है।

शर्मा मुख्यमंत्री आवास पर राइजिंग राजस्थान समिट की तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने उद्योग एवं वाणिज्य विभाग को निर्देश दिए कि इस समिट के सफल आयोजन के लिए तय समय में सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। उन्होंने दिल्ली में आयोजित होने वाले आगामी डोमेस्टिक इन्वेस्टर्स मीट के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों के लिए दिशा-निर्देश दिए।

**विभाग स्तर पर होगा प्री-समिट का आयोजन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने के लिए विभागीय स्तर पर प्री-समिट का आयोजन कार्ययोजना के साथ किया जाए। उन्होंने पर्यटन, नगरीय विकास एवं आवासन, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, उद्योग एवं वाणिज्य व रीको, कृषि एवं पशुपालन, शिक्षा, खान एवं पेट्रोलियम, ऊर्जा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारियों को प्री-समिट के जरिये संबंधित क्षेत्र के निवेशकों के साथ बैठक आयोजित कर निवेश आकर्षित करने के निर्देश दिए।

**जिला स्तर पर भी होंगे इन्वेस्टर्स मीट**

शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान की सफलता में जिला स्तर पर आयोजित होने वाले इन्वेस्टर्स मीट की अहम भूमिका होगी। इसके लिए जिला कलक्टर्स एवं संबंधित विभाग स्थानीय स्तर पर निवेश के इच्छुक उद्यमियों से संवाद स्थापित कर बैठक आयोजित करें, जिससे निवेश धरातल पर मूर्त रूप ले सके और रोजगार के नवीन अवसर सृजित हो सकें। मुख्यमंत्री ने बैठक में विभिन्न देशों एवं देश के विभिन्न राज्यों में जाकर निवेशकों के साथ बैठक करने वाले अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से निवेशकों को उपलब्ध कराई जाने वाली सभी सुविधाओं की जानकारी दौरा करने वाले अधिकारियों को होना बेहद जरूरी है। उन्होंने राजस्थान फाउन्डेशन के तहत प्रवासी राजस्थानियों को भी प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास रेया गुहा, प्रमुख शासन सचिव उद्योग एवं वाणिज्य अजिताभ शर्मा,सहित विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।

## आपदा कार्य में लापरवाही बरतने पर बसेड़ी नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी सस्पेंड

**धौलपुर।** जिले में भारी बारिश होने तथा पार्वती नहर में पानी की अत्यधिक आवक होने कारण नगर पालिका क्षेत्र बसेडी में बाढ़ के हालात की स्थिति उत्पन्न हो जाने पर अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बसेड़ी को नगरीय क्षेत्र में जलभराव होने पर तत्काल प्रभाव से अपनी टीमें तैनात किए जाकर अतिरिक्त जल निकासी की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। किंतु अधिशाषी अधिकारी द्वारा बाढ़ राहत कार्य में कोई कार्यवाही नहीं की गई। तहसीलदार बसेडी ने अवगत कराया गया कि योगेश कुमार अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बसेडी बिना किसी अवकाश स्वीकृति के मुख्यालय से अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने दूरभाष पर अवगत कराया गया कि वह भरतपुर में है।

# 'अखिलेश यादव का बयान आपत्तिजनक, माफी मांगें इंडी गठबंधन के नेता' : विश्व हिंदू परिषद

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन ने समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव के उस बयान को घोर निंदनीय और आपत्तिजनक बताया जिसमें उन्होंने संतों की तुलना माफिया से की थी।

विहिप के वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेंद्र जैन ने कहा कि संतों के अपमान पर 'अखिलेश यादव और राहुल गांधी समेत इंडी गठबंधन के सभी नेताओं को माफी मांगनी चाहिए÷। उन्होंने कहा ,'अखिलेश यादव का कहना है कि 'मठाधीश और माफिया में कोई अंतर नहीं होता', यह घोर निंदनीय और आपत्तिजनक है। अखिलेश यादव अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए हमेशा से हिंदू समाज, संतों-महात्माओं और हमारे मंदिरों का अपमान करते रहे हैं। उन्हें लगता है



कि वह जितना हिंदू समाज का अपमान करेंगे, उनका वोट बैंक उतना ही खुश होकर उनके नजदीक जाएगा। विहिप नेता ने आगे कहा कि यह ध्यान रखना चाहिए कि इनकी पार्टी की सरकार ने राम मंदिर आंदोलन को कुचलने के लिए हिंदुओं का भीषण नरसंहार किया था। इसके बाद भी इनके पिता मुलायम सिंह यादव ने कहा था कि मुस्लिम समाज को खुश करने के लिए अगर उन्हें और हिंदुओं की हत्या भी करनी पड़ती तो, उन्हें कोई दिक्कत नहीं होगी। आज उनके पुत्र अखिलेश यादव मुख्तार अंसारी और अतीक अहमद जैसे हत्यारों, माफियाओं और आतंकियों का संरक्षण करते हैं और संतों एवं मठाधीशों की उज्वल गौरवशाली परंपरा का अपमान करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि अखिलेश यादव को ध्यान रखना चाहिए कि जगतगुरु आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित मठों की उज्वल परंपरा और हमारे संत महात्माओं की गौरवशाली परंपरा के कारण ही 1,200 साल के निरंतर आक्रमणों के बावजूद आज भारत मजबूती के साथ खड़ा है। देश एक उज्वल भविष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। विहिप नेता ने अखिलेश यादव के साथ-साथ विपक्षी गठबंधन पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि सपा नेता का बयान तो निंदनीय है ही, लेकिन हैरानी की बात यह है कि राहुल गांधी समेत किसी भी इंडी गठबंधन के नेता ने उनके बयान की निंदा में एक शब्द भी नहीं कहा है। इससे साफ लगता है कि अखिलेश यादव का यह बयान गठबंधन के नेताओं द्वारा चलाए जा रहे सनातन हिंदू समाज का निरंतर अपमान करने के षड्यंत्र और अभियान का एक हिस्सा है। उन्होंने आगे कहा कि देश का हिंदू समाज इस षड्यंत्र को स्वीकार नहीं करेगा।

# यूपी में कानून व्यवस्था में सुधार, सीएम योगी को धार्मिक बयानबाजी से बचना चाहिए : मौलाना शहाबुद्दीन

एजेंसी

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जिस ज्ञानवापी को आज कुछ लोग मस्जिद कहते हैं, वह ज्ञानवापी ही विश्वनाथ जी है। इस बयान को लेकर देश में सियासत गरमा गई है। मुस्लिम समुदाय के नेता इस बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने भी इस पर प्रतिक्रिया जताई।

उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी ऐतिहासिक मस्जिद है। यह कई सौ साल पुरानी है। इस पर चल रहा विवाद न्यायालय में लंबित है। जिला न्यायालय से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक इसके मामले चल रहे हैं। मुस्लिम और हिंदू पक्ष के वकील इस पर बहस कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि? ज्ञानवापी को मस्जिद कहना दुर्भाग्यपूर्ण है, यह विश्वनाथ मंदिर है, उनका यह बयान उनकी जुबान पर शोभा नहीं देता। क्योंकि वह एक जिम्मेदार कुर्सी पर बैठे हैं, वह हर व्यक्ति के मुख्यमंत्री हैं। ऐसा बयान कानून का भी उल्लंघन करता है।मौलाना ने मुख्यमंत्री की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने कानून व्यवस्था के मामले में बेहतर कदम उठाए हैं। ज्ञानवापी का मामला न्यायालय में विचाराधीन है, ऐसे में मुख्यमंत्री के इस बयान से कानून की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है, इसलिए मुख्यमंत्री को धार्मिक बयानबाजी से बचना चाहिए। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के चारों कोनों में आध्यात्मिक पीठों की स्थापना करने वाले आदि शंकर की काशी में की गई साधना के समय भगवान विश्वनाथ द्वारा ली गई परीक्षा के एक उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि दुर्भाग्य से आज जिस ज्ञानवापी को कुछ लोग मस्जिद कहते हैं, वह ज्ञानवापी साक्षात विश्वनाथ जी ही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्ञानवापी साक्षात विश्वनाथ स्वरूप ही है। भारतीय ऋषियों-संतों की परंपरा सदैव जोड़ने वाली रही है। इस संत-ऋषि परंपरा ने प्राचीन काल से ही समतामूलक और समरस समाज को महत्व दिया है। हमारे संत-ऋषि इस बात की ओर जोर देते हैं भौतिक अस्पृश्यता साधना के साथ राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए बाधक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पृश्यता को दूर करने पर ध्यान दिया गया होता, तो देश कभी गुलाम नहीं होता। संत परंपरा ने समाज में छुआछूत और अस्पृश्यता को कभी महत्व नहीं दिया। यही नाथपंथ की भी परंपरा है।

# कॉन्फ्रेंस में दिए निर्देशों का रिजल्ट मैदानी स्तर पर दिखना चाहिए : साय

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों से कहा है कि कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस में दिए गए निर्देशों का रिजल्ट कल से ही मैदानी स्तर पर दिखना शुरू हो जाए।

श्री साय ने कहा कि जिले स्तर की समस्याओं का निराकरण जिला स्तर पर ही किया जाए, इसके लिए सुविधा अनुसार जिले में नियमित जनदर्शन आयोजित किए जाएं। उन्होंने कलेक्टर और एसपी को सम्बोधित करते हुए कहा कि कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस में दिए गए निर्देशों का आज से ही त्वरित एवं प्रभावी परिपालन सुनिश्चित करते हुए अपनी कार्यप्रणाली को बेहतर करें, जिसका असर तत्काल जिलों में दिखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि स्थानीय एवं जिले स्तर पर निराकृत हो सकने वाले मामले स्थानीय एवं जिले स्तर पर ही निराकृत हो, यह सभी कलेक्टर प्रति सप्ताह जनदर्शन लेकर सुनिश्चित करें। यदि स्थानीय स्तर पर निराकृत होने वाले प्रकरण राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री जनदर्शन में आएंगे, तो वह संबंधित जिले में प्रशासनिक अमले की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिन्ह लगने की दृष्टि से देखा जाएगा । उन्होंने कहा कि राज्य स्तर की समस्याओं का समाधान प्रदेश स्तर पर किया जाएगा। रायपुर में अब 'मुख्यमंत्री जनदर्शन' माह में केवल एक बार आयोजित किया जाएगा, जिसमें महत्वपूर्ण और राज्य स्तरीय मामले ही आने चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आत्म समर्पित माओवादियों के पुनर्वास के लिए व्यापक नीति जल्द लायी जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार मोदी जी की गारंटी और सुशासन की गारंटी की सरकार है। अधिकारी स्वयं को जनता का सेवक मानते हुए पूरे समर्पण, मेहनत और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। शासन की नीतियों और योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी पारदर्शिता के साथ मिले। उन्होंने कहा कि आज सरकार को नौ माह पूरे हो रहे हैं। इस खास मौके पर आप सभी से चर्चा का यह अनुभव शानदार रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला और पुलिस प्रशासन सरकार की आंख और कान के समान है। जिला प्रशासन के कार्यो से शासन की इमेज बनती है। उन्होंने कहा कि पुलिस के हाथ लोहे के और दिल मोम का होना चाहिये। अपराधियों और असामाजिक तत्वों में पुलिस का भय हो तथा समाज के कमजोर वर्गो, महिलाओं, और बच्चों में सुरक्षा का भाव जगे। जिला और पुलिस प्रशासन के प्रमुखों में इन वर्गों के प्रति गार्जियनशिप की भावना होनी चाहिए। जिले में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक दोनों आपस में समन्वय स्थापित करते हुए संयुक्त रूप से दौरा करें। श्री साय ने कहा कि पुलिस विभाग की रीढ़ अनुशासन है। ऐसे में आवश्यक है कि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पुलिस के कर्मचारियों पर कठोर कार्यवाही की जाए।मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि महिलाओं से संबंधित गंभीर अपराधों में आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी हो और विशेष अभियोजक नियुक्त कर समयबध्द ट्रायल पूर्ण करवाकर दोष सिद्ध होने पर सजा दिलाना सुनिश्चित किया जाए। सैद्धांतिक रूप से इन प्रकरणों के आरोपियों को तीन माह की समय-सीमा में समस्त वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय द्वारा प्रकरण में सजा दिलाने के लिए कार्य योजना तैयार की जाए। अवैध शराब, सट्टा, मादक पदार्थ, जुआ के विरूद्ध जीरो टालरेंस के साथ काम किया जाए। ऐसी शिकायतें मिलने पर इसके लिये पुलिस अधीक्षक जिम्मेदार माने जायेंगे। उन्होंने कहा कि सायबर क्राईम को रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाए। लोगों को जागरूक किया जाए। साथ ही यह भी आवश्यक है कि इन अपराधों पर नियंत्रण के लिये पुलिस सक्षम हो। राज्य सरकार द्वारा इसके लिए आवश्यक संसाधन और प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। श्री साय ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में मौतों को रोकने के लिए दुर्घटना जन्य स्थानों की पहचान की जाए। लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें।

# महिलाओं
## की इन बातों में दखलंदाजी पुरुषों को बिल्कुल नहीं पसंद

पुरुषों और महिलाओं का नेचर एक दुसरे से बिल्कुल डिफरेंट होता है। उनके सोचने, बात करने, उन्हें देखने से ही मिजाज का पता लग जाता है कि उनका मूड किस तरह का है। एक तरफ जहां उन्हें प्यार, सरप्राइज, फेवरेट डिश खिलाकर उनका दिल जीता जा सकता है वहीं दूसरी ओर उन पर बेवजह की रोक-टोक, शक, गुस्सा करके आप उनके गुस्से की वजह भी बन सकती हैं। आपकी ये बाते बेवजह कलेश का कारण बन सकती हैं इन सभी बातों के इलावा भी महिलाओं की कई एसी आदते होती हैं जो कि पुरूषों को बिल्कुल नहीं पसंद आतीं। एक्स से तुलना करना इस बात को हमेशा याद रखें कि आपके ब्वॉयफ्रेंड को आपके एक्स के बारे में जानने में कोई दिलचस्पी नहीं और न ही वो ये पसंद करेंगे कि आप हर चीज में उनकी तुलना अपने एक्स से करें। किसी दूसरे की तारीफ सुनना

महिलाएं अपने ब्वॉयफ्रेंड या पति से किसी दूसरी महिला के बारे में सुनना बिल्कुल भी पसंद नहीं करतीं जब तक वो उनकी कोई बहुत ही खास न हो।

**लापरवाही करना**

पुरुषों को महिलाओं की इस बात से सबसे ज्यादा उबन होती है। जब वो परेशान होती हैं, उनकी तबियत खराब होती है या कुछ कहने की कोशिश कर रही होती हैं लेकिन इस बारे में डायरेक्टली पूछने पर अक्सर वो 'नहीं, कुछ नहीं', ' मैं बिल्कुल ठीक हूं।' जैसे जवाब देकर टाल जाती हैं।

**शादी और बच्चे की प्लानिंग**

पुरुषों से एक ही सवाल बार-बार पूछना उनकी खीझ को बढ़ावा देता है। शादी और बच्चों के बारे में बातें करना उन्हें बिल्कुल भी पसंद नहीं होता। तो बेहतर होगा अगर आप किसी रिलेशनशिप में हैं तो इन टॉपिक्स को छेड़ने से पहले उनके मूड को भाप लें।

**स्पेस छीनने की कोशिश**

पुरुष रिलेशनशिप हो, शादी हो या बच्चों की जिम्मेदारी सबको एक साथ लेकर चलने के लिए उन्हें वक्त के साथ ही स्पेस चाहिए होता है जिसमें वो किसी की दखलंदाजी पसंद नहीं करते। इसलिए जब वो आराम से बैठे हो तो उन्हें परेशान न ही करना बेहतर होगा।

**फैमिली को लेकर कमेंट**

पुरुषों की गुड लिस्ट में शामिल होना है तो भूलकर भी उनकी मां, उनके भाई-बहन यहां तक कि उनके पेट्स को लेकर भी किसी तरह का कोई कमेंट न करें। उनके साथ जितना घुल-मिल कर रहने की कोशिश करेंगी उतना ही उन्हें अच्छा लगेगा।





# कामकाजी महिलाओं का 'सपोर्ट सिस्टम'

**लंच** टाइम में विभा को चुप-चुप-सा देखकर सभी ने उसकी उदासी का कारण पूछा। विभा के घर में उसकी नौकरी को लेकर तनातनी चलती रहती थी। सास नहीं चाहती थी कि विभा नौकरी करे, मगर विभा अपनी योग्यता और अनुभव को यूँ ही नहीं बेकार जाने नहीं देना चाहती थी। सभी महिलाओं ने उसकी समस्या को सुना, समझा और जरा-सी देर में विभा के पास सुझावों का ढेर मौजूद था।

साथी महिलाओं की सलाह पर अमल कर विभा ने अपनी गलतियों को भी दुरुस्त किया और आखिरकार सासू माँ को मना ही लिया। अंजू को खाना बनाना नहीं आता था, और शादी हुई ऐसे व्यक्ति से, जो खाने का भयंकर शौकीन... अंजू की तो जान पर बन आई। उसने अपनी समस्या अपने दफ्तर की सहेलियों को बताई और चुटकी बजाते ही उसके पास हाजिर थीं ढेरों रेसिपीज...। यही नहीं, उसकी सहेलियों ने उसे घर बुलाकर कई डिशेज बनाना भी सिखाया।

प्रकृति ने स्वभाववश ही नारी को स्नेह, करुणा, संवेदना, सहिष्णुता सामंजस्य आदि गुणों से सँवारा है और आज नारी केवल घर में ही नहीं, बाहरी दुनिया में भी इसी अजस्र प्रेम की धार बहाती नजर आती है। सीमा की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह बेटे को इंजीनियरिंग की कोचिंग करवाना चाहती थी, मगर रुपयों का इंतजाम नहीं हो पा रहा था। एक दिन परेशान हालत में उसके अपने दफ्तर में इसका उल्लेख किया और उसकी समस्या झट से सुलझ गई। उसकी सहेलियों ने उसके लिए रकम का इंतजाम कर दिया जिसे बाद में किस्तों में सीमा ने लौटा भी दिया।

तेजी से बदले आर्थिक समीकरणों ने नारी को दहलीज के बाहर कदम रखने को प्रेरित किया और घर के हर व्यवहार को चुस्त-दुरुस्त रखते हुए नारी ने बाहरी दुनिया के कार्य व्यवहार जमाने में भी उतनी ही दक्षता का परिचय दिया।

प्रकृति ने स्वभाववश ही नारी को स्नेह, करुणा, संवेदना, सहिष्णुता सामंजस्य आदि गुणों से सँवारा है और आज नारी केवल घर में ही नहीं, बाहरी दुनिया में भी इसी अजस्र प्रेम की धार बहाती नजर आती है। घर में कोई त्योहार हो तो विशेष पकवान केवल घर के लिए ही नहीं, दफ्तर के संगी-साथियों के लिए भी विशेष रूप से बनाए जाते हैं और उन्हें उसी स्नेह के साथ खिलाया भी जाता है।

दफ्तर में किसी एक की समस्या सारे समूह की समस्या बन जाती है और सारा समूह सिर जोड़कर उसे हल करने में जुट जाता है। कहा जाए तो पुरुषों की तुलना में नारी ने यहाँ भी अपनी गुणवत्ता सिद्ध की है। पुरुष स्वभावत: कम बोलने वाले और संकोची होते हैं। उस पर किसी को अपनी समस्याएँ बताना ? उनका अहं हमेशा आड़े आ जाता है और सालों का साथ भी दफ्तर के कर्मचारियों में वह लगाव पैदा नहीं कर पाता।

सीधे शब्दों में कहा जाए तो पुरुष अवसर का उपयोग नहीं कर पाते व समूह का फायदा भी नहीं ले पाते। बनिस्बत इसके नारी थोड़े-से ही समय में न केवल आपस में स्नेह बंधन बुन लेती है, वरन विविध दिमागों में तैरते विविध विचारों का फायदा भी उठा लेती है।

अक्सर यह सोचा जाता है कि जब ये महिलाएँ बातें करती हैं तो या तो वे घर-परिवार की बुराई करती हैं या फिर साड़ी-गहनों की बातें..., मगर यह बिलकुल गलत है...। एक मल्टीनेशनल कंपनी में कार्यरत पूनम बोली... यहाँ आकर मैंने कितनी ही नई बातें सीखीं। वे बातें आचार-व्यवहार से लेकर पढ़ाई तक हर तरह की है। मैंने तो अपनी बीएड की डिग्री अपनी सहेलियों की मदद से ही ली है।

# गर्भावस्था के दौरान खूब खाएं अखरोट, अनेको हैं फायदे

अखरोट ऊर्जा का बेहतर स्रोत है। साथ ही इसमें शरीर के लिए जरूरी पोषक तत्व, मिनरल्स, एंटीआक्सीडैंट्स, ओमेगा -3 फैटी एसिड और विटामिन्स प्रचुर मात्रा में मौजूद होते हैं जो मां और उसके अजन्मे बच्चे के लिए बहुत लाभकारी होता है।

गर्भवस्था के समय महिलाओं को अपने स्वास्थ का बहुत ध्यान रखना चाहिए, साथ ही अपने खान पान का भी। याद रहे जो आप खायेंगी वह सब आपके बच्चे तक पहुंचेगा। इसलिए अगर मां अच्छा और स्वास्थवर्धक भोजन खायेगी तो बच्चा भी अच्छे से बड़ा होगा।



गर्भवती महिलाओं के फैटी एसिड वाली चीज़ें जैसे कि अखरोट खाने से उनके होने वाले बच्चे को फूड एलर्जी का जोखिम कम होता है। इसे खाने से बच्चे की ग्रोथ के लिए आवश्यवक तत्व भी मिल जाते हैं।

आज हम आपको अखरोट की ऐसी ही कुछ खूबियां बताने जा रहें है:

उच्च रक्तचाप कम करता है

गर्भावस्था के दौरान अखरोट खाने से कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने से उच्च रक्तचाप को कम करने में मदद मिलती है। यह शरीर में बुरे फैट को कम कर अच्छे फैट की मात्रा बढ़ता है।

बच्चे के सही विकास के लिए अखरोट में मौजूद कॉपर भ्रूण के सामान्य विकास के लिए आवश्यक है। अखरोट में मौजूद फैटी एसिड ( अल्फा-लिनोलेनिक एसिड) बच्चे के दांतों और हड्डियों के विकास में मदद करता है।

मां की इम्युनिटी बढ़ाता है यह बहुत जरुरी है कि मां बनने वाली महिलाएं भी अपना ध्यान रखें। जिससे वो किसी भी इन्फेक्शन की शिकार ना हों, और इसके लिए उन्हें चाहिए कि उनकी इम्युनिटी मजबूत हो। अखरोट में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन ई, पॉलीफिनॉल, और कॉपर यह होने वाली मां की इम्युनिटी बढाती है।

ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाता है अखरोट गर्भावस्था के दौरान शरीर के आंतरिक सूजन को कम करने में मदद करता है साथ ही ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ता है। इससे बच्चे तक ज्यादा खून पहुचता है जिससे उसे मां के शरीर में ज्यादा ऑक्सीजन और पोषक तत्व पहुँचते हैं।

वजन को नियंत्रित करे अखरोट प्रोटीन और फाइबर प्रचुर मात्रा में होता है जिससे आप ज्यादा खाना नहीं खाती हैं। अखरोट खाने से आप जंक फ़ूड खाने से दूर रहती हैं जिससे आप मधुमेह से भी बची रहती हैं।

अच्छी नींद के लिए गर्भावस्था के दौरान अखरोट खाने से आपको अच्छी नींद आएगी। अखरोट खाने से गर्भवती महिलाओं में मेलाटोनिन नाम का हार्मोन बनता है जिससे उन्हें अच्छी नींद आती है।

# मेहनत पहचान है मेरी

मध्यम वर्ग की कामकाजी महिलाएं अपना सपोर्ट सिस्टम बनाने के लिए कितना कुछ खर्च कर देती हैं। बच्चे के रखरखाव के लिए फुल टाइम मेड रखना बहुत मंहगा है। बच्चे को क्रेच छोड़ना भी अच्छी खासी मशक्कत है। उसे लाना ले जाना तो भारी पड़ता ही है। इस सेवा का भुगतान करना भी कोई कम मंहगा नहीं। उस पर ट्यूशन का भी खर्च है। इसके साथ ही कपड़ों की धुलाई, ट्रांसपोर्ट और अन्य ढेर सारे खर्चे ऐसे हैं जिन्हें महिलाएं घर में रहने पर बचा सकती हैं। फिर अपनी मेंटीनेंस भी तो है। बाहर निकलने के लिए अच्छे कपड़े, फुटवियर और कॉस्मेटिक्स भी चाहिए। जितनी तनख्वाह है कमोबेश बाहर आने की लागत में ही खर्च हो जाती है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि वे अपनी भागदौड़ किसलिए बनाए हुए हैं ? ऐसी कोई संतुष्टि तो है जो उन्हें इतना कुछ करने का हौसला देती है। दुनियाभर की मुश्किलों का सामना करने का साहस देती है।



**बढ़ जाती है अहमियत**

एक सैटिसफैक्शन है कि सोसाइटी को कुछ दे रहे हैं। बारह महीने में अगर 120 बच्चों को भी अच्छी तरह से पढ़ा दूं तो लगता है कि कुछ प्राप्त किया है। बेहतर समाज के निर्माण में कोई भूमिका निभाई है। कहती हैं अध्यापिका सरिता दास। वह ग्यारह साल तक हाउसवाइफ रहीं, सभी कुछ ठीक था, लेकिन अपनी पहचान बनाने और समाज को अपनी सेवाएं देने के उद्देश्य से उन्होंने आखिर जॉब करने की ठान ली। वह मानती हैं कि जब घर में थीं तब भी उनका खर्चा अच्छा चलता था और बाहर निकलने पर अब उनके खर्चे बढ़ गए हैं, लेकिन अपनी जिंदगी में आए बदलावों से वह खुश हैं। वह कहती हैं, मैंने देर से नौकरी शुरू की। जब बच्चा चार साल का हो गया तब। जॉब करने के बाद मुझे ऐसा लगा जैसे मेरी अहमियत बढ़ गई है।

समाज में हाउसवाइफ को इतनी इज्जत नहीं मिलती जितनी मिलनी चाहिए। दूसरे, अब मेरे पास गॉसिप्स के लिए टाइम ही नहीं है। घर में किचकिच, पति से आरग्यूमेंट और इनलॉज के साथ बहस करने का तो अब समय ही नहीं होता। काम करने का सैटिसफैक्शन भी है और घर में शांति का सुकून भी।

**अपनी आइडेंटिटी के लिए**

सरिता दास के बेटे ने फोटोग्राफी को अपना प्रोफेशन चुना है। बेटे के कैमरे और अन्य सामानों पर उन्हें लाखों खर्च करना पड़ा। इस खर्च को वह मैनेज कर पाई, कहीं से लोन नहीं लेना पड़ा, इसकी खुशी है उन्हें। बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलवाना हर माता-पिता की ख्वाहिश होती है। आमतौर पर घर के लाइफस्टाइल में बदलाव लाने और बच्चों के लिए ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं जुटाना भी महिलाओं की जॉब का सबब बनता है। इसके लिए उन्हें कई तकलीफों का सामना करना पड़ता है, खर्चा भी बढ़ता है, लेकिन वे अपनी जॉब को रेगुलर रखती हैं। हां, जब उन्हें लगता है कि नन्हें बचे को उनकी ज्यादा जरूरत है तो वे ब्रेक लेने से भी परहेज नहीं करतीं। पुणे की एक कंपनी की रिक्रूटमेंट स्पेशलिस्ट ऋचा पटनायक कहती हैं, मुझे अपने छोटे बच्चे को क्रेच में छोड़ना पड़ता था। पास में कोई फैमिली मेंबर नहीं था उसकी देखभाल के लिए। बच्चे की मुश्किलें देखकर मुझे जॉब छोड़नी पड़ी, लेकिन घर पर मुझे अपनी जिंदगी अनार्थक लगने लगी। मुझे महसूस होने लगा कि ज्यादा अर्न करेंगे तभी तो ब%चे को अच्छी शिक्षा दिलवा सकेंगे। उन्हें अच्छे स्तर की परवरिश दे सकेंगे। जब दिल्ली से मम्मी मेरे पास रहने के लिए आ गई, तब फिर से मैंने नौकरी जॉएन कर ली। नो डाउट मुश्किलें बहुत हैं, लेकिन अपनी आइडेंटिटी भी तो है, जो दिल को खुशी देती है।



**आर्थिक आजादी है मुद्दा**

आर्थिक आजादी की चाहत भी महिलाओं को घर से बाहर निकलकर नौकरी के विकल्प ढूंढ़ने के लिए प्रेरित करती है। एक मार्केट रिसर्च फर्म के मुताबिक शहरी महिलाओं की आमदनी में वृद्धि हुई है। यह तकरीबन दोगुनी हो गई है। रिसर्च के मुताबिक इस बदलाव का सीधा असर महिलाओं की हैसियत और घर के रखरखाव पर पड़ता दिख रहा है। महिलाएं अब पहले के मुकाबले कहीं ज्यादा आत्मविश्वास से खरीददारी करती हैं। उनकी खरीददारी महज अपने लिए नहीं, परिवार की जरूरतें पूरी करने के लिए भी होती है। समझदारी से खर्च करने का यह गुण भी उनमें पुरुषों के मुकाबले कहीं ज्यादा है। सरिता कहती भी हैं, जॉब में आने के बाद इकोनॉमिक इंडिपेंडेंस तो आई ही है। पहले हर छोटी से छोटी चीज के लिए पति से पैसे मांगने पड़ते थे। छोटी-छोटी बात के लिए भी पूछना पड़ता था। अब खुद भी खरीद सकती हूं। कुछ ऐसा ही ऋचा भी कहती हैं, खर्चे बढ़े हैं तो माइनस-प्लस करेंगे, लेकिन जॉब करते हैं तो हाथ खुला रहता है। जब मन करे तब जो चाहो खरीद लो।

# प्रथम-तिलक के शतक से इंडिया 'ए' ने कसा शिकंजा

एजेंसी

**अनंतपुर।** प्रथम सिंह (122) और तिलक वर्मा (111 नाबाद) के बीच शतकीय भागीदारी की मदद से इंडिया 'ए' ने दलीप ट्राफी मुकाबले के तीसरे दिन तीन विकेट पर 380 रन पर पारी घोषित कर इंडिया 'डी' के खिलाफ अपना शिकंजा और कस लिया। दिन का खेल खत्म होने के समय इंडिया डी अपनी दूसरी पारी में एक विकेट खोकर 63 रन बना चुकी थी। रिकी भुई 44 रन और यश दुबे 15 रन बना कर क्रीज पर मौजूद थे। मैच के अंतिम दिन इंडिया ए को जीत के लिये नौ विकेट की दरकार होगी जबकि इंडिया डी जीत के लिये कठिन लक्ष्य 426 रन का पीछा करेगी। इंडिया ए ने अपनी पहली पारी में 290 रन बनाये थे जिसके जवाब में इंडिया डी पहली पारी में देवीदत्त पड्डिकल के 92 रनो के योगदान के बावजूद 183 रनों पर विकट गयी थी। आज के खेल का मुख्य आकर्षण प्रथम सिंह का शतक रहा जिन्होने 189 गेंदों की पारी के दौरान 12 चौके और शानदार छक्का जड़ा। वे सौरभ कुमार की गेंद पर कप्तान श्रेयस अय्यर के हाथों कैच आउट हुये । दूसरे छोर पर तिलक वर्मा का बल्ला आग उगलता रहा। उन्होने अपनी नाबाद पारी में नौ बार गेंद को सीमारेखा के पार पहुंचाया।

## शतरंज ओलंपियाडः पुरुषों ने दर्ज की तीसरी जीत, महिलाओं ने हरिका की हार के बाद भी जीता राउंड

**नई दिल्ली।** बुडापेस्ट में शतरंज ओलंपियाड में भारतीय पुरुषों और महिलाओं ने तीसरे दौर में जीत दर्ज की। तीसरे दौर में पुरुषों ने मेजबान हंगरी-बी को 3.5-0.5 से हराया, जबकि महिलाओं ने स्विट्जरलैंड को 3-1 से हराया। द्रोणावल्ली हरिका की हार टूर्नामेंट में किसी भारतीय खिलाड़ी की पहली हार थी। उन्हें शीर्ष बोर्ड पर एलेक्जेंड्रा कोस्टेनीयुक ने हराया, जिन्होंने अतीत में रूस का प्रतिनिधित्व किया था। अन्य सभी भारतीय महिलाओं ने जीत हासिल की, दूसरे बोर्ड पर आर. वैशाली ने ग़ज़ल हकीमीफर्ड को, तीसरे पर दिव्या देशमुख ने सोफिया ह्रीज़लोवा को और चौथे पर वंतिका अग्रवाल ने मारिया मानको को हराया। ओपन वर्ग में भारत का शत-प्रतिशत रिकॉर्ड मेजबान देश की दूसरी टीम ने तोड़ा। पहले कुछ दिनों में अपने सभी आठ गेम जीतने के बाद, दूसरे वरीय भारत को आधा अंक गंवाने के लिए मजबूर होना पड़ा, क्योंकि विदित गुजराती को गैबोर पप्प ने चौथे बोर्ड पर ड्रॉ पर रोक दिया था, जिसे 170 एलो अंक से नीचे रेटिंग दी गई है। लेकिन, डी. गुकेश, आर. प्रगनानंद और अर्जुन एरिगैसी की शानदार युवा तिकड़ी की जीत हुई, जिन्होंने क्रमशः एडम कोज़ाक, तमस बानुस्ज़ और पीटर प्रोहाज़्का पर जीत हासिल की।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता में इलाहाबाद पब्लिक स्कूल ने तीन वर्गों में दर्ज की जीत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद पब्लिक स्कूल चौफटका ने सीबीएसई कलस्टर फाइव बैडमिंटन प्रतियोगिता में अंडर-17 एवं अंडर-19 बालिका वर्ग तथा अंडर-14 बालक वर्ग में बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपने मुकाबले जीत लिए। 17 सितम्बर तक चलने वाले इस टूर्नामेन्ट में अयोध्या, कौशाम्बी, भदोही, बस्ती, मुगलसराय, वाराणसी, प्रयागराज, अम्बेडकर नगर, मऊ एवं बलिया समेत 27 जिलों के सीबीएसई बोर्ड के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में अंडर-17 बालक वर्ग में इन्टरनेशनल हिन्दू स्कूल वाराणसी ने डॉ. देवराज सिंह पब्लिक स्कून प्रयागराज को 2-0 से, रेडियेंट सेन्ट्रल चिल्ड्रेन अम्बेडकर नगर ने एस विद्यापीठ बलिया के 2-0 से, आर्मी पब्लिक स्कूल ओल्ड कैंट प्रयागराज ने तक्षशिला एकेडमी को 2-0 से, खेलगांव पब्लिक स्कूल प्रयागराज ने बेथनी पब्लिक स्कूल नैनी प्रमाणराज को 2-0 से, सनबीन इंग्लिश स्कूल भगवानपुर वाराणसी ने शाह फैज पब्लिक स्कूल गाजीपुर को 2-0 से, जगत तारन गोल्डेन जुबनी प्रयागराज ने सेंट जेवियर स्कूल आजमगढ़ को 2-0 से, ग्लिनहील स्कूल मंडुवाडीह वाराणसी ने डीपीएमएस भदोही को 2-0 से, एमजीएम केपीएस भीटी कौशाम्बी ने जीनियस पब्लिक स्कूल प्रयागराज को 2-1 से, सनबीम स्कूल जौनपुर ने एम बी0 कनिवेट स्कूल एण्ड कॉलेज कौशाम्बी के 2-0 से, सनबीम स्कूल सारनाथ वाराणसी ने 'द होरीजान बलिया को 2-0 से हराया। एमपीबीएम गंगागुरुकुलम प्रयागराज को हेरिटेज इन्टरनेशनल पब्लिक स्कूल कुशीनगर ने वाकओवर दिया। गुरुकुल मांटेसरी स्कूल के प्रयागराज को सेंट जोसेफ मेजा प्रयागराज ने वाकओवर दिया।

## अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर तसेन बोरा का निधन

**डिब्रूगढ़।** डिब्रूगढ़ के असम मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में प्रख्यात खेल संगठक, अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर तसेन बोरा का तड़के 3.36 बजे निधन हो गया। उच्च रक्तचाप संबंधी बीमारियों के कारण उन्हें सात सितंबर को असम मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बीती रात उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके चलते आज तड़के उनका निधन हो गया। तसेन बोरा के निधन पर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने शोक व्यक्त करते हुए उनके निधन को राज्य के खेल जगत के लिए एक अपूर्णीय क्षति बताया है। तसेन बोरा के पार्थिव शरीर को डिब्रूगढ़ के असम मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल से डिब्रूगढ़ के जालान नगर आउटडोर स्टेडियम लाया गया। वहां डिब्रूगढ़ जिला खेल संघ ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को नाहरकटिया खेल संघ के मैदान में लाया गया। नाहरकटिया खेल संघ मैदान में नाहरकटिया खेल संस्था समेत 36 दल एवं संगठनों ने खिलाड़ी को अपनी अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की।

# ईश्वरन का नाबाद शतक, इंडिया बी ने बनाये 309 रन

एजेंसी

**अनंतपुर।** कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (143 नाबाद) और नारायण जगदीशन (70) के बीच 129 रन की साझीदारी के बावजूद इंडिया बी को दलीप ट्राफी के दूसरे चरण के मुकाबले के तीसरे दिन इंडिया सी की पहली पारी के स्कोर को छूने के लिये 216 रन की दरकार है। इंडिया सी ने अपनी पहली पारी में 525 रन बनाये थे जिसके जवाब में इंडिया बी ने अपनी पहली पारी में सात विकेट पर 309 रन बना लिये थे। इंडिया बी पर अंकुश लगाने में अंशुल कंबोज की भूमिका अहम रही जिन्होने पांच विकेट झटक कर इंडिया बी को अच्छी शुरुआत के बावजूद बड़े स्कोर की ओर से रोक लिया।

पहले बल्लेबाज़ी करते हुए इंडिया सी ने इशान किशन की शतकीय और मानव सुथार, ऋतुराज गायकवाड़ और बाबा इंद्रजीत की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 525 रनों का विशालकाय स्कोर खड़ा किया था। दूसरे दिन इंडिया सी की पूरी टीम को समेटने के बाद इंडिया बी की शुरुआत भी बेहतरीन हुई थी और दूसरे दिन के खेल की समाप्ति के बाद इंडिया बी ने स्कोरबोर्ड पर बिना विकेट गंवाए 124 रन टांग दिए थे। तीसरे दिन इंडिया बी को सबसे



पहला झटका एन जगदीशन के रूप में लगा। कंबोज ने उन्हें 70 के निजी स्कोर पर चलता किया। जबकि इसके बाद उन्होंने सरफ़राज़ खान और मुशीर खान को अपना शिकार बनाया। दूसरे राउंड में टूर्नामेंट का हिस्सा बने रिंकू सिंह भी कुछ ख़ास नहीं कर पाए और छह के निजी स्कोर पर कंबोज का ही शिकार बन गए। वहीं नितीश कुमार रेड्डी की भी कंबोज ने बोल्ड कर दिया।

कंबोज के अलावा इंडिया सी की ओर से विजयकुमर वैशाख साबित और मयंक मार्कण्डे साबित हुए, जिन्होंने क्रमशः वॉशिंगटन सुंदर और साई किशोर को पवेलियन का रास्ता दिखाया।

हालांकि कप्तान ईश्वरन दूसरे छोर पर डटे रहे और उन्होंने एक छोर संभाले रखा। जिसका नतीजा यह हुआ कि कंबोज की बेहतरीन गेंदबाज़ी के बावजूद इंडिया सी के गेंदबाज़ इंडिया बी को ऑल आउट नहीं कर पाए। ईश्वरन 12 चौकों और एक छक्के की मदद से 143 रन पर नाबाद हैं।

# हरमन का करिश्मा, भारत के हाथों फिर पिटा पाकिस्तान

एजेंसी

**हुलुनबुइर।** कप्तान हरमनप्रीत के करिश्माई प्रदर्शन के दम पर भारत ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के लीग मुकाबले में चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान को 2-1 से हरा दिया। मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस में पाकिस्तान के अहमद नदीम ने मैच के सातवें मिनट में गोल दाग कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी मगर विरोधी टीम की यह खुशी लंबे समय तक नहीं टिकी जब भारत के हरमनप्रीत ने पांच मिनट बाद ही पेनल्टी कार्नर को गोल में तब्दील कर मैच को बराबरी पर खड़ा कर दिया। दूसरे क्वार्टर में भी भारत ने जवाबी हमला जारी रखा, नतीजन 19वें मिनट में अभिषेक के इंजेक्ट पर हरमनप्रीत ने गोल पोस्ट के सेंटर से गेंद को जाल में उलझा दिया और अंततः यही गोल भारत के पक्ष में निर्णायक साबित हुआ।

चैंपियंस ट्राफी में अब तक भारत की पड़ोसी मुल्क पर यह आठवीं जीत है जबकि दो बार बाजी पाकिस्तान के हाथ लगी है। दो मुकाबले ड्रा रहे हैं। मौजूदा टूर्नामेंट में भारत अपने सभी पांच मैच जीत कर




15 अंकों के साथ पहले स्थान पर है जबकि पाकिस्तान दूसरे स्थान पर रह कर सेमीफाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर चुका है। भारत ने अपने अभियान के शुरूआती मैच में मेजबान चीन को 3-0 से हराने के बाद दूसरे मैच में जापान को 5-1 से शिकस्त दी। इसके बाद भारत ने 2023 के उपविजेता मलेशिया को एकतरफा मुकाबले में 8-1 से हराया जबकि कोरिया के खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की।

## डायमंड लीग फाइनल में 1 सेंटीमीटर से चूके नीरज चोपड़ा, दूसरे स्थान पर रहे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ब्रसेल्स में डायमंड लीग के फाइनल में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में 87.86 मीटर के बेस्ट सेंटीमीटर से चूक गए। प्रतियोगिता के विजेता एंडरसन पीटर्स ने 87.87 मीटर थ्रो किया। दो बार के विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के पीटर्स ने



थ्रो के साथ भारत के स्टार भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा दूसरे स्थान पर रहे। वे इस प्रतियोगिता में लगातार दूसरी बार दूसरे स्थान पर रहे। इस बार वे खिताब हासिल करने में महज एक पहले ही प्रयास में सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका। जर्मनी के जूलियन वेबर 85.97 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। टोकियो ओलंपिक चैम्पियन चोपड़ा ने पिछले महीने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीता था।

# जूनियर हॉकी में हरियाणा,कर्नाटक, पंजाब ने जीते मैच

एजेंसी

**जालंधर।** 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष नेशनल चैंपियनशिप 2024 के छठे दिन हॉकी हरियाणा, हॉकी कर्नाटक और हॉकी पंजाब ने अपने-अपने मैचों में जीत हासिल की जबकि हॉकी आंध्र प्रदेश और दिल्ली हॉकी का मैच 5-5 से बराबरी पर छूटा।

हॉकी राजस्थान के खिलाफ पहले मैच में हॉकी हरियाणा बेहतर साबित हुई और उन्होंने अपने विरोधियों को 6-1 से हरा दिया। हॉकी हरियाणा के लिए रोहित राणा (2फीसदी), सुनील मान (11फीसदी), साहिल रूहल (17फीसदी) और अमी खासा (60फीसदी) ने एक-एक गोल किया, जबकि नवराज सिंह (फीसदी, 37फीसदी) ने दो गोल किए। दूसरी ओर, अनुराग सुथार (50फीसदी) ने हॉकी राजस्थान के लिए सांत्वना गोल किया।



आज दूसरे मैच में हॉकी कर्नाटक ने केरल हॉकी को 6-1 से हरा दिया. हॉकी कर्नाटक के लिए आर्यन उथप्पा माउंट (6फीसदी, 35फीसदी) और कैप्टन सुनील पीबी (8फीसदी, 45फीसदी) ने दो-दो गोल किए, जबकि विवेक रवि बागड़े (22फीसदी) और धनुष कावेरियप्पा मा (32फीसदी) ने एक-एक गोल किया। . जवाब में, अनुजिथ पी (47फीसदी) ने केरल हॉकी के लिए एकमात्र गोल किया। हॉकी आंध्र प्रदेश ने रोमांचक मुकाबले में दिल्ली हॉकी से 5-5 से ड्रा खेला। हॉकी आंध्र प्रदेश के लिए कप्तान बोनी प्रशांत (1फीसदी, 31फीसदी) और साई कुमार मेटा (38फीसदी, 40फीसदी) ने एक-एक गोल किया और पाटन असद मुसफिन खान (29फीसदी) ने भी एक गोल किया। दिल्ली हॉकी सभी विभागों में समान रूप से कुशल साबित हुई क्योंकि हर्ष शर्मा (5फीसदी, 58फीसदी) और कप्तान भानु (20फीसदी, 35फीसदी) ने दो-दो गोल किए और युवराज सिंह (43फीसदी) ने भी एक गोल किया। दिन के आखिरी मैच में हॉकी पंजाब ने हॉकी मिजोरम पर 7-1 से जीत दर्ज की. हॉकी पंजाब के लिए, कप्तान उज्वल सिंह (10फीसदी) ने स्कोरबोर्ड पर खाता खोला, उनके साथ हर्षदीप सिंह (12फीसदी), जपनीत सिंह (15फीसदी), ओम रजनेश सैनी (36फीसदी), लोवेनूर सिंह (40फीसदी), जरमन सिंह शामिल थे। (48फीसदी) और अभिषेक गोरखी (59फीसदी) ने भी एक-एक गोल किया। जवाब में हॉकी मिजोरम के लिए एकमात्र गोल आकाश यादव (48फीसदी) ने किया।

# इंडिया डी को सस्ते में समेटकर इंडिया ए को मिली बढ़त

एजेंसी

**अनंतपुर।** खलील अहमद और आकिब खान की बेहरीन गेंदबाजी के दम पर इंडिया ए ने दलीप ट्रॉफी के तीसरे मुकाबले में इंडिया डी की टीम को 183 के स्कोर पर समेट दिया और इसके साथ ही इंडिया ए को पहली पारी के आधार पर 107 रनों की बढ़त मिल गई है।

इंडिया ने कल के 288 के स्कोर में दो रन के इजाफे के साथ अपने दो विकेट गवां दिये। शम्स मुलानी (89) और आ?किब खान



(शून्य) को हर्षित राणा ने आउट कर इंडिया डी की पारी को 290 के स्कोर पर रोक दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया ए की शुरुआत अच्छी नहीं रही और एक समय में उसने छह रन पर अपने दो विकेट गवां दिये थे और उसने 96 के स्कोर तक अपने पांच विकेट खो दिये। अथर्व तायडे (चार),यश दुबे (14), कप्तान श्रेयस अय्यर (शून्य), संजू सैमसन (पांच) और रिंकू सिंह (23) रन पर आउट हुये। हर्षित राणा ने गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजी में अपने हाथ दिखाते हुए (31) रनों की पारी खेली। देवदत्त पड़िक्कल (92) एक मात्र ऐसे बल्लेबाज रहे जो कि टीम को सम्मानजनक स्कोर तक लेकर गये। इंडिया डी की टीम 52.1 ओवर में 183 के स्कोर पर सिमट गई।

इंडिया ए की ओर से खलील अहमद और आकिब खान ने तीन-तीन विकेट लिये। प्रसिद्ध कृष्णा, तनुष कोटियान और शम्स मुलानी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## एशियन चैंपियंस ट्रॉफी : भारत ने पाकिस्तान को 2-1 से हराया

एजेंसी

**हुलुनबुइर।** मौजूदा चैंपियन भारतीय पुरुष हॉकी टीम का एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में शानदार प्रदर्शन जारी है। भारतीय टीम ने यहां अपने आखिरी ग्रुप चरण मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-1 से हरा दिया। मैच में भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह (13वें, 19वें मिनट) ने दोनों गोल दागे जबकि पाकिस्तान की ओर से एक मात्र गोल नदीम अहमद (8वें मिनट) ने किया। भारत की यह इस टूर्नामेंट में लगातार पांचवीं जीत है। भारतीय टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। अब टीम सोमवार को सेमीफाइनल 2 खेलेगी। टूर्नामेंट का फाइनल 17 सितंबर को खेला जाएगा। मैच में पाकिस्तान ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहला गोल किया। आठवें मिनट में नदीम अहमद ने पाकिस्तान के लिए पहला गोल किया और 1-0 की बढ़त ले ली। हालांकि भारतीय टीम ने वापसी की और 13वें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने बराबरी का गोल किया। अंतिम मिनटों में काफी संघर्ष देखने को मिला लेकिन कोई भी टीम मौके नहीं बना सकी और पहला क्वार्टर 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। भारतीय टीम ने दूसरे क्वार्टर की शानदार शुरुआत की और 19वें मिनट में एक बार फिर कप्तान हरमनप्रीत ने गोल कर भारतीय टीम को 2-1 से आगे कर दिया। पहले हाफ तक भारतीय टीम 2-1 से आगे रही। तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने गोल करने की कोशिश की लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी।

# केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेगी पंजाब एफसी

एजेंसी

**कोच्चि।** पंजाब एफसी (पीएफसी) अपना 2024-25 इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सीजन में थिरुवोनम में केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ मैच से अपने अभियान की शुरूआत करेगी। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे खेला जायेगा। दोनों टीमें इस सीजन की शुरुआत में डूरंड कप के ग्रुप स्टेज में मिली थीं और कोलकाता में खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में 1-1 की बराबरी पर रहीं, जिसमें लुका मैजसेन और मोहम्मद आयमन ने गोल किए थे। केरला ब्लास्टर्स भी नए मुख्य कोच मिकेल स्टारे के नेतृत्व में होंगी और अपने उत्साही फैंस के सामने लीग सीजन की शानदार शुरुआत करने की उम्मीद करेंगी। अपने पहले आईएसएल मैच से पहले, पीएफसी के मुख्य कोच पानागियोटिस डिलमपेरिस ने कहा, 'हमारे पिछले साल के डेब्यू सीजन से कई चीजें बदल गई हैं। हमारे पास नया कोचिंग स्टाफ है, नए विदेशी और भारतीय खिलाड़ी हैं, और यही सबसे बड़ा अंतर है। इस सीजन में हम पिछले साल के प्रदर्शन से बेहतर करने की कोशिश करेंगे और प्लेऑफ़ के लिए क्वालीफाई करेंगे।

लुका मैजसेन एकमात्र विदेशी खिलाड़ी हैं जिन्हें पिछले सीजन से बरकरार रखा गया है, और उनके साथ इवान नोवोसलेक, मुशागा बाकेंगा, एज़ेक्विल विदाल, अस्मिर सुल्जिक और फिलिप मर्ज़ल्जाक जैसे नए विदेशी खिलाड़ी टीम में शामिल हुए हैं। भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी विनीत राय सबसे प्रमुख भारतीय साइनिंग हैं और मिडफ़ील्ड में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

डिलमपेरिस ने कहा, यह सीजन की शुरुआत है और कल का मैच डूरंड कप में केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले से बहुत अलग होगा। हमारे पास एक बहुत अच्छा और लंबा प्री-सीजन था और खिलाड़ियों ने अच्छी ट्रेनिंग की है। हमें सीजन की अच्छी शुरुआत करनी है और मुझे उम्मीद है कि कल का मैच शानदार होगा और हम तीन अंक लेकर लौटेंगे। पीएफसी के मिडफील्डर निखिल प्रभु ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हमने इस सीजन की शुरुआत डूरंड कप के साथ बहुत अच्छी की है। हम इस सीजन में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और हमारे पास इस सीजन के लिए एक अलग योजना है, जिसमें हम अधिक समय तक गेंद को अपने पास रखेंगे और मैच में बढ़त बनाएंगे। हमने इस खेलने के तरीके के अनुकूल होने के लिए अच्छी ट्रेनिंग की है और हम धीरे-धीरे अपने लक्ष्यों को हासिल करेंगे। केरला ब्लास्टर्स की कप्तानी उनके करिश्माई कप्तान एड्रियन लूना करेंगे, उनके साथ क्वाम पेपरा, नूह सादाउई और जीसस जिमेनेज होंगे, जो उन्हें एक आक्रामक टीम बनाते हैं। उन्हें युवा और प्रतिभाशाली मिडफ़ील्डर जैसे विभिन मोहनन, दानिश फारूक, फ्रेडी लल्लवमवमा और मोहम्मद अज़हर का समर्थन मिलेगा।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिये भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा

एजेंसी

**बेंगलुरु।** आगामी 11 नवंबर से बिहार के राजगीर में खेले जाने वाले महिला एशियाई चैंपियंस ट्राफी टूर्नामेंट के लिये भारतीय महिला टीम के संभावित 33 खिलाड़ियों के नामों की घोषणा कर दी गयी।

यह खिलाड़ी बेंगलुरु में 15 सितंबर से नौ अक्टूबर के बीच आयोजित राष्ट्रीय महिला कोचिंग शिविर में हिस्सा लेंगी। इस शिविर को महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम की तैयारियों की शुरुआत माना जा रहा है। एशियाई चैंपियंस ट्राफी 11 से 20 नवंबर के बीच बिहार के ऐतिहासिक शहर राजगीर में हॉकी इंडिया और बिहार सरकार की संयुक्त पहल वाले नवनिर्मित राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेली जायेगी।

भारतीय महिला हॉकी टीम ने आखिरी बार एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 सीज़न में भाग लिया था, जहां उन्हें अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन जैसी टीमों के खिलाफ लंदन और



एंटवर्प में कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। कप्तान सलीमा टेटे और उप-कप्तान नवनीत कौर के नेतृत्व में और मुख्य कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में टीम ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। शिविर के लिए चुनी गई टीम में गोलकीपर सविता, बिचू देवी खारीबाम, बंसारी सोलंकी और माधुरी किंडो शामिल हैं। चयनित रक्षकों में निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, रोपनी कुमारी, महिमा चौधरी, ज्योति छत्री और प्रीति शामिल हैं जबकि मिडफील्ड में टीम में सलीमा टेटे, मरीना लालरामनघाकी, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, ज्योति, एडुला ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, अक्षता अबासो ढेकाले और अजमीना कुजूर शामिल हैं। इसके अलावा, फॉरवर्ड लाइन में सुनेलिता टोप्पो, मुमताज खान, लालरेमसियामी, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, नवनीत कौर, दीपिका सोरेंग, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया और रुतुजा दादासो पिसल शामिल हैं। टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, आगामी राष्ट्रीय महिला कोचिंग शिविर महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हमारी तैयारियों में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह शिविर हमें अपनी रणनीतियों को परिष्कृत करने, उन विशिष्ट क्षेत्रों पर काम करने की अनुमति देगा जिनमें सुधार की आवश्यकता है, और एफआईएच प्रो लीग के दौरान हमने जो ताकत दिखाई थी, उसे आगे बढ़ाएंगे।

# एशियाई दौरे की तैयारियों के लिए एक बढ़िया अवसर खो दिया : स्टीड

एजेंसी

**ग्रेटर नोएडा।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि अफगानिस्तान के साथ टेस्ट मैच बिना कोई गेंद फेंके रद्द हो जाने से हमने एशियाई दौरे की तैयारियों के लिए एक बढ़िया अवसर खो दिया है और इससे खिलाड़ी तथा पूरा कोचिंग स्टाफ में निराशा है।

स्टीड ने कहा, 'हमें अभी श्रीलंका के ख़िलाफ़ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के दो मैच खेलने हैं, जिसकी तैयारियों के लिए यह अच्छा मैच हो सकता था। हमारे लिए सबसे निराशाजनक बात यह है कि हमने उस तैयारी का अवसर गवां दिया। यह भले ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का मैच नहीं था लेकिन हमारे खिलाड़ियों के हाथ से पांच दिन टेस्ट क्रिकेट खेलने का अवसर चला गया। अगर यह मैच होता तो हमें बेहतरीन क्रिकेट देखने को मिल सकता था।' उन्होंने कहा, 'यह अफगानिस्तान के साथ हमारा पहला टेस्ट मैच था और हम निश्चित रूप से उत्साहित थे। पिछले कुछ विश्व कपों के दौरान उन्होंने हमें अच्छी टक्कर दी है और हम उनके साथ टेस्ट मैच भी खेलना चाहते थे। उनके पास कुछ अच्छे तथा अनूठे गेंदबाज हैं उनका सामना करना हमारे लिए फायदेमंद साबित हो सकता था। ऐसी परिस्थितियों में खेलना आपको हमेशा कुछ ना कुछ नया सिखाता है। लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमें वह अवसर नहीं मिल



पाया।' उन्होंने कहा, 'पिछले एक सप्ताह में यहां पर 1200 मिमी से अधिक की बारिश हुई है। हालांकि टेस्ट के पहले दो दिन मौसम कुछ ठीक था, लेकिन शाम को उस दौरान भी आंधी-तूफान आ रहा था। इस वजह से मैदान अधिक गीला था और अंपायरों को लगा कि यहां मैच नहीं हो सकता है। यह खिलाड़ियों के हाथ में नहीं था और खिलाड़ी भी इससे काफी निराश थे। वे टेस्ट मैच खेलने आए थे और उन्हें टेस्ट मैच बहुत प्रिय भी है।' उन्होंने कहा, 'मैं भविष्य के दौरों और टूर्नामेंट्स पर कोई निर्णय नहीं लेता, लेकिन इस दौरे पर आने से पहले भी मैंने कहा था कि अफगानिस्तान, अब दुनिया के बड़े से बड़े देशों को हराने का माद्दा रखता है। वे एक क्रिकेट शक्ति के रूप में उभर रहे हैं और मैं उनके साथ कभी भी टेस्ट क्रिकेट खेलना पसंद करूंगा। हालांकि भविष्य दौरा कार्यक्रमों को तय करना मेरे हाथ में नहीं है और यह दोनों देशों के बोर्ड का आपसी मसला है।'



## शाहिद के भाई ईशान खट्टर ने की

# प्रियंका चोपड़ा

## की तारीफ, बोले- उन्होंने कई दरवाजे खोले

**शाहिद कपूर के भाई ईशान खट्टर ने फिल्म अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की खूब तारीफ की है. इशान हाल ही में हॉलीवुड वेब सीरीज़ द परफेक्ट कपल में नज़र आए. इस सीरीज़ में उन्होंने निकोल किडमैन, लीव श्रेबर, मेघन फेही और ईव हेवसन जैसे कलाकारों के साथ काम किया. हॉलीवुड में राह खोलने के लिए उन्होंने प्रियंका की सराहना की है.**

शाहिद कपूर के भाई इशान खट्टर ने बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली प्रियंका चोपड़ा की जमकर तारीफ की है. उन्होंने एक फैन के कमेंट के जवाब में कहा कि प्रियंका ने कई दरवाज़े खोले हैं और उन्होंने दूसरों के लिए राह बनाई है. इशान खट्टर हाल ही में नेटफ्लिक्स पर आई हॉलीवुड वेब सीरीज़ द परफेक्ट कपल में अहम रोल निभाते नज़र आए हैं.अपनी सीरीज़ को लेकर इशान खट्टर ने न्यूज़18 को दिए एक इंटरव्यू में बात की. इस दौरान एक फैन ने कमेंट में उन्हें देश के बेहतरीन कलाकारों में से एक बताया, जिसपर उन्होंने रिएक्ट किया. कमेंट में प्रियंका चोपड़ा का भी ज़िक्र था. कहा गया था, हॉलीवुड आपकी कद्र करेगा, बेस्ट ऑफ लक. आप प्रियंका चोपड़ा की तरह ऊंचाई छुएंगे. इस पर इशान ने प्रियंका की खुलकर तारीफ की.इशान खट्टर ने कहा, उन्होंने कई दरवाजे खोले हैं, उन्होंने राह बनाई है. इसके लिए उन्हें मुबारकबाद. कहने के लिए ये बहुत प्यारी चीज़ है. मैं अभी भी वहीं काम कर रहा हूं. मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे ये शानदार मौके मिले. जहां भी अच्छा काम मिलेगा, मैं वहां जाने के लिए बेताब रहता हूं. मैं ये करता रहूंगा. देखते हैं भविष्य में क्या छिपा है.इस दौरान उन्होंने सीरीज़ में अपने किरदार को लेकर कहा, मैं जानता हूं कि ये रोल थोड़ा अलगा है. आप मुझे पहली बार इस तरह के रोल में देख रहे हैं. मैं कुछ वक्त से दिखाई नहीं दे रहा था, मेरे प्रोजेक्ट्स के बीच में स्पेस रहता है. मैं थोड़ा और परिपक्व दिखने लगा हूं और ऐसा महसूस भी करने लगा हूं. मैं खुश हूं की सीरीज़ आ गई है और आने वाले वक्त में जो आएगा उसको लेकर एक्साइटेड भी हूं.



**द परफेक्ट कपल में दिखे ईशान**

द परफेक्ट कपल 5 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर आई है. इसके सीजन एक में 6 एपिसोड हैं. इस सीरीज़ में इशान, निकोल किडमैन, लीव श्रेबर, मेघन फेही और ईव हेवसन जैसे कलाकारों के साथ नज़र आए हैं. इसमें इशान के किरदार का नाम शूटर डिवाल है. उनका किरदार दूल्हे का बचपन का दोस्त और बेस्टमैन होता है. इस सीरीज़ का निर्देशन एलिन हिल्डरबैंड ने किया है. उन्होंने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा था कि इतने शानदार कलाकारों के साथ काम करने को मैंने बहुत एंजॉय किया. उन्होंने कहा था कि सभी कलाकार बेहद प्रोफेशनल, बहुत उदार और दयालु थे.

**प्रियंका ने हॉलीवुड में बनाया नाम**

प्रियंका चोपड़ा ने अपनी कड़ी मेहनत के दम पर हॉलीवुड इंडस्ट्री में नाम बनाया है. प्रियंका ने साल 2017 में आई द रॉक स्टारर फिल्म बे वॉच से हॉलीवुड डेब्यू किया था. इसमें वो निगेटिव किरदार में नज़र आई थीं. इससे पहले वो टीवी सीरीज़ क्वांटिको में अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुकी थीं. इस सीरीज़ से ही प्रियंका चोपड़ा को हॉलीवुड इंडस्ट्री में पहचान मिली थी. प्रियंका चोपड़ा ने लंबे वक्त तक डेट करने के बाद हॉलीवुड सिंगर निक जोनास से शादी की है. उन्होंने 2018 को निक को हमसफर बनाया. निक और प्रियंका अब एक प्यारी सी बेटी मालती के पैरेंट हैं.

## इब्राहिम को आमिर खान की बात माननी चाहिए...सैफ अली खान ने कपिल के शो पर क्यों कहा ऐसा?




कपिल शर्मा के शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के दूसरे सीजन को लेकर इंतजार खत्म हो चुका है. मेकर्स ने शो का ट्रेलर लॉन्च कर दिया है. शो का ट्रेलर 1.52 मिनट का है, इस पूरे ट्रेलर में गेस्ट की छोटी-छोटी वीडियो क्लिप मौजूद है, जो कि देखने में काफी मजेदार लग रही है. ये शो 21 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा. ट्रेलर में आलिया भट्ट, जूनियर एनटीआर, जान्हवी कपूर, रोहित शर्मा समेत कई सेलिब्रिटीज की झलक दिखाई गई है. ट्रेलर के आखिर में सैफ अली खान भी नजर आए हैं, जिनसे कपिल शर्मा ने उनके बेटे इब्राहिम अली खान को लेकर सवाल किया. सैफ अली खान का जवाब सुनकर कपिल शर्मा हंसने लगे.

शो के ट्रेलर में कई एपिसोड की झलक दिखी, जिसमें आलिया भट्ट अपनी फिल्म 'जिगरा', जान्हवी कपूर 'देवरा' की प्रमोशन करती दिखीं. बड़े सेलिब्रिटीज के साथ ही इंडियन क्रिकेटर ने इस शो की एक्साइटमेंट बढ़ा दी. ट्रेलर के आखिर में कपिल शर्मा ने सैफ अली खान से सवाल करते हुए कहा, कुछ दिन पहले शो पर आमिर खान आए थे, उन्होंने बताया कि उनके बच्चे, उनकी बात नहीं मानते. जल्द ही इब्राहिम भी फिल्मों में नजर आने वाले हैं तो क्या वो आपकी बात मानते हैं? इस सवाल का जवाब देते हुए सैफ ने कहा, इब्राहिम को आमिर खान की बात माननी चाहिए. उनके इस जवाब पर कपिल शर्मा जोर-जोर से हंसने लगे.

**खुशी कपूर के साथ कर रहे डेब्यू**

इब्राहिम की बात की जाए तो वो इस साल बतौर बॉलीवुड एक्टर डेब्यू करने जा रहे हैं. इस फिल्म का टाइटल 'नादानियां' है, जिसमें उनकी लीड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर की बहन खुशी कपूर होंगी. फिल्म करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही है. इब्राहिम ने 'रॉकी और रॉनी की प्रेम कहानी' में करण जौहर को असिस्ट किया था. बताया जा रहा है कि 'नादानियां' रोमांटिक कॉमेडी होगी. ये फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी. फिल्म को शौना गौतम डायरेक्ट कर रही हैं. खुशी कपूर की ये दूसरी फिल्म होने वाली है, खुशी ने अपनी शुरुआत सुहाना खान के साथ 'आर्चीज' से की थी, जो कि ओटीटी पर रिलीज हुई थी. जिसे कायोज ईरानी ने डायरेक्ट किया था.

## आदमी है, गाय नहीं...गोविंदा को लेकर उनकी पत्नी सुनीता आहूजा ने ऐसा क्यों कहा?



एक समय पर बॉलीवुड के 'हीरो नंबर 1' रहे गोविंदा ने साल 1986 में फिल्म 'इल्जाम' से बॉलीवुड डेब्यू किया था. फिल्मी सफर का आगाज करने के एक साल बाद ही यानी 1987 में उन्होंने सुनीता आहूजा से शादी कर ली थी. दोनों की शादी को 40 साल हो चुके हैं. गोविंदा की तरह उनकी पत्नी भी जब भी किसी इवेंट या फिर किसी टीवी शो में शामिल होती हैं तो अपने खुशमिजाज अंदाज से लोगों का दिल जीत लेती हैं.हाल ही में टाइमआउट विद अंकित पॉडकास्ट में सुनीता ने खुलासा किया कि एक समय गोविंदा की फैन फॉलोइंग का ये आलम था कि उनके घर के बाहर फीमेल फैन्स जमा रहती थीं. कई तो गोविंदा को इस कदर पसंद करती थीं कि उन्हें देखकर बेहोश हो जाती थीं. पॉडकास्ट में इसी को लेकर सुनीता से पूछा गया कि फीमेल फैन्स के बीच गोविंदा की इस कदर दीवानगी देखकर क्या उन्हें इनसिक्योरिटी होती थी.

**गोविंदा की पत्नी ने क्या जवाब दिया?**

इस पर सुनीता ने कहा, एक हीरो की पत्नी होने के नाते आपको दिल में इतना बड़ा पत्थर रखना पड़ेगा या तो आप शादी ना करो हीरो से. उन्होंने आगे कहा, मेरे को फर्क नहीं पड़ता. आपको अपने आप में कॉन्फिडेंट रहना है. अभी आदमी है वो, आप ऐसा नहीं बोल सकते कि गाय है कोई आदमी. होता होगा. ठीक है न, घूम फिरकर रात को घर ही आ जाता है न.

सुनीत से जब ये पूछा गया कि जब गोविंदा फिल्मों की शूटिंग के लिए विदेश जाते थे तो क्या वो भी उनके साथ ट्रैवल करती थीं. इस पर उन्होंने कहा, टीना (दोनों की बेटी) काफी छोटी थी और उसका स्कूल चालू हो गया था. इसलिए, मैं मुश्किल से ही जा पाती थी. क्या उन्हें कभी गोविंदा पर गर्व महसूस हुआ? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, मेरे पास उतनी समझ नहीं थी कि गर्व महसूस करूं. मैं सिर्फ 20-21 साल की थी. आप नहीं जानते उस समय जिंदगी किस तरह की होती थी. आज के बच्चे इन सब चीजों को समझते हैं, लेकिन हमलोग बहुत नादान थे.

**शादी को रखा था सीक्रेट**

जब गोविंदा और सुनीता ने शादी की थी तो दुनिया को बिल्कुल भी इसकी खबर नहीं हुई थी. दरअसल, दोनों ने दो साल तक अपनी शादी को सीक्रेट रखा था. टीना के अलावा दोनों का एक बेटा भी है, जिसका नाम यशवर्धन आहूजा है.बहरहाल, चलिए अब ये जानते हैं कि आखिर गोविंदा और सुनीता की पहली मुलाकात कैसे हुई थी. इस बारे में खुद गोविंदा ने ही साल 2023 में बॉलीवुड बबल को दिए इंटरव्यू में बताया था. उन्होंने कहा था, इतनी ज्यादा छोटी थी ये तो मैं डर रहा था कि आज की तारीख में इस उम्र में लोग प्यार करने लगेंगे तो उसे उत्पीपड़न कहेंगे. वो 15 साल की थी और मैं 21 का था. तो बहुत छोटे थे हमलोग.

## 'एनिमल' से मचाया हंगामा, अब कार्तिक संग नजर आएंगी

# तृप्ति डिमरी

## 2025 में रिलीज होगी फिल्म!



साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'एनिमल' से तृप्ति डिमरी इस कदर छाईं कि उनके खाते में कई फिल्में आ गईं. अभी उनके पास कई बड़े प्रोजेक्ट हैं, जिनमें वो आने वाले समय में नजर आने वाली हैं. एक पिक्चर डायरेक्टर अनुराग बसु की भी है, जिसमें कार्तिक आर्यन मेन हीरो हैं. लंबे समय से इस फिल्म की चर्चा हो रही है. वहीं अब जानकारी सामने आई है कि इस फिल्म का काम कब से शुरू होगा.कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी की इस फिल्म का नाम तो अभी भी फाइनल नहीं है, लेकिन ऐसा कहा जा रहा है कि ये एक म्यूजिकल लव स्टोरी फिल्म होने वाली है. पिंकविला की एक रिपोर्ट में बताया गया कि 24 सितंबर से एक छोटे से शेड्यूल के साथ इस फिल्म की शूटिंग शुरू होने वाली है.



**फिल्म में होंगे एवरग्रीन गाने**

रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से बताया गया कि कार्तिक आर्यन लव स्टोरीज फिल्मों के काफी बड़े फैन हैं और वो अनुराग बसु के साथ इस फिल्म के लिए काफी एक्साइटेड हैं. पिछले कुछ हफ्ते से स्क्रिप्ट रीडिंग का भी काम चल रहा है और इस फिल्म में लव बॉय बनने के लिए कार्तिक तैयार हैं.भूषण कुमार इस फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं और वो इस म्यूजिक लव स्टोरी फिल्म में ऐसे गाने रखना चाहते हैं, जो समय के टेस्ट के हिसाब से हो. सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया कि भूषण कुमार इस बात को समझते हैं कि एक लव स्टोरी में म्यूजिक कितना जरूरी है. इसलिए वो इस फिल्म में एवरग्रीन गाने रखना चाहते हैं. प्रीतम इस फिल्म के लिए म्यूजिक कंपोज करेंगे.

**पांच महीने चलेगी शूटिंग**

इस फिल्म की शूटिंग पांच महीने चलने वाली है. सितंबर से फरवरी तक भारत में अलग-अलग कई लोकेशंस पर इस फिल्म को फिल्माया जाएगा.